आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज

लखनऊ में गैस माफिया पर छापा: गोमती नगर में धधक रहा था...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 12 अप्रैल, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 179 www.janexpresslive.com/epaper



शशि थरूर बोले, ईरान-अमेरिका शांति... 12

# अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम पर महामंथन

**ईरान-अमेरिका सीजफायर वार्ता का पहला दौर खत्म: ईरान की मांग, लेबनान पर तुरंत हमले बंद हों**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का पहला राउंड 2 घंटे तक चला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग आज भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

### पाकिस्तान दौरे पर पहुंचेंगे सऊदी अरब के वित्त मंत्री

सऊदी अरब के वित्त मंत्री मोहम्मद अल-जादान पाकिस्तान दौरे पर जाएंगे। उनका यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान आर्थिक मुश्किलों का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी क्राउन प्रिंस का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब का साथ हमेशा पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को संभालने में मदद करता रहा है। यह दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि पाकिस्तान ने हाल ही में कहा है कि वह यूएई का 3 अरब डॉलर से ज्यादा का कर्ज लौटाएगा। इजराइन ने कहा है कि वो लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह के साथ युद्धविराम पर बातचीत नहीं करेगा। इससे पहले खबर आई थी कि अमेरिका में इजराइल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच बैठक होगी।

### दावा- नेतन्याहू ने कई बार अमेरिका से ईरान पर हमले की मांग की थी

अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने कहा कि इजराइली पीएम नेतन्याहू कई बार अमेरिका से ईरान पर हमला करने की मांग कर चुके हैं। हालांकि बराक ओबामा, जो बाइडेन और जॉर्ज बुश इस मांग का ठुकरा चुके थे। केरी के अनुसार, सिर्फ डोनाल्ड ट्रम्प ही ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने इस तरह की कार्रवाई के लिए सहमति दिखाई। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आज इस्लामाबाद में मुलाकात की। इस बात की जानकारी व्हाइट हाउस ने दी है। फिलिस्तीनी के उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका और ईरान के बीच हो रही बातचीत का स्वागत किया है।

### होर्मुज संकट के बीच अमेरिका जा रहे 60 खाली तेल टैंकर

होर्मुज स्ट्रेट में जारी रुकावट के बीच 60 से ज्यादा खाली बड़े तेल टैंकर अमेरिका के गल्फ कोस्ट की ओर जा रहे हैं। ये टैंकर दुनिया के अलग-अलग देशों के हैं। शिपिंग डेटा के मुताबिक, ये टैंकर वहां पहुंचकर अमेरिकी कच्चा तेल लोड करेंगे। हर एक टैंकर करीब 20 लाख बैरल तेल ले जा सकता है। गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था। इस हमले का आरोप अमेरिका और इजराइल पर लगाया गया था। अमेरिका ने कहा कि वे इस हमले की जांच कर रहे हैं।

### यूएस-ईरान बातचीत कई मुद्दों पर अटकी, भरोसे की कमी बड़ी चुनौती

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान की बातचीत अभी साफ दिशा में जाती नहीं दिख रही है। अल जजीरा के मुताबिक दोनों पक्ष अलग-अलग उम्मीदों के साथ आए हैं और बीच का रास्ता निकालने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे बड़ी दिक्कत दोनों के बीच भरोसे की कमी है। हालात तब और पेचीदा हो गए जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर बातचीत सफल नहीं हुई तो मामला सैन्य कार्रवाई तक जा सकता है। इस बातचीत में ईरान ने दो बड़ी शर्तें सामने रखी हैं। पहली, लेबनान में जारी लड़ाई को रोका जाए। दूसरी शर्त है ईरान के जमे हुए अरबों डॉलर के फंड को रिलीज करना, जो 1979 से अलग-अलग देशों में फंसा हुआ है। हालांकि अमेरिका क्लियर कर चुका है कि वो ईरान के फंड को रीलीज नहीं करेगा।

### ईरान बोला- अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने जर्मनी के समकक्ष योहान वाडेफुल से फोन पर कहा कि ईरान को अमेरिका पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। मेहर न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि ईरानी डेलिगेशन को होने वाली बातचीत पर भी यकीन नहीं है। अराघची ने कहा कि अमेरिका ने बार-बार अपने वादे तोड़े हैं और कूटनीति के साथ विश्वासघात किया है। यही वजह है कि ईरान उस पर भरोसा नहीं करता। उन्होंने कहा कि सरकार ईरानी जनता के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेगी।

### ईरान बोला- अमेरिका फर्स्ट अच्छा, इजराइल फर्स्ट ठीक नहीं

ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा है कि इस्लामाबाद में चल रही बातचीत का नतीजा अमेरिका की प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर अमेरिकी प्रतिनिधि 'अमेरिका फर्स्ट' हितों पर ध्यान देते हैं, तो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद समझौता संभव है। लेकिन अगर अमेरिका 'इजराइल फर्स्ट' एजेंडे की ओर जाता है, तो कोई समझौता नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में ईरान पहले से ज्यादा मजबूती से अपनी रक्षा जारी रखेगा। फिर इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और इसकी कीमत ज्यादा चुकानी पड़ेगी।

### ईरान की सख्त शर्ते

पाकिस्तान के इस्लामाबाद में जारी अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले ईरान ने मध्यस्थों के सामने चार सख्त और गैर-परक्राम्य शर्तें रख दी हैं।

- होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरा नियंत्रण... ईरान ने इस रणनीतिक जलमार्ग पर अपनी संप्रभुता की मांग की है।
- **युद्ध का पूरा मुआवजा...** हमले के लिए जिम्मेदार पक्ष से नुकसान की भरपाई की मांग।
- **जब्त संपत्तियों की बिना शर्त रिहाई...** विदेशी बैंकों में फंसी अरबों डॉलर की रकम लौटाने की मांग।
- **पूरे पश्चिम एशिया में स्थायी युद्धविराम...** लेबनान सहित पूरे क्षेत्र में शांति की शर्त।

### इस्राइल ने हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम वार्ता से किया इनकार

इस्राइल और लेबनान के बीच आने वाले दिनों में बातचीत पर सहमति बनी है। हालांकि इस्राइल ने हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम वार्ता से इनकार कर दिया है। दोनों देशों के बीच तनाव के बावजूद बातचीत की पहल को सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, लेकिन जमीनी हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं।

### 5 बड़े अपडेट्स

- **ईरानी डेलिगेशन पहुंचा-** मोहम्मद बाघेर गालिबाफ के नेतृत्व में ईरान का प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचा, जहां अमेरिका के साथ अहम बातचीत होनी है।
- **ट्रम्प की चेतावनी-** डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेताया कि पीस डील नहीं हुई तो अमेरिका फिर से हमला करेगा।
- **वेंस की सलाह-** वेंस ने इस्लामाबाद जाते हुए कहा कि उन्हें बातचीत से अच्छे नतीजों की उम्मीद है, लेकिन ईरान अमेरिका के साथ चालाकी न करे।
- **एक और शांतिवार्ता-** लेबनान और इजराइल के बीच 14 अप्रैल को अमेरिका में सीजफायर पर बातचीत शुरू होगी।
- **मृतकों का आंकड़ा बढ़ा-** इजराइल के हमलों में लेबनान में अब तक कुल 1,953 से ज्यादा लोग मारे गए और 6,303 घायल हुए हैं।

# भीषण हादसे में 10 की मौत

**बिहार में नेशनल हाइवे पर बस-पिकअप की टक्कर में 25 घायल**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कटिहार**

कटिहार से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे कोढ़ा इलाके को हिला कर रख दिया। हा-31 पर बसगड़ा चौक के पास दातपुर मुसहरी चौक के नजदीक बस और पिकअप वैन की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयानक था कि इसकी चपेट में आई दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### अब तक 10 लोगों की मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे में अब तक 10 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### नशे की हालत में था बस का चालक

बताया जा रहा है कि हरदा से पूर्णिया जा रही बस का चालक नशे की हालत में था और रास्ते में पहले भी एक-दो जगह टक्कर मार चुका था। जैसे ही बस दातपुर मुसहरी चौक के पास पहुंची, सामने से आ रही पिकअप वैन से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पास से गुजर रही दो बाइक भी इसकी चपेट में आ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण और पुलिस तुरंत राहत-बचाव कार्य में जुट गए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। इलाके में मातम पसरा हुआ है और हर तरफ चीख-पुकार सुनाई दे रही है।

### पुलिस ने क्या बताया?

मामले में कटिहार पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेड़ाबाड़ी के समीप एक बस एवं पिकअप वाहन के बीच भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई, जिसमें अब तक 10 व्यक्तियों की दुखद मृत्यु हुई है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। दुर्घटना में घायल लगभग 25 व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु नजदीकी अस्पतालों में भेजा जा रहा है। घटनास्थल पर विधि-व्यवस्था पूर्णतः नियंत्रण में है तथा यातायात व्यवस्था को भी सुचारू किया जा रहा है। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# अमेठी में आंबेडकर प्रतिमा लगाने को लेकर बवाल ग्रामीणों ने किया पुलिस पर पथराव, कई पुलिसकर्मी घायल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमेठी**

रामगंज के नरहरपुर गांव में शनिवार को ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध करते हुए पथराव कर दिया, जिससे स्थिति अचानक तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि कई ग्रामीणों को भी चोटें आईं। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। जानकारी के अनुसार नरहरपुर गांव में करीब पांच बिस्वा भूमि सुरक्षित खाते में दर्ज है, जिसका उपयोग पशु शव निस्तारण के लिए किया जाता है। आरोप है कि कुछ लोगों ने इस भूमि पर कब्जे की नीयत से पहले मिट्टी डालकर चबूतरा तैयार किया और उस पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। ग्रामीणों की शिकायत पर नायब तहसीलदार अजय सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पैमाइश कराई। जांच में भूमि सुरक्षित पाई गई, जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए चबूतरा हटवा दिया गया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई। शनिवार को दोबारा कुछ लोगों ने उसी स्थान पर चबूतरा बनाकर प्रतिमा स्थापित कर दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी से चबूतरा हटवा दिया। प्रतिमा को सम्मानपूर्वक सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया। हालांकि पुलिस टीम के लौटते ही कुछ लोगों ने फिर से उसी स्थान पर प्रतिमा स्थापित कर दी।

### प्रतिमा हटाने की कार्रवाई शुरू

दोबारा सूचना पर एसडीएम अमेठी आशीष सिंह के नेतृत्व में रामगंज, पीपरपुर और संग्रामपुर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासन द्वारा प्रतिमा हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही भीड़ उग्र हो गई और विरोध करते हुए पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि कई ग्रामीणों को भी चोटें आईं। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और भीड़ को तितर-बितर कर हालात पर नियंत्रण पाया। 15 लोगों हिरासत में लिया गया है। पूरे गांव में एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है।

# निजी स्कूल मनमाने तरीके से नहीं वसूल कर पाएंगे फीस, 60 दिन पहले वेबसाइट पर देनी होगी सूचना, समिति गठित



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी के निजी विद्यालय अब विद्यार्थियों से मनमानी तरीके से फीस की वसूली नहीं कर सकते हैं। नए सत्र में किस क्लास की कितनी फीस होगी, इसकी जानकारी 60 दिन पहले ही बेवसाइट पर अपलोड करना होगा। इतना ही नहीं विद्यालय की ओर से निर्धारित फीस का पूरा विवरण जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को भी देना अनिवार्य होगा। उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के तहत राजधानी में जिला शुल्क नियामक समिति का गठन हो गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी समिति में जिला विद्यालय निरीक्षक को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी गई है। यह समिति विद्यालयों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए अभियान भी चलाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी अभिभावक, छात्र या अभिभावक संघ के माध्यम से किसी विद्यालय की शिकायत प्राप्त होती है और अधिनियम का अनुपालन नही कराया जा रहा है तो संबंधित विद्यालय के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

### जिला शुल्क नियामक समिति के पास यह होंगी शक्तियां

किसी भी स्तर का शुल्क बढ़ाने के लिए समिति से अनुमोदन लेना जरूरी है। छात्र, अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन को सबसे पहले विद्यालय प्रधान के समक्ष अपनी शिकायत करनी है। समुचित कार्रवाई न होने पर जिला शुल्क नियामक समिति के समक्ष कर सकते हैं। कैपिटेशन शुल्क, शुल्क पुनरीक्षक,शुल्क वृद्धि, यूनिफॉर्म व अन्य बिंदुओं पर मिली शिकायत की जांच समिति करेगी। शिकायत जांच में सही पाए जाने पर पहली बार एक लाख रुपये, दूसरी बार पांच लाख रुपये का दंड लेगा। तीसरी बार उल्लंघन किए जाने पर विद्यालय की मान्यता, सम्बद्धता वापस ले ली जाएगी।

### पांच वर्ष से पहले यूनिफॉर्म बदलने पर प्रतिबंध

शुल्क विनियमन के तहत विद्यालय द्वारा पांच वर्षों के भीतर यूनिफॉर्म परिवर्तन पर रोक होगी। परिवर्तन की स्थिति में समिति को जानकारी देनी होगी। किसी छात्र को पुस्तकें, जूतें, मोजे व यूनिफार्म आदि किसी विशेष दुकान से खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाएगा। विद्यालय की ओर से कोई कैपिटेशन शुल्क नहीं बढाया जाएगा। छात्र को प्रत्येक शुल्क व प्रभार के लिए रसीद जारी की जाएगी।

### प्रवेश के बाद नहीं बढ़ेगी फीस

समिति के अनुसार,अधिनियमन का पालन सभी बोर्ड के विद्यालयों पर (अल्पसंख्यक विद्यालयों को छोड़कर) लागू है। शुल्क का विवरण वेबसाइट के साथ के साथ सूचना पट्ट पर प्रकाशित भी करेगा। छात्र व अभिभावकों से यह फीस संदाय, मासिक या त्रैमासिक व अर्द्धवार्षिक किस्तों में किया जाएगा। वार्षिक आधार पर फीस लेने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। शैक्षणिक सत्र के दौरान किसी तरह का शुल्क नहीं बढ़ाया जाएगा। शुल्क में केवल पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। कर्मियों का वेतन बच्चों की फीस शुल्क में नहीं शामिल किया जाएगा।

# अखिलेश यादव ने उठाए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल, कहा, एसआईआर प्रक्रिया में भी हुई धांधली

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर में इंडिया विजन कार्यक्रम के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीडीए समुदाय इस बार भाजपा को हराएगा और समाजवादी पार्टी पीडीए की एकजुटता से भाजपा को सत्ता से हटाएगी। समाजवादी पार्टी समाज में सौहार्द, तरक्की और खुशहाली के लिए काम कर रही है। अखिलेश ने शंकराचार्य के साहस की सराहना की। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि भाजपा ने एसआईआर के दौरान धांधली की साजिश रची। फर्जी दस्तखत करके फार्म-7 के जरिये समाजवादी पार्टी के वोटरों के नाम काटने का षड्यंत्र किया गया। सपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। अवैध कारोबार और नशे का कारोबार बढ़ रहा है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास का मॉडल दिया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनाकर सपा ने दूरदर्शिता दिखाई। उन्होंने भाजपा पर विरासत का दुश्मन होने का आरोप लगाया। भाजपा सरकार ने मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त कराया और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा तोड़ी। जनता इस बार भाजपा को हराकर जवाब देगी।

# कालाबाजारी पर सरकार का बड़ा एक्शन: 55 गैस एजेंसियां निलंबित, होर्मुज से सुरक्षित निकला एलपीजी जहाज जग विक्रम



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच देश में एलपीजी संकट की आशंका को लेकर सरकार ने बड़ा भरोसा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ कहा है कि देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। इसी बीच कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 55 गैस एजेंसियों को निलंबित कर दिया गया है। सरकार ने लोगों से पैनिक बुकिंग न करने की अपील भी की है। सरकार ने बताया कि ईंधन की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। देशभर में 3400 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी कर 214 एजेंसियों पर जुर्माना लगाया गया है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि ओवरचार्जिंग और जमाखोरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने कालाबाजारी रोकने के लिए देशव्यापी अभियान चलाया। 10 अप्रैल को बड़े स्तर पर छापेमारी की गई। इस दौरान कई एजेंसियों में अनियमितताएं पाई गईं। 214 एजेंसियों पर भारी जुर्माना लगाया गया और 55 एजेंसियों की डिस्ट्रीब्यूटरशिप तुरंत प्रभाव से रद्द कर दी गई। यह कार्रवाई बाजार में पारदर्शिता लाने के लिए अहम मानी जा रही है।

### क्या होर्मुज से सुरक्षित निकला एलपीजी जहाज राहत देगा?

इस बीच 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आने वाला भारतीय जहाज जग विक्रम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुका है। इसके 15 अप्रैल तक मुंबई पहुंचने की संभावना है। सरकार ने यह भी बताया कि होर्मुज क्षेत्र में मौजूद अन्य 20 भारतीय जहाजों की सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### प्रवासी और आम लोगों को क्या राहत मिली?

सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता दोगुनी कर दी है। 23 मार्च से अब तक 12 लाख सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। इससे छोटे उपभोक्ताओं को राहत मिली है और गैस की उपलब्धता बेहतर हुई है।

### क्या सप्लाई और डिलीवरी सिस्टम मजबूत हुआ है?

मंत्रालय के मुताबिक एक दिन में 51.5 लाख से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी की गई। 98 प्रतिशत उपभोक्ता अब डिजिटल माध्यम से बुकिंग कर रहे हैं। साथ ही उर्वरक संयंत्रों को गैस सप्लाई 5 प्रतिशत बढ़ाई गई है और पीएनजी-सीएनजी उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत आपूर्ति दी जा रही है।

## बुलेट ट्रेन के काम ने पकड़ी रफ्तार: टनल बोरिंग मशीन को असेंबल करने का काम शुरू, अहमदाबाद में भी बनाया रिकॉर्ड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पहले बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच दौड़ने वाली इस हाई-स्पीड ट्रेन के लिए टनल बनाने का काम अब अगले चरण में पहुंच गया है। घनसोली के पास सावली में दूसरी टनल बोरिंग मशीन को असेंबल यानी एकत्रित करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसे जमीन से लगभग 39 मीटर नीचे एक गहरे शाफ्ट में अंजाम दिया जा रहा है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के इंजीनियरों के लिए यह किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन उन्होंने बेहद सटीकता के साथ इस विशालकाय मशीन के पुर्जों को नीचे उतारना शुरू कर दिया है।

### 190 टन का ढांचा नीचे उतरा

इस प्रक्रिया के दौरान एक बड़ी सफलता तब मिली, जब 190 मीट्रिक टन वजनी एक भारी-भरकम 'गैन्ट्री' को शाफ्ट के अंदर सही जगह पर बैठाया गया। यह ढांचा 18 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक, हर टनल बोरिंग मशीन में ऐसी चार गैन्ट्री होती हैं, जो मशीन के मुख्य हिस्से से जुड़ी रहती हैं। ये मशीनें न केवल मिट्टी की खुदाई करेंगी, बल्कि साथ ही साथ सुरंग की दीवारों पर कंक्रीट के सेगमेंट लगाने और वाटरप्रूफिंग का काम भी करेंगी। सावली से खुदाई का मुख्य काम जुलाई से शुरू होने की उम्मीद है, जो विक्रोली की तरफ बढ़ेगा।

### अहमदाबाद में भी रचा गया इतिहास

सिर्फ मुंबई ही नहीं, बल्कि अहमदाबाद में भी इंजीनियरिंग का एक बड़ा कारनामा देखने को मिला है। इसी हफ्ते मणिनगर इलाके में चालू रेलवे लाइन के ऊपर एक विशाल 1,360 मीट्रिक टन का प्रीकास्ट पोर्टल बीम सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। 34 मीटर लंबे इस बीम को रखने के लिए भारतीय रेलवे के साथ तालमेल बिठाकर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया गया था। इस काम के लिए 2,200 टन की क्षमता वाली विशाल क्रॉलर क्रेन का इस्तेमाल किया गया। मात्र 3.5 घंटे के भीतर इस भारी-भरकम ढांचे को हवा में उठाकर पटरियों के ऊपर सेट कर दिया गया, जो अपने आप में एक मिसाल है।

### जापानी तकनीक से बदल जाएगी सफर की तस्वीर

508 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर जापानी शिनकान्सेन तकनीक पर आधारित है। इसमें ऊंचे पुल, ऊंचे ट्रैक और समंदर के नीचे से गुजरने वाली सुरंगें शामिल हैं।

# 6 मंदिरों में चोरी करने वालों का पुलिस ने किया भंडाफोड

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद सहित आसपास के जिलों में मंदिरों को निशाना बनाने वाले एक शातिर अंतर्प्रांतीय गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कोतवाल कर्वी और एसओजी की संयुक्त टीम यह खुलासा किया है। जिसमें कुल चार चोर पकड़े गए हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 20 फरवरी को भरतकूप स्थित भरत मंदिर के पुजारी महंत लवलेश दास महराज ने थाने में सूचना दी कि मंदिर के दरवाजे के कुण्डा काटकर चोर भगवान की मूर्तियों के आठ चांदी के मुकुट व एक चांदी का छत्र चोरी कर ले गए है। इस सम्बन्ध में थाना भरतकूप में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी प्रकार बीती 16 मार्च को थाना पहाड़ी में स्थित अकेलवा बाबा हनुमान मंदिर में व बीती छह अप्रैल को लोढ़वारा स्थित हनुमान मंदिर में भी चोरी की घटना के सम्बन्ध में पुजारी बृजेश कुमार पाण्डेय पुत्र श्यामदत्त पाण्डेय निवासी परसौजा व राजनारायण दास ने तहरीर दी थी। चोरी की इन घटनाओं के दृष्टिगत सभी घटनास्थलों का निरीक्षण कर खुलासे के लिए एसओजी व कर्वी कोतवाली टीम को लगाया गया। जिसके बाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य सुरागों की सहायता से की गई विवेचना में पाया कि कुछ लोग एक गिरोह बनाकर मंदिरों में चोरी कर रहें है। इस पर पुलिस टीम ने सर्च अभियान चलाते हुए शनिवार को खोही तिराहा-बंदर कोल मार्ग के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम विजय कुमार शुक्ला निवासी कस्बा व थाना राजापुर तथा बाबरशाह निवासी मोहल्ला अफगानान मंडावर थाना मन्दावर जनपद बिजनौर बताए। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, जेवर, औजार, जहरीला पदार्थ व बाइक बरामद की। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वह लोग अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर मंदिरों में चोरियां करते है। बताया कि जहरीले पदार्थ को वह लोग मिठाई में मिलाकर मंदिर के आस पास मौजूद कुत्तों को खिला देते है, जिससे उनकी मौत हो जाती है। इसके बाद वह लोग चोरी की घटना को अंजाम देते है। बताया कि आज वह अपने साथियों के साथ चोरी का सामान बेचने आगरा जा रहे थे कि पकड़ लिए गए। इन दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने इनके दो साथियों मोहनलाल पटेल निवासी धरममुहापुर थाना मंझनपुर कौशाम्बी व कामता प्रसाद मौर्य निवासी रामनगर कस्बा व थाना खागा जनपद फतेहपुर को भी गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों में से कामता सोनारी का काम करता था, जो मंदिरों से चोरी करने वाले आभूषणों को गलाकर सोने-चांदी की सिल्लियों में बदल देता था। जिसे ये चारों बाजार में बेच देते थे। इन लोगों ने चित्रकूट सहित बांदा, फतेहपुर एवं सतना (म.प्र.) जनपद के विभिन्न मंदिरों में कई चोरियों की है। इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले भी पंजीकृत है।

## कक्षा 9 से 12 तक की अधिकृत एनसीईआरटी पुस्तकें उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा कक्षा 9 से 12 तक की पाठ्य पुस्तकों के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए पुस्तकों के वितरण के लिए अधिकृत प्रकाशकों का निर्धारण किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि कक्षा 9 एवं 12 की पुस्तकों के लिए मे. पायनियर प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सिकन्दरा आगरा, कक्षा 11 के लिए मेसर्स सिंघल एजेन्सीज, लखनऊ तथा कक्षा 10 के लिए मेसर्स पीताम्बरा बुक्स प्रा.लि., झांसी को अधिकृत किया गया है। संबंधित प्रकाशकों से संपर्क करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि जनपद चित्रकूट के लिए इन सभी पुस्तकों की आपूर्ति एक अधिकृत विक्रेता के माध्यम से की जा रही है। जनपद में कक्षा 9 से 12 तक की एनसीईआरटी की अधिकृत एवं मानक पाठ्य पुस्तकें अग्रवाल पुस्तक भण्डार, रामपुरी, पुरानी बाजार, कर्वी में उपलब्ध कराई गई हैं। यहां छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक निर्धारित एवं सस्ती दरों पर आवश्यक पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं।

# योगी सरकार ने दिया दिव्यांग बच्चों को वरदान, 6 लाख की आर्थिक मदद का ऐलान

- श्रवण बाधित बच्चों का होगा नि:शुल्क कॉक्लियर इम्प्लांट, 30 अप्रैल तक करें आवेदन
- करेक्टिव सर्जरी के लिए भी 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के हर वर्ग के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में जिले के दिव्यांगजन और श्रवण बाधित बच्चों के लिए सरकार की तरफ से एक बड़ी खुशखबरी है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शल्य चिकित्सा अनुदान योजना के अंतर्गत अब गरीब परिवारों के बच्चों को सुनने और बोलने की शक्ति वापस मिल सकेगी। सरकार कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए 6 लाख रुपये तक की भारी-भरकम सहायता राशि प्रदान कर रही है।योजना का लाभ लेने के लिए अभिभावकों की वार्षिक आय गरीबी रेखा की सीमा (ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रूपए और शहरी क्षेत्र में 56460 रुपए) के दोगुने से अधिक नहीं होनी चाहिए। जिले के पात्र लाभार्थी अपने दस्तावेज जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता की जांच कराना अनिवार्य है।इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के दस्तावेजों के साथ 30 अप्रैल 2026 तक आवेदन सुनिश्चित करें। सरकार की इस पहल से जनपद के सैकड़ों दिव्यांगजन मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे और एक सामान्य जीवन व्यतीत कर पाएंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज बहादुर सिंह ने बताया कि 1 से 5 वर्ष तक के श्रवण बाधित बच्चों के लिए काक्लियर इम्प्लांट एक वरदान साबित होगा। अक्सर आर्थिक तंगी के कारण गरीब माता-पिता अपने बच्चों का इतना महंगा इलाज नहीं करा पाते थे। लेकिन योगी सरकार ने इस बाधा को दूर कर दिया है। इसके अलावा अन्य दिव्यांगजनों की करेक्टिव सर्जरी सुधारात्मक शल्य चिकित्सा के लिए भी 10000 रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।

# वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में विद्यार्थी परिषद ने चलाया अभियान




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर के हर परिसर में वंदे मातरम अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के अनेक शिक्षण संस्थानों में सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। एस.टी. थॉमस विद्यालय शिवराम, श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल, परम विद्या मंदिर, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज सहित कई परिसरों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर देशभक्ति का संदेश दिया। जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा ने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा है। अभाविप का यह अभियान युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे देशभर के एक लाख परिसरों में राष्ट्रीय चेतना का संचार हो रहा है। एस.टी. थॉमस विद्यालय के प्रधानाचार्य बास्टिन अरक्कल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन और देशप्रेम को बढ़ावा देते हैं। वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है। कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आनंद जायसवाल, अंश प्रताप यादव, नगर मंत्री पवन गुप्ता, सह मंत्री अंशुमान मिश्रा, इकाई उपाध्यक्ष दुर्गेश, तेजप्रताप यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## गुमशुदा व खोये हुए मोबाइल फोन पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊ नोडल अधिकारी एसओजी फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी व सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा व खोये हुए कुल 51 मोबाइल फोन वापस लौटाए गये। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख 20 हजार रूपये है। खोए हुए मोबाइल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष व ब्स् पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी व सर्विलांस टीम व थानों को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए निर्देश दिए गये थे। प्रभारी एसओजी सर्विलांस टीम निरीक्षक एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस एवं थानों के टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 51 गुमशुदा खोये हुए मोबाइल की बरामदगी करते हुए शनिवार को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया।

# आधुनिक पुस्तकालय एवं वातानुकूलित कक्ष का बीएसए ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । पहाड़ी/चित्रकूट**



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने प्रवेशोत्सव, प्रतिभा सम्मान, आधुनिक पुस्तकालय एवं वातानुकूलित कक्ष का उद्घाटन किया। कार्यक्रम शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमारे जनपद का यह पहला विद्यालय है जहां पर स्मार्ट क्लास पूरी तरह से वातानुकूलित बनाया गया है साथ ही स्मार्ट पुस्तकालय बहुत अच्छा बनाया गया है। बच्चों को अलग-अलग बैठकर पढ़ने के लिए टेबल लाईट सहित लगाई गई है। इस विद्यालय ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है ऐसे ही अन्य विद्यालय भी इस विद्यालय से प्रेरणा लें। वही शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमेशा सकारात्मक व दोनों पक्षों को लेकर शिक्षक को चलना चाहिए व इमानदारी से विद्यालय जाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे और आर्दश बने तथा अपने विद्यालय को आर्दश बनायें। उपस्थिति अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रतिभा सम्मान नावेदय मे चयनित छात्र-छात्रा मानवेंद्र एवं संध्या को पुरस्कृत किया गया। कक्षा एक से लेकर पांच तक के छात्र-छात्राओ को कक्षा मे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा नवप्रवेशी बच्चों मोनिका, स्वाती, अपर्णा, अमन, वैष्णवी व आराध्या को पुस्तकें वितरित की गईं। प्राथमिक विद्यालय देवल के प्रधानाध्यापक रामभूषण पाण्डेय विद्यालय के परिदृश्य बताते हुए कहा देवल गांव मे विद्यालय सन 1938 से ग्रामीणों के घरों मे चल रहा था। शासन द्वारा सन 1956 मे विद्यालय की नीव रखी गई। मेरी पोस्टिंग विद्यालय मे सन 2013 में हुई और इस सत्र मे अभी तक विद्यालय में कुल छात्र संख्या 158 है। जिसमें 83 बालिका व 75 बालक हैं। विद्यालय को सुन्दर बनाने मे विद्यालय के सभी स्टाफ का सहयोग रहा। आपस मे सभी लोगो ने 189000 एकत्रित कर विद्यालय की कमिया दूर करने की कोशिश करते हुए प्राइवेट विद्यालय जैसे व्यवस्थाएं बनाने की कोशिश की गई है। जिससे गांव के बच्चे गांव मे ही पढ़े सकें। कार्यक्रम का संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी सहित शिक्षक अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन आश्रम में आग लगने से नष्ट हुआ यज्ञशाला स्थल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मड़फा महादेव की तलहटी में स्थित आद्य शंकराचार्य आश्रम में पूर्वाम्नाय पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य अधोक्षजानन्द महाराज के निर्माणाधीन आश्रम में बिजली के हाई वोल्टेज तारों में चिंगारियां उठने की वजह से यज्ञशाला स्थल जलकर राख हो गया। कुछ दिन पहले ही शंकराचार्य ने इसी यज्ञशाला में शिव शक्ति महायज्ञ एवं राजराजेश्वरी महाआराधना का आयोजन किया था। वृंदावन और काशी से आए कारीगरों ने लगभग 15 लख रुपए की लागत वाली इस सुन्दर यज्ञशाला का निर्माण किया था। आश्रम के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज तारों को हटाने के लिए आश्रम प्रबंधन ने विद्युत विभाग को कई बार आगाह भी किया और प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन शंकराचार्य ने विद्युत विभाग की इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी प्रकट की है। गांव के पूर्व प्रधान नरेंद्र कुमार पयासी ने बताया कि कल शाम 7 बजे जब हम लोग आश्रम में संध्या आरती की तैयारी कर रहे थे तभी अचानक यज्ञशाला स्थल धू -धू कर जलने लगी। गांव के कई लोगों ने भाग कर आग को फैलने से बचाया। फायर ब्रिगेड को भी फोन करके बुलाया गया लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगभग 2 घंटे बाद ही घटना स्थल पर पहुंची। गांव वालों के अथक प्रयास से आग को आगे बढ़ने से रोका गया। यदि इसको नहीं रोका जाता तो आग की चपेट में खेतों में पड़ी फसल और गांव तक भी आग फैल सकती थी। जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के उदासीन रवैया की वजह से इतना नुकसान हुआ है। अभी भी अगर विद्युत विभाग हाई वोल्टेज लाइन को यहां से नहीं हटाता तो किसी बड़े खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि शंकराचार्य इसी स्थल पर एक भव्य गुरुकुल का निर्माण भी करवा रहे हैं। आश्रम में आध्यात्मिक कार्यक्रम चलते रहते हैं और वीआईपी लोगों का भी मूवमेंट रहता है, ऐसे में विद्युत विभाग की यह लापरवाही लोगों को भारी पड़ सकती है।

## जिलाधिकारी ने किया पूर्व माध्यमिक विद्यालय जसईपुर का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/बांदा** विद्यालयों की बदहाल व्यवस्था को दुरुस्त करने की डीएम की छापेमारी मुहिम लगातार जारी है। निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर डीएम ने प्रधानाध्यापको के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं ।शनिवार को जिलाधिकारी जे रीभा ने तिंदवारी क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जसईपुर ब्लाक तिंदवारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 8 में पठन पाठन का कार्य न होने,विद्यालय में साफ सफाई न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश बीएसए को दिए। इसके पश्चात डीएम ने प्राथमिक विद्यालय छापर ब्लॉक तिंदवारी का निरीक्षण किया। विद्यालय में फर्नीचर की उपलब्धता,साफ सफाई आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश एबीएसए को दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं अन्य अध्यापक मौजूद मिले।

# डीएम पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में खनिज विभाग ने जुटाया रिकार्डतोड राजस्व

### 24 नये खनन क्षेत्र से और बढेगा राजस्व

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राजस्व जुटाने के मामले में चित्रकूट के खनिज विभाग ने इस बार जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया है। जिसमें पिछले वित्तीय वर्षों में प्राप्त राजस्व के सापेक्ष इस बार रिकार्ड तोड़ राजस्व संग्रह हुआ है। जहां पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 106 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई थी, वहीं इस बार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 127 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। जो पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 20 प्रतिशत अधिक है।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा जिले में अवैध खनन व परिवहन पर रोकथाम के लिए पहली बार थाना स्तरीय टास्क फोर्स का गठन करने के साथ तहसील और जिला स्तरीय टास्क फोर्स को खनन क्षेत्रों में लगातार गस्त करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही इन टीमों को अवैध खनन व परिवहन मिलने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा गया है। डीएम ने सख्त अवैध खनन माफियाओं पर कार्यवाही के लिए इन टीमों को पूरी छूट देते हुए दबाव मुक्त हो कर काम करने के निर्देश दिए हैं। जिला खनिज अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि डीएम पुलकित गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में 24 नए खनन क्षेत्रों को विज्ञापित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे बड़े पैमाने पर राजस्व प्राप्ति के अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा ही। साथ ही आम जनमानस को उपखनिज की उपलब्धता भी आसानी से होगी। इसके अलावा जिले में नए क्षेत्र चिन्हित करने के लिए भी नई टीम का गठन किया गया है। साथ ही उपखनिजों का परिवहन करने वाले 1,755 वाहनों में वीटीएस लगवाया गया है।

नए क्षेत्र चिन्हित करने के लिए भी नई टीम का गठन किया गया है। साथ ही उपखनिजों का परिवहन करने वाले 1,755 वाहनों में वीटीएस लगवाया गया है।

डीएम पुलकित गर्ग की अगुवाई में गठित प्रवर्तन टीम ने अवैध खनन, परिवहन व भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रवर्तन कार्य से 4.09 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली की है। साथ ही 10 प्रकरणों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई और 16 प्रकरणों में परिवाद दायर किया गया।

# पुलिस ने पचास हजार की ठगी करने वाले को 49 हजार की नगदी के साथ ही मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया गया

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




सदर कोतवाली पुलिस और एस0ओ0जी टीम की मिली जुली कोशिश से भोला के डेरा के पास ट्यूवेल वाली सड़क हमीरपुर से 50 हजार की ठगी करने वाले फरार चल रहे 44 वर्षीय बिंवार के बिगहना निवासी पप्पू पुत्र गुलाब खां को स्पलैंडर मोटरसाइकिल के साथ ही 49 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली। प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पवन कुमार पटेल ने बताया कि पीडित की तहरीर पर अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ 10 अप्रैल 2026 को सदर कोतवाली में मु0अ0स066/2026 धारा318(4)/319/338/336(3)/340(2) भारतीय न्याय संहिता सहित 207त एम0 वी0 एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पकडे गये अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई सुरेन्द्र पाल,एस आई नवीन त्रिपाठी,
हेड कांस्टेबल बबलेश कुमार, कांस्टेबल विमल पाल, एस आई सचिन शर्मा (एसओजी प्रभारी)
कांस्टेबल अतुल कुमार (एसओजी),,
कांस्टेबल शक्ति सिंह सहित कांस्टेबल सुरेन्द्र मिश्रा शामिल रहे।

## एसपी एवं सीडीओ की अध्यक्षता में थाना मऊ में समाधान दिवस संपन्न

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता व उप जिलाधिकारी राम श्रषि रमन की उपस्थिति में थाना मऊ में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। पुलिस अधीक्षक ने समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जमीन सम्बन्धित विवाद में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने की समस्त थानों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा पुलिस लाइन में समन सेल, मॉनिटरिंग सेल सहित जनपद के समस्त थानों के नोडल अधिकारी, समस्त पैरोकार, कोर्ट मुहर्रिर, समन सेल तथा सीसीटीएनएस के सभी अधि0/कर्मचारीगण के साथ मीटिंग की गई ।जिसमें जनपद के न्यायालयों से अधिक से अधिक ई-समन जारी कराए जाने हेतु कोर्ट मोहर्र एवं पैरोकारों को निर्देशित किया गया,जिससे समन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाया जा सके । प्राप्त ई-समन की तामीला सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में सभी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत चिन्हित मुकदमों एवं चिन्हित माफिया से संबंधित मामलों के साथ-साथ सभी प्रकार के अभियोगों में गवाहों की समय से न्यायालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया ।इसके लिए गवाहों से पूर्व में संपर्क स्थापित कर उनकी उपस्थिति एवं गवाही सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया ।रिमांड, जमानत आदि प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय से माननीय न्यायालय में समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें ।साथ ही आपरेशन दहन के अंतर्गत नारकोटिक्स से सम्बन्धित जब्त माल एवं माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण की कार्यवाही को और अधिक तेज एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया ।जिससे की न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, समयबद्ध एवं पारदर्शी बनाकर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जा सके।



**लेफ्ट की कार्बन कॉपी बन गई है टीएमसी...**

कोलकाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब 'भय' से ऊब चुकी है और 'भरोसे' की ओर बढ़ रही है... पढ़ें पेज 12 पर...

# राजधानी में 'मौत का मकान'!

## झोलाछापों का अस्पताल, घर में हो रही डिलीवरी और एक्सीडेंट मरीजों की 'इलाज' के नाम पर सौदेबाजी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**मायापुरम, बुद्धेश्वर चौराहा।** लखनऊ में कानून और स्वास्थ्य व्यवस्था को खुलेआम ठेंगा दिखाते हुए एक निजी मकान को अवैध अस्पताल में बदल दिया गया है। 'आर.पी. मेडिकल स्टोर और फार्मा क्लिनिक' के नाम पर चल रहे इस ठिकाने पर बिना योग्य डॉक्टरों के प्रसव, एक्सीडेंट केस और गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है—और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सीधा-सीधा 'मौत का कारोबार' है।






### डिग्रियों का धोखा, जान से खिलवाड़ का धंधा

इस क्लिनिक में तथाकथित 'डॉक्टरों' की हकीकत चौंकाने वाली है डी.फार्मा धारक, जिसे दवा बेचने तक सीमित रहना चाहिए, मरीजों का इलाज कर रहा है सीएमएस एवं ईडी जैसी संदिग्ध योग्यता के सहारे 'डॉक्टरी' का खेल बीएचएमएस (होम्योपैथ) डॉक्टर, एलोपैथिक इलाज और इमरजेंसी केस संभाल रहा है सवाल साफ है—जब योग्यता नहीं, तो ये किस अधिकार से लोगों की जिंदगी पर प्रयोग कर रहे हैं?

### घर के अंदर 'अस्पताल'

जांच में सामने आया है कि इस मकान में मरीजों को बेड पर भर्ती किया जाता है डिलीवरी कराई जाती है एक्सीडेंट के घायलों का इलाज किया जाता है लेकिन:

- न आईसीयू
- न ऑक्सीजन
- न प्रशिक्षित स्टाफ
- न कोई वैध लाइसेंस
- यानी, अगर मरीज की हालत बिगड़ी तो बचाने का कोई इंतजाम नहीं—सीधा मौत का खतरा।

### स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर सवाल: मिलीभगत या मजबूरी?

इतना बड़ा खेल राजधानी में चल रहा है और स्वास्थ्य विभाग को भनक तक नहीं? या फिर सब कुछ जानते हुए भी 'सेटिंग' के चलते आंखें बंद हैं? स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे विभाग की भूमिका खुद संदेह के घेरे में है।

### कानून की धज्जियां, जिम्मेदार खामोश

भारतीय चिकित्सा नियमों के अनुसार केवल पंजीकृत एमबीबीएस डॉक्टर ही एलोपैथिक इलाज कर सकते हैं बिना लाइसेंस क्लिनिक चलाना अपराध है
इसके बावजूद यहां गैर-योग्य लोग इलाज कर रहे हैं
गंभीर मरीजों पर 'प्रयोग' हो रहा है
सरकारी नियमों को रौंदा जा रहा है
यह सिर्फ अवैध नहीं, आपराधिक कृत्य है।

### जनता की मांग: तुरंत सील हो 'मौत का मकान'

क्षेत्रीय लोगों ने मांग की है कि इस अवैध क्लिनिक को तुरंत सील किया जाए, संचालकों पर एफआईआर दर्ज हो, स्वास्थ्य विभाग की भूमिका की भी जांच हो।

### निष्कर्ष: अगर अब भी चुप्पी, तो जिम्मेदार कौन?

राजधानी में अगर ऐसे 'मौत के अड्डे' यूं ही चलते रहे, तो आम आदमी की जान की कोई कीमत नहीं बचेगी। अब देखना यह है प्रशासन कार्रवाई करता है, या फिर अगली लाश का इंतजार?

### इलाके में दहशत: 'यह अस्पताल नहीं, खतरा है

स्थानीय निवासी खुलकर कह रहे हैं 'यहां इलाज नहीं, मौत बांटी जा रही है। किसी दिन बड़ा हादसा होगा, तब प्रशासन जागेगा क्या?'

### बड़ा सवाल: हादसे का इंतजार क्यों?

जब सब कुछ सामने है अवैध क्लिनिक, झोलाछाप डॉक्टर, गंभीर इलाज, तो कार्रवाई क्यों नहीं? क्या प्रशासन किसी बड़ी मौत का इंतजार कर रहा है?



फोटो एआई

# लखनऊ में गैस माफिया पर छापा: गोमती नगर में धधक रहा था 'मौत का कारोबार', 7 सिलेंडर बरामद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राजधानी लखनऊ में एक बार फिर प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे खतरनाक अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। गोमती नगर के थाना विभूति खंड क्षेत्र में डिवाइन हॉस्पिटल के पास तकवा गांव में खुलेआम चल रही अवैध गैस रिफिलिंग पर आपूर्ति विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ छापा मारकर गैस माफिया के नेटवर्क को बेनकाब कर दिया। आपूर्ति अधिकारी पारसनाथ के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में मौके से 7 घरेलू गैस सिलेंडर, रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और तौल मशीन बरामद की गई। छापेमारी की भनक लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने लंबे समय से यह 'मौत का खेल' किसकी सरपरस्ती में चल रहा था? स्थानीय लोगों के मुताबिक, यहां लंबे समय से चोरी-छिपे गैस रिफिलिंग का काला धंधा फल-फूल रहा था। बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के चल रहे इस अवैध कारोबार से कभी भी बड़ा विस्फोट हो सकता था, जिससे कई जिंदगियां तबाह हो सकती थीं। लेकिन जिम्मेदार विभाग गहरी नींद में सोया रहा। छापेमारी के दौरान बरामद सिलेंडर और उपकरण जब्त कर लिए गए हैं, लेकिन सवाल उठता है कि क्या यह कार्रवाई केवल खानापूर्ति बनकर रह जाएगी या फिर गैस माफिया के पूरे सिंडिकेट पर शिकंजा कसेगा? गौरतलब है कि राजधानी में अवैध गैस रिफिलिंग का धंधा कोई नई बात नहीं है, लेकिन हर बार कार्रवाई के बाद भी यह कारोबार फिर सिर उठाने लगता है। ऐसे में जरूरत है कि प्रशासन केवल दिखावे की कार्रवाई न करे, बल्कि इस खतरनाक नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर स्थायी समाधान निकाले। अब देखना यह है कि 'मौत के इस कारोबार' पर वाकई लगाम लगती है या फिर कुछ दिन बाद सब कुछ पहले जैसा हो जाएगा।

# प्रदेश में रोजगार महाकुंभ सोमवार से

## सीएम योगी करेंगे शुभारंभ, 200 से अधिक कंपनियां होंगी शामिल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



कौशल विकास मिशन की ओर से 13 अप्रैल सोमवार को मुजफ्फरनगर के नुमाइश ग्राउंड में रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे और युवाओं को नियुक्ति पत्र भी देंगे। मेले में प्रदेश भर के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास और उद्यमिता जयंत चौधरी, प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल आदि भी उपस्थित रहेंगे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि रोजगार मेले में देश-प्रदेश की 200 से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। वे कुल 25,000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। इसमें ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्यूफेक्चरिंग, आईटी-आईटीईएस, बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर और परिधान उद्योग सहित कई क्षेत्रों की कंपनियां शामिल हैं। मेले में शामिल होने वाली प्रमुख कंपनियों में जेबीएम मारुति, पेटीएम, टाटा मोटर्स, जेप्टो, एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड आदि हैं। मेले में 8वीं पास से लेकर आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक, बीटेक, एमबीए आदि योग्यता वाले अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 साल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 1.50 लाख रुपये से अधिक वार्षिक वेतन वाले रोजगार अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। मेले में कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य योग्य अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को उसी दिन लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई), ऑफर लेटर या जॉइनिंग लेटर भी दिए जाएंगे।

# दुबई से काठमांडू जा रहे विमान में ईंधन हुआ कम, इमरजेंसी में लखनऊ किया गया डायवर्ट



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

दुबई से काठमांडू जा रही उड़ान लखनऊ डायवर्ट कर दी गई। नेविगेशन सिस्टम में दिक्कत व कम ईंधन के चलते ऐसा किया गया। लखनऊ में ईंधन भरवाने के बाद दोबारा विमान काठमांडू रवाना कर दिया गया। इस दौरान यात्री विमान में ही बैठे रहे। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार फ्लाई दुबई की उड़ान संख्या एफजेड-1133 शनिवार सुबह 8:30 बजे काठमांडू पहुंची। विमान ने काठमांडू एयरपोर्ट के ऊपर दो चक्कर भी काटे, लेकिन लैंडिंग नहीं हुई। नेविगेशन सिस्टम में दिक्कत के चलते विमान को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। इस फ्लाइट में करीब 154 यात्री थे। तकनीकी समस्या दूर होने के बाद फ्लाइट लखनऊ एयरपोर्ट से सुबह 9:30 बजे वापस रवाना हुई। सूत्रों ने यह भी बताया कि काठमांडू का वैकल्पिक एयरपोर्ट लखनऊ है, दोनों के एयर ट्रैफिक कंट्रोल एटीसी में बेहतर समन्वय है। ऐसे में किसी भी वजह से काठमांडू में लैंडिंग नहीं होने पर विमान लखनऊ डायवर्ट किया जाता है। नेपाल एटीसी की ओर से लखनऊ एयरपोर्ट को सूचना दी गई कि विमान के नेविगेशन में दिक्कत है। ऐसे में विमान को लखनऊ भेज दिया गया। इतना ही नहीं एयरपोर्ट पर अलर्ट में विमान में ईंधन कम होने की बात भी कही गई। इससे एजेंसियों में हड़कंप सा मच गया। कम ईंधन होने पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई जाती है। एम्बुलेंस और दमकल वाहनों को तैनात किया गया। हालांकि विमान की लखनऊ में लैंडिंग होने के बाद फ्यूल भरा गया, जिसके बाद विमान दोबारा उड़ान भर सका।



# 'स्कूल चलो' की हुंकार: महेशपुर में रैली से जागी शिक्षा की अलख, व्यवस्था को भी आईना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**सीतापुर।** कसमंडा विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर (संकुल महोत्तेपुर) में शनिवार को स्कूल चलो अभियान की रैली सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति जनजागरण की तेज आवाज बनकर उभरी। बच्चों की बुलंद आवाज और शिक्षकों के संकल्प ने साफ कर दिया कि अब गांव-गांव में शिक्षा से दूरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सहित विशिष्ट अतिथियों– अनिकेत सिंह बम्हेरा, गिरिजेश अवस्थी (अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ), अमिताभ दुबे (एआरपी), कुलदीप जायसवाल व प्रधान राघवेंद्र–द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।
इसके बाद निकली रैली ने पूरे क्षेत्र में संदेश दिया– 'हर बच्चा स्कूल में हो, यही अब संकल्प हो।' बच्चों ने नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए न सिर्फ माहौल को जीवंत बनाया, बल्कि शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में लाने की जरूरत पर जोरदार संदेश दिया।
कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान और बच्चों की प्रस्तुतियों के बीच एक बात बार-बार उभरकर सामने आई– अभियान तभी सफल होगा, जब सिर्फ रैली नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास दिखेंगे।
विशेष आकर्षण रही भिठौली व रमुवापुर के शिक्षकों द्वारा बनाई गई रंगोली, जिसने स्कूल चलो अभियान को सजीव रूप में प्रस्तुत कर सबका ध्यान खींचा।
संचालन आशुतोष अवस्थी व विनोद बिहारी दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, बीआरसी स्टाफ, जनप्रतिनिधि और अभिभावक मौजूद रहे।
अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक अचल सिंह फौजी ने आभार जताया, लेकिन सवाल वही–
क्या रैली के बाद भी शिक्षा के हालात बदलेंगे, या फिर यह अभियान भी कागजों तक सिमट जाएगा?

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक निर्णय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि अधिनियम महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में सशक्त भागीदार और निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा लाया गया कानून देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और अधिकारों का राष्ट्रीय संकल्प है। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनाएगा। भारत में महिलाएं मतदान और सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व अपेक्षाकृत कम है। 'भागीदारी बढ़ी है, लेकिन प्रतिनिधित्व संतुलित नहीं है।इसी अंतर को समाप्त करने के लिए यह कानून आवश्यक है, '। वैश्विक और भारतीय अनुभव दर्शाते हैं कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो नीतियां अधिक संवेदनशील बनती हैं।

# पीएम मोदी को लेकर लिखी अभद्र पोस्ट, सीएम योगी की फोटो एडिट करके किया शेयर, दर्ज हुआ केस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

चिनहट निवासी सतेंद्र कुमार ने इंस्टाग्राम आईडी वन क्रिएटर के संचालक नितिन विश्वकर्मा पर पर प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए अभद्र वीडियो पोस्ट करने का आरोप लगाया है। बीबीडी पुलिस ने सतेंद्र की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सतेंद्र का आरोप है कि नितिन इंस्टाग्राम के अलावा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये देश की बहन-बेटियों और पीएम को लेकर गाली-गलौज करते हुए वीडियो पोस्ट कर रहा है। वह बीबीडी यूनिवर्सिटी की छात्राओं के बारे में भी खुलेआम अभद्र शब्द कहता है। सतेंद्र का कहना है कि नितिन की भाषा शैली से प्रतीत होता है कि वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। साथ ही वह गैरकानूनी संगठनों से भी जुड़ा हुआ है। आरोपी के वीडियो के चलते बच्चों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। आरोपी का पता लगाया जा रहा है।

### सीएम की फोटो एडिट कर फेसबुक पर की पोस्ट

इंदिरानगर के सुगामऊ निवासी दिलीप लोधी ने विजय श्याम यादव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो एडिट कर उसे आपत्तिजनक बना कर फेसबुक पर पोस्ट करने का आरोप लगाया है। हजरतगंज पुलिस ने शनिवार को आरोपी विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दिलीप के मुताबिक कुछ दिन पहले उन्होंने फेसबुक पर मुख्यमंत्री की एडिट की हुई फोटो देखी। फोटो विजय श्याम ने पोस्ट की थी। इतना ही नहीं आरोपी ने अभद्र बातें भी लिखी थीं। दिलीप का आरोप है कि आरोपी ने यह हरकत विभिन्न वर्गों व जातियों में रोष पैदा करने के लिए की है। इससे सामाजिक व धार्मिक भावनाएं भड़क सकती हैं। इंस्पेक्टर ने विक्रम सिंह के मुताबिक मामले की तफ्तीश की जा रही है। साक्ष्य संकलन होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर विकास योजनाओं को दें रफ्तार, दो माह में दिखे ज़मीनी परिणाम: शर्मा

- **जनहित सर्वोपरि: अप्रैल,मई में युद्धस्तर पर काम कर जनता को त्वरित लाभ देने पर जोर**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पिछली वित्तीय वर्ष में जो योजनाएं किसी कारणवश अधूरी रह गई हैं, उन्हें चालू वित्तीय वर्ष में तत्काल शामिल कर प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कियाजाए। मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के अंतर्गत नए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएं तथा दीनदयाल योजना, स्मार्ट पालिका योजना, सेफ सिटी योजना, एयर क्वालिटी योजना, मलिन बस्ती योजना एवं आदर्श नगर पंचायत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। अप्रैल और मई माह नगर विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन दो महीनों में योजनाओं की व्यापक समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रस्ताव प्राप्त किए जाएं और युद्धस्तर पर कार्य कर अधिकतम परियोजनाएं पूर्ण की जाएं ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। किसी भी फाइल को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्रत्येक प्रकरण पर समयबद्ध कार्यवाही की जाए। कार्य योजनाओं को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लंबित द्वितीय किस्त को केंद्र सरकार से धनराशि प्राप्त होते ही पात्र लाभार्थियों को तत्काल जारी किया जाए ताकि वे वर्षा ऋतु से पूर्व अपने आवासों का निर्माण पूर्ण कर उसमें निवास कर सकें।बैठक में प्रमुख सचिव पी. गुरु प्रसाद, सचिव रविंद्र कुमार, विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल एवं भानु त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# योगी सरकार का प्रोत्साहन से 8 बेटियां परीक्षा पास कर बनीं अफसर

- **डिप्टी कलेक्टर, असिस्टेंट कमिश्नर और नायब तहसीलदार के पद पर चयन**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




महिला सशक्तीकरण को नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयासरत हैं। सरकार शिक्षा, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई योजनाएं चला रही हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत अलीगंज स्थित आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र से तैयारी कर रही 8 महिला अभ्यर्थियों ने यूपी लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता हासिल की है। जिन्हें डिप्टी कलेक्टर, असिस्टेंट कमिश्नर और नायब तहसीलदार के पद पर चयनित किया गया है।छात्राओं में सोनम यादव, डिप्टी कलेक्टर, कुसृष्टि असिस्टेंट कमिश्नर कामर्शियल टैक्स खुशबू रानी, असिस्टेंट कमिश्नर कामर्शियल टैक्स प्रगति वर्मा असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल टैक्स मीनू रावत, असिस्टेंट कमिश्नर कामर्शियल टैक्स प्रियंका वर्मा, नायब तहसीलदार, शालू राना, नायब तहसीलदार और कीर्ति सागर को वर्क ऑफिसर के पद पर चयनित किया गया है। इन अभ्यर्थियों की सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि योगी सरकार की योजनाएं सही दिशा में काम कर रही हैं।समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप विभाग पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 बैच में 130 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें 8 छात्राओं ने यूपी लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उपनिदेशक आनंद ने छात्राओं की इस उपलब्धि का श्रेय सकारात्मक माहौल, नियमित टेस्ट सीरीज और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत छात्रों को निःशुल्क कोचिंग, रहने और खाने की सुविधा के साथ सुरक्षित वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राएं बिना किसी चिंता के तैयारी कर सकें।डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित अयोध्या की सोनम यादव ने अपने दूसरे प्रयास में सफलता हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। प्राथमिक विद्यालय से पढ़ाई शुरू करने वाली सोनम को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़ने के बाद सही दिशा और संसाधन मिला। सोनम यादव ने कहा कि कौशल विकास और टेस्ट सीरीज पर जोर देने की वजह से यह सफलता मिली है। असिस्टेंट कमिश्नर कामर्शियल टैक्स पर चयनित हुई हरदोई की प्रगति वर्मा ने अपने चौथे प्रयास में यह मुकाम हासिल किया। पिता के निधन के बाद उनकी मां ने सफाई कर्मी के रूप में काम कर पढ़ाया। प्रगति ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां के संघर्ष और समाज कल्याण विभाग के द्वारा चल रही मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को दिया है। उन्होंने कहा कि धैर्य और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। असिस्टेंट कमिश्नर कामर्शियल टैक्स के पद पर चयनित हुई सोनभद्र की खुशबू रानी ने तीसरे प्रयास में सफलता पाई। किसान परिवार से आने वाली खुशबू ने बताया कि उनके क्षेत्र की परिस्थितियों ने ही उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को दिया है। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों की इन सभी सफल छात्राओं की कहानियां यह साबित करती हैं कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वहीं योगी सरकार की अभ्युदय योजना न केवल शिक्षा का माध्यम बन रही है, बल्कि यह युवाओं, खासकर बेटियों के सपनों को साकार करने का सशक्त मंच भी बन चुकी है।

# प्रदेश में निवेशकों व युवा उद्यमियों का बढ़ा रुझान: केशव

- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति से उद्यमिता को प्रोत्साहन, 13 प्रस्तावों को अप्रेज़ल समिति की संस्तुति**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों की आय बढ़ाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं के लिए व्यापक रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, अनुदानों एवं प्रावधानों के बारे में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता की जाए ताकि अधिकाधिक उद्यम स्थापित हो सकें। प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानों के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। विकसित भारत के निर्माण में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा इस दिशा मे प्रभावी कदम तेजी से उठाए जा रहे हैं। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा की अध्यक्षता में खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में अप्रेज़ल समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्री-अप्रेज़ल समिति द्वारा संस्तुत 14 नवीन तथा 1 पूर्व में स्थगित प्रस्ताव सहि 15 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। इनमें 13 प्रस्तावों को राज्य स्तरीय समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु संस्तुति प्रदान की गई।स्वीकृति हेतु संस्तुत प्रमुख इकाइयों में बिस्कुट एवं टॉफी हेतु स्टार्च इकाई, मैकरोनी पास्ता नूडल्स निर्माण इकाई, पोल्ट्री फीड यूनिट, चिकोरी पाउडर एवं एक्सट्रैक्ट इकाई, डेयरी उत्पाद विस्तार, सोलर पावर प्लांट, बेकरी उत्पाद इकाई, मॉरिंगा उत्पाद निर्माण, तिलहन एवं दाल प्रसंस्करण इकाइयाँ शामिल हैं।अप्रेज़ल समिति ने निर्देशित किया कि कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय कृषकों एवं दुग्ध उत्पादकों से की जाए। संबंधित इकाइयों को प्लान मैप, फायर एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जहां लागू हो, वहां 100 स्थानीय कृषकों उत्पादकों से कच्चा माल आपूर्ति की सूची स्टाम्प पेपर पर उपलब्ध करानी होगी। कार्यरत इकाइयों को 85 प्रतिशत उत्पादन क्षमता उपयोग का प्रमाण, विगत दो वर्षों के आयकर एवं जीएसटी रिटर्न की प्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। बैठक में खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 के अंतर्गत चिन्हित कार्यक्षेत्रों के पुनर्सरंचना संशोधन पर भी विचार किया गया। इसमें फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, रेडी-टू-ईट एवं रेडी-टू-कुक उत्पाद, मसाला, सोयाबीन, मशरूम, शहद प्रसंस्करण, कोको उत्पाद, गुड़ आधारित वैल्यू एडेड उत्पाद, फ्रूट जूस एवं कार्बोनेटेड पेय पदार्थ तथा पशु,सम्मिलित किए जाने की संस्तुति की गई।

# समाज सुधार में ज्योतिबा फुले का योगदान अविस्मरणीय: केशव प्रसाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर महान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सामाजिक समता, शिक्षा के प्रसार और नारी सशक्तिकरण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार एवं कार्य आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। ज्योतिबा फुले न केवल महान समाज सुधारक थे, बल्कि एक प्रखर विचारक, लेखक और क्रांतिकारी दार्शनिक भी थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव और असमानताओं के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। विशेष रूप से स्त्री शिक्षा और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनका योगदान अतुलनीय है।श्री मौर्य ने कहा कि आज के समय में महात्मा फुले जी के आदर्शों को आत्मसात कर ही एक समरस और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का एमपीयू के कुलपति ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में एम एल के पी जी कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ एवं नेशनल इंटेलेक्कुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस मिशन वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय सभागार में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ हुआ। दो दिनों तक चलने वाले इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रदेशों के प्रोफेसर व शोधार्थी द्वारा ÷ उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों में बौद्धिक संपदा अधिकार÷ पर विधिवत चर्चा की जायेगी।

जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह, मुख्य अतिथि डॉ राजू तिवारी असिस्टेंट कंट्रोलर पेटेंट डिज़ाइन वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव व सेमिनार के संरक्षक कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य व सेमिनार के अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय तथा आई क्यू ए सी के कोऑर्डिनेटर प्रो0 एस पी मिश्र ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके पश्चात मां सरस्वती की वंदना, महाविद्यालय के कुलगीत तथा स्वागत गीत के माध्यम से समारोह की औपचारिक शुरुआत हुई। उपस्थित प्रतिनिधियों व शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने कहा कि भारतवर्ष की चित्त आध्यात्मिक व कर्म प्रधान है। भारतीय संस्कृति अतिप्राचीन है। ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम ग्रंथ है, जो केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि ज्ञान-विज्ञान का भी मूल स्रोत है। यह भौतिक विज्ञान , खगोल विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी का ज्ञान मंत्रों के माध्यम से प्रदान करता है। ऋग्वेद में निहित ज्ञान भारतीय ज्ञान परंपरा की उत्कृष्टता है, जो आधुनिक वैज्ञानिक खोजों के आधार के रूप में मान्य है। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकार व नाथपंथ के बारे में विधिवत जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ राजू तिवारी ने संगोष्ठी के शीर्षक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों में बौद्धिक संपदा अधिकार शोध कार्यों, आविष्कारों और कॉपीराइट सामग्री की सुरक्षा व व्यावसायीकरण सुनिश्चित करते हैं। ये संस्थान पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क के माध्यम से ज्ञान का प्रसार करते हैं। बौद्धिक संपदा नीति होना आवश्यक है जो शोधकर्ताओं के प्रोत्साहन और नवाचार के बीच संतुलन बनाए रखे। महाविद्यालय के प्राचार्य व संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने स्वागत उदबोधन एवं अतिथियों का परिचय देते हुए कहा कि इस संगोष्ठी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों को बौद्धिक संपदा के महत्व और उनके संरक्षण के तरीकों (पेटेंट, कॉपीराइट) के बारे में शिक्षित करना। नए ज्ञान की खोज और अनुसंधान को बढ़ावा देना, जिससे पेटेंट योग्य परिणाम प्राप्त हों। समन्वयक डॉ सदगुरू प्रकाश ने थीम पर संक्षिप्त जानकारी दी।आयोजन सचिव डॉ बजरंगी लाल गुप्त ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं डॉ स्वदेश भट्ट ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## सरकारी जमीन कब्जाने के आरोप में ग्राम प्रधान पति पर मुकदमा दर्ज, तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण

**अमेठी।** जनपद में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का एक गंभीर मामला सामने आया है,जहां संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने वाले ही अब आरोपों के घेरे में आ गए हैं।ग्राम पंचायत मधुपुर खदरी में तालाब की सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण कराए जाने के आरोप में ग्राम प्रधान के पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मधुपुर खदरी में स्थित तालाब की सुरक्षित सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत प्रशासन को प्राप्त हुई थी।मामले की जांच के बाद लेखपाल की तहरीर पर ग्राम प्रधान पति के विरुद्ध कार्रवाई की गई।अमेठी कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है,वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी भूमि की रक्षा करने वाले जनप्रतिनिधियों पर ही यदि ऐसे आरोप लगेंगे तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।प्रशासन का कहना है,कि जांच के आधार पर आगे की विधिककार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।एवं सरकारी संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 22 अप्रैल को

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



मा0 राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन) के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने बताया है कि पूर्व निर्गत सार्वजनिक सूचना (संशोधन) में आंशिक संशोधन करते हुए जनपद रायबरेली में निर्धारित समय सारिणी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया है कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार 21 अप्रैल 2026 तक मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग आदि किया जायेगा। 22 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने निर्देश दिये है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), रायबरेली, समस्त उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद रायबरेली एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी/समन्वयक अधिकारी, जनपद रायबरेली द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यकम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यकम प्रदर्शित किया जाए। निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

# थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनता की शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



शनिवार को जिले सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसके क्रम में थाना हरैया तथा थाना लालिया में भी समाधान आयोजित हुआ, जहां पर डीएम विपिन कुमार जैन और एसपी विकास कुमार ने स्वयं पहुंचकर फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देश दिया।

इस दौरान डीएम ने थाना स्तर पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से भूमि विवाद तथा कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि विवादों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में पूर्ण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

थाना समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चारागाह की जमीन पर खड़े लाखों के पेड़ों की बिक्री पर उठे सवाल

**तिलोई,अमेठी।** तिलोई तहसील क्षेत्र के शिवपुर गांव में ग्राम समाज की चारागाह भूमि पर खड़े लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य के पेड़ों की कथित बिक्री का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सार्वजनिक संपत्ति मानी जाने वाली चारागाह भूमि पर लगे पेड़ों की बिक्री को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आपत्ति जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि चारागाह की भूमि पर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर बिक्री की जा रही थी,जिससे ग्राम समाज की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय निवासी ने पुलिस एवं तहसीलदार तिलोई को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।शिकायत के बाद तहसीलदार तिलोई और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर चारागाह में कट रही लकड़ी,ठेकेदार तथा कटाई में प्रयुक्त उपकरणों को हिरासत में लेकर बड़ी कार्रवाई की।प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखा गया।

# एसएसबी 9 वीं तथा 50 वीं वाहिनी क्षेत्र का महानिदेशक ने किया दो दिवसीय भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी तथा 50 वीं वाहिनी के भ्रमण पर पहुंचे महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल द्वारा 09 वीं वाहिनी तथा 50 वी वाहिनी स.सी.बल बलरामपुर के का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को को संजय सिंघल महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल का आगमन एसएसबी 09 वीं वाहिनी में हुआ । मनोरंजन कुमार पाण्डेय कमांडेंट 09 वीं वाहिनी, संजय कुमार कमांडेंट 50 वी वाहिनी, विकाश कुमार (द्ध.क्क्स्) पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, तथा विपिन कुमार जैन (द्ध.स्) जिलाधिकारी बलरामपुर द्वारा पौधा तथा गुलदस्ता भेंट कर पारंपरिक गरिमा एवं सम्मान के साथ महानिदेशक का स्वागत किया गया। भ्रमण के दूसरे दिन 11 अप्रैल को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक ने 50 वीं वाहिनी द्वारा किए गए प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) को देखा । तत्पश्चात बढ़नी ष्ट कंपनी 50 वीं वाहिनी के लिए रवाना हुए । महानिदेशक ने बढ़नी में चेक पोस्ट व्यापार एवं पारगमन मार्ग का औपचारिक भ्रमण किया । महानिदेशक ने बढ़नी चेक पोस्ट पर मौजूद सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन प्रणाली, सीमा प्रबंधन, यात्री आवागमन तथा सीमा पार व्यापारिक गतिविधियों की वर्तमान स्थिति का गहन एवं समग्र अवलोकन किया । इस अवसर पर सीमा पर सुचारु, सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किए जाने से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक, प्रशासनिक एवं संचालनात्मक समस्याओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से सीमा पार व्यापार, यात्रियों की आवाजाही, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उनके प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । उन्होंने एक जिम का उद्घाटन भी किया । उन्होंने समन्वय बैठक करके विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की । बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित समस्याओं, चुनौतियों एवं महत्वपूर्ण सुझावों को प्रस्तुत किया गया। सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करने, अवैध गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम, यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने, व्यापारिक पारगमन को सुव्यवस्थित करने तथा आपसी समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर सर्वसम्मति व्यक्त की गई।

# सपा सांसद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर/बलरामपुर**




श्रावस्ती लोकसभा के सपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने शुक्रवार को स्थानीय सेठ मनभर लाल नत्थाराम कांजडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, इलाज और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

इस मौके पर सांसद ने केंद्र के अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह और महिला चिकित्सक डॉ. सौम्या नायक से क्षेत्र की स्वास्थ्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। इस पर सांसद ने गंभीरता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर रिक्त पदों को भरवाने का प्रयास करेंगे, ताकि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सकें।

इसके उपरांत सांसद श्री वर्मा स्थानीय कर अधिवक्ता सत्य प्रकाश गुप्ता के आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। ज्ञात हो कि 12 मार्च 2026 को उनके 10 वर्षीय पुत्र कान्हा की छत के ऊपर से गुजर रही विद्युत तार की चपेट में आने से दुखद मृत्यु हो गई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से वार्ता की तथा अवर अभियंता धर्मात्मा गौड़ को मौके पर बुलाकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।शिव मंदिर पर करेंट उतरने की घटनाओं से अवगत कराते हुए तुरंत संज्ञान लेकर लाइन दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। सांसद ने पुरानी बाजार क्षेत्र में जर्जर हो चुके आधा दर्जन से अधिक बिजली के खंभों को तत्काल बदलने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगर के व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और नई बाजार से पुरवा तक पैदल भ्रमण कर जनसंपर्क किया। इस दौरान सपा के पूर्व प्रदेश सचिव जयगोपाल सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा, मो. आरिफ पुत्तू हाजी, शुभम जिंदल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सभी विद्यालय तत्काल वाहन निगरानी पोर्टल पर विद्यालय सम्बन्धी विवरण को ऑनबोर्ड कराएं: एआरटीओ

**रायबरेली।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली अरविंद कुमार यादव ने बताया है कि परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 एवं अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के निर्देशानुसार विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के सुरक्षित आवागमन हेतु संचालित स्कूली वाहनों की दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण वाहनों की फिटनेस का न होना अथवा त्रुटिपूर्ण फिटनेस का होना पाया जाता है, के बारे में अवगत कराने के साथ ही उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 के अध्याय-9-क (विद्यालयीय यानों के लिए विशेष उपबंध) का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने, स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल की तैयारी तथा स्कूली वाहनों की फिटनेस हेतु विशेष अभियान (01 से 15 अप्रैल, 2026 तक) के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया है कि इसके दृष्टिगत परिवहन विभाग द्वारा एक स्कूल वाहन

# उपभोक्ताओं की समस्या देखकर व्यक्तिगत खर्च से बनवाया गया काउण्टर: मैनेजर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अफवाहों के चलते बीती दस से पंद्रह दिनों पहले पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों पर सैंकड़ों लोगों की भींड देखने को मिलती थी जिसको लेकर पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसी के जिम्मेदारों की मेहनत रंग लाई है। तेजस टूडे की टीम ने शुक्रवार को जब सलोन तहसील क्षेत्र में स्थलीय पड़ताल किया तो पता चला कि पेट्रोल पम्पों से तो एक सप्ताह पहले से ही भींड गायब है। जहां बराबर पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति हो रही है, वहीं सलोन इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय पर भी उपभोक्ताओं की भींड न के बराबर है। उपभोक्ताओं से पूंछने पर पता चला कि सलोन ब्लाक के पास गैस वितरण पर्ची सहित गैस से सम्बंधित समस्त आनलाईन प्रक्रियाओं के लिए काउंटर बनाया गया है जहां दिन भर उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस बुकिंग के बाद कंज्यूमर नम्बर व डीएसी नम्बर के माध्यम से गैस वितरण की पर्ची उपभोक्ताओं को मुहैय्या कराई जा रही है। इसके बाद एजेंसी से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर आसानी से मिल जाता है। जिन उपभोक्ताओं की ई केवाइसी की प्रक्रिया नहीं हो पाई है, उनकी ई केवाइसी भी करवाई जा रही है। गैस सम्बंधित अन्य जटिल कार्य तहसील चौराहे पर स्थित तहसीलदार आवास के पास सलोन इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय पर सुचारू रूप से सम्पादित किया जा रहा है। इस बावत सलोन इंडेन गैस के मैनेजर शम्भू सिंह ने बताया कि गैस वितरण के नियम में परिवर्तन के कारण भीड़ बढ़ी। उसी बीच अफवाह भी फैल गई।? उपभोक्ताओं को सुविधा देने के उद्देश्य से हजारों रुपयों का व्यक्तिगत खर्च लगाकर सलोन ब्लाक के निकट काउंटर स्थापित किया गया है। कर्मचारियों को तेजी से कार्य किए जाने का निर्देश दिया गया है। यदि किसी उपभोक्ता को डीएसी नम्बर नहीं मिल पा रहा तो सर्वर समस्या के कारण है। ऐसे उपभोक्ताओं के भी समस्या का समाधान किया जाता है। बिना ई-केवाईसी के गैस सिलेंडर नहीं मिल पायेगा। उपभोक्ता पहले ई केवाइसी करवा लें। सलोन इंडेन गैस एजेंसी में गैस का पर्याप्त स्टाक है। उच्चाधिकारियों से मिले निर्देशानुसार ही नियमानुसार गैस का वितरण किया जा रहा है। इस बाबत सलोन तहसील के तेज-तर्रार उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम ने बताया कि हाल ही में सलोन इंडेन गैस कार्यालय का मेरे द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया है। सलोन तहसील में गैस की कोई समस्या नहीं है। वितरण व्यवस्था बाधित न हो, इसलिए कस्बे से बाहर अलग से काउंटर बनाया गया है। उपभोक्ताओं को असुविधा न हो, इसके लिए लगातार निगरानी कराई जाती है।

# एडीएम की अध्यक्षता में पेट्रोलियम गैस (एल0पी0जी0) की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के हेतु समीक्षा बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में पेट्रोलियम गैस (एल0पी0जी0) की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के हेतु उनके कक्ष में एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम द्रवित पेट्रोलियम गैस (एल0पी0जी0) के प्रारम्भिक स्टाक/आमद/वितरण एवं अवशेष की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि जनपद में 15758 एल0पी0जी0 घरेलू गैस सिलेण्डर स्टॉक में उपलब्ध हैं, जिसमें से तदसमय तक 7683 घरेलू गैस सिलेण्डर की बिक्री के उपरान्त 7075 एल0पी0जी0 घरेलू गैस सिलेण्डर स्टॉक में अवशेष हैं। तत्पश्चात विक्रय अधिकारियों (एल0पी0जी0) से एल0पी0जी0 गैस के वितरण के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, जिसमें अवगत कराया गया कि जनपद में गैस रिफिल डिलीवरी का बैकलॉग लगभग 06 दिवस का है। जनपद में एल0पी0जी0 घरेलू गैस की कमी नहीं है। तत्पश्चात गैस एजेन्सियों पर एकत्र हो रही भीड़ के सम्बन्ध में पृच्छा की गयी, जिसमें अवगत कराया गया कि गैस एजेन्सियों पर गैस रिफिल प्राप्त करने के अतिरिक्त केवाईसी कराने एवं गैस बुकिंग पर्ची निर्गत कराने हेतु उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो रही है। अपर जिलाधिकारी ने इसके दृष्टिगत समस्त विक्रय अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूर्व में बैठक में समस्त विक्रय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि समस्त गैस एजेन्सियों पर केवाईसी, गैस बुकिंग पर्ची निर्गत करने हेतु पृथक-पृथक काण्डटर की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए, का समस्त विक्रय अधिकारी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि समस्त गैस एजेन्सियों पर गैस रिफिल के बैकलॉग की सूचना ए4 साइज में दैनिक रूप से चस्पा कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को जानकारी हो सके कि किस तिथि को बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस रिफिल प्राप्त हो रही है, इसी प्रकार दैनिक रूप से जिस तिथि का बैकलॉग हो, उसकी सूचना आवश्यक रूप से चस्पा करायी जाये, जिससे उपभोक्ताओं को समुचित जानकारी हो सके और गैस एजेन्सियों पर अनावश्यक भीड़ एकत्र न हो। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त गैस एजेन्सियों पर गर्मी/धूम के दृष्टिगत छाँव एवं पीने हेतु स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। समस्त गैस वितरक यथा सम्भव गैस रिफिल की होम डिलीवरी करना सुनिश्चित करें, ताकि गैस एजेन्सियों पर अनावश्यक उपभोक्ताओं की भीड़ एकत्र न हो।

## मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली योग एवं सेवा शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आज दिनांक 11 अप्रैल 2026 (शनिवार) को प्रातःकाल राणा बेनी माधव पार्क, शहीद स्मारक में योग एवं सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। आज का योगाभ्यास डी.के. सिंह, अशोक सिंह एवं अनूप शर्मा के द्वारा कराया गया, जिसमें सभी साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का संरक्षण राजा करेली के द्वारा किया गया। इकाई के महामंत्री देवेंद्र नाथ मिश्रा, महामंत्री विनोद एवं राज अग्रहरि का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उपस्थित सभी योग साधकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार, अभिनंदन एवं धन्यवाद। यह शिविर स्वस्थ, निरोग एवं जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर एक सशक्त प्रयास है।

# डिवाइन पब्लिक स्कूल ने शुरू किया प्रकृति के बीच शिक्षा देने की पहल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल अपनी नवीन सोच, आधुनिक शिक्षण तकनीकों एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए निरंतर चर्चाओं में बना रहता है। इसी क्रम में विद्यालय प्रबंधन द्वारा शनिवार को एक सराहनीय पहल करते हुए कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों को प्राकृतिक वातावरण में अध्ययन हेतु विशेष शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक आशीष उपाध्याय ने 11 अप्रैल को बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना था। प्राकृतिक वातावरण में पहुंचकर बच्चों को खुले आसमान, स्वच्छ हवा एवं हरियाली के बीच पढ़ने-समझने का अवसर मिला, जिससे उनमें नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ विज्ञान, पर्यावरण एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों एवं प्राकृतिक संसाधनों के बारे में नजदीक से अध्ययन किया। शिक्षकों ने उन्हें बताया कि किस प्रकार पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं, वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं। बच्चों को यह भी समझाया गया कि आज के आधुनिक युग में मोबाइल और डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बच्चे शारीरिक गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं, जिसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य, आंखों एवं मानसिक विकास पर पड़ता है। ऐसे में प्राकृतिक वातावरण में समय बिताना न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि उनकी सोच, रचनात्मकता एवं एकाग्रता को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। जब भी विद्यालय को यह महसूस होता है कि बच्चों को कक्षा के बाहर व्यावहारिक अनुभव की आवश्यकता है, तब उन्हें इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया जाता है।

## ये सब स्कूल में हुआ... महज 15 साल की उम्र में अश्लील साइट पर थी

# जान्हवी कपूर

## फोटो, ऐसे हुआ था खुलासा



बॉलीवुड में स्टार्स की पॉपुलैरिटी जितनी तेजी से बढ़ती है, उतनी ही तेजी से उनसे जुड़े विवाद भी सामने आ जाते हैं. खासतौर पर सोशल मीडिया और इंटरनेट के दौर में कई बार सितारों को ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जो चौंकाने वाली होती हैं. कुछ ऐसा ही एक्सपीरियंस हुआ एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के साथ, जब उन्होंने अपनी ही तस्वीर को एक अश्लील वेबसाइट पर देखी. इस घटना ने उन्हें हैरान कर दिया और उन्होंने खुद इस बारे में खुलकर बात की.



जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस हैं, उन्होंने कई सारी कमाल की फिल्मों में काम किया है. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने टीनेज के बारे में बात की, जिसमें उन्होंने चौंकाने वाला खुलासा भी किया. उन्होंने बताया कि जब वो केवल 15 साल की ही थीं, तो उन्हें अपनी एक तस्वीर ऐसी वेबसाइट पर दिखी, जहां उनका इस्तेमाल गलत तरीके से किया गया था. एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने इसे तब देखा जब वो अपने आईटी क्लास के लिए गई थीं.

**अजीब एक्सपीरियंस था**

जान्हवी ने कहा, मुझे नहीं पता कि वो डीपफेक था या नहीं, लेकिन कुछ ऐसा ही था. मैंने अपनी एक तस्वीर एक अश्लील साइट पर देखी. हमारे स्कूल में आईटी की क्लास थी और लड़के मजे के लिए उन साइटों पर जाते थे, मेरी तस्वीरें भी वहां थीं, और ये सब स्कूल में हुआ. तो ये एक अजीब एक्सपीरियंस था. एक समय मुझे लगा कि यही कीमत चुकानी पड़ती है, सोशल मीडिया पर बहुत सी चीजों में मोरैलिटी नाम की कोई चीज नहीं होती.

**बिल्कुल कंफर्टेबल नहीं हूं**

इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैं इस बात से बिल्कुल कंफर्टेबल नहीं हूं. इंटरनेट पर मेरी ऐसी तस्वीरें घूम रही हैं जो पूरी तरह ढ से बनाई गई हैं. मैंने कभी ऐसे कपड़े नहीं पहने और न ही उस तरह की कोई फोटो खिंचवाई है. फिर भी इन्हें ऐसे फैलाया जा रहा है जैसे मैंने खुद शेयर किया हो. इससे लोगों के मन में गलत इमेज बनती है. अगर कल मैं किसी डायरेक्टर से कहूं कि मैं कुछ

## डॉलर ऊपर हो या नीचे क्या फर्क पड़ता है....

# राजपाल यादव

## के सपोर्ट में आए सलमान खान, दिया जवाब



बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव कई दिनों से चर्चा में हैं. वजह है अवॉर्ड शो का वो वीडियो, जो खूब वायरल हो रहा है. हाल ही में वो एक अवॉर्ड फंक्शन का हिस्सा बने थे, जहां उनका मजाक उड़ाया गया. जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर आया, तो लोगों ने भी शो के होस्ट को ट्रोल करना शुरू कर दिया. हर तरफ से राजपाल यादव को काफी सपोर्ट मिल रहा है. हर कोई उस तरह के कमेंट के खिलाफ आवाज उठा रहा है. इसी बीच बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान भी आगे आ गए हैं. उन्होंने राजपाल यादव के लिए खास तौर पर एक ट्वीट लिखा है. एक्टर की तस्वीर लगाकर लिखते हैं- यह याद रखना कि कभी-कभी बहाव में कुछ बातें निकल जाती हैं. अगर देना ही है तो दिमाग में रखो और दिल से काम करो. दरअसल जब अवॉर्ड शो में यह बातचीत हो रही थी, तब खुद राजपाल यादव हंस रहे थे.




राजपाल यादव एक अवॉर्ड शो का हिस्सा बने थे, जहां तेल क्राइसिस और वॉर का मुद्दा छिड़ गया. इस पर राजपाल यादव कहते लगते हैं- 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है. इतने युद्ध चल रहे हैं. मैं रुपये-डॉलर का उतार-चढ़ाव कैसे समझाऊं. समझ नहीं आ रहा कि क्या हो रहा है. शांति-शांति कर रहा हूं. बस इस बात पर शो के होस्ट ने उनका मजाक उड़ाया, जो लोगों को पसंद नहीं आया. यहां तक कि अवॉर्ड शो में बैठे स्टार्स भी यह बात सुनकर काफी शॉक्ड रह गए थे. अब जानिए सलमान खान ने क्या कुछ कहा?

**राजपाल के सपोर्ट में आ गए सलमान**

राजपाल यादव जब जेल में थे, सलमान खान तब भी उनकी मदद करने के लिए आगे आए थे. भाईजान हमेशा ही अपने को-स्टार्स की मदद के लिए आगे आते हैं. पर इस बार मुद्दा कुछ और था और सलमान खान ने खुलकर अपनी राय इस पर रखी है. वो ट्वीट करते हुए लिखते हैं- राजपाल भाई, आप 30 साल से काम कर रहे हैं और हम सबने आपको बार-बार इसलिए चुना है क्योंकि आप अपना काम अच्छी तरह जानते हैं. और उसमें एक वैल्यू लाते हैं. आपको काम की कोई कमी नहीं होगी, और इसी डॉलर रेट पर आपको काम मिलता रहेगा और मिलता रहेगा, यही हकीकत है. और यह याद रखना कि कभी-कभी बहाव में कुछ बातें निकल जाती हैं. अगर देना ही है तो दिमाग में रखो और दिल से काम करो.

## विराट कोहली ने किया 'धुरंधर 2' का रिव्यू, 1600 करोड़ कमा चुकी फिल्म पर क्या कहा?




रणवीर सिंह ने 'धुरंधर 2' के जरिए इतिहास रचने का काम किया है. 19 मार्च को सिनेमाघरों में उनकी ये फिल्म रिलीज हुई है. उसके बाद से हर तरफ बस इसी फिल्म की बात हो रही है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पैसे भी छाप रही है और लोगों का दिल भी जीत रही है. रणवीर की इस फिल्म ने क्रिकेटर विराट कोहली के दिल में भी जगह बना ली है. यही वजह है कि कोहली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए इस पिक्चर की तारीफ की है.

विराट कोहली ने 'धुरंधर 2' देख ली है और उनका कहना है कि इस फिल्म ने उन्हें शानदार सिनेमैटिक एक्सपीरियंस दिया है. उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आज मैंने फिल्म देखी और मैं कह सकता हूं कि भारत में मुझे इस तरह का सिनेमैटिक एक्सपीरियंस पहली बार देखने को मिला है. इसने हर इमोशन को बाहर ला दिया और लगभग चार घंटे तक मैं एक पल के लिए भी नहीं हिला.

**विराट कोहली ने की आदित्य धर की तारीफ**

आगे डायरेक्टर आदित्य धर को मेंशन करते हुए विराट ने लिखा, आपने जो चीज बनाई है उसमें आपकी प्रतिभा साफ झलक रही है. आपको सलाम है. आप जीनियस हैं. कोहली ने रणवीर सिंह की भी तारीफ की और कहा, सारे एक्टर्स अपने रोल में अच्छे लगे हैं, लेकिन रणवीर इस फिल्म के बाद आपने एक अलग ही मुकाम हासिल कर लिया है और आपका अभिनय शानदार से भी बढ़कर है. सच में शानदार.

**अनुष्का शर्मा को भी पसंद आई फिल्म**

विराट के अलावा अनुष्का शर्मा का भी 'धुरंधर 2' पर रिएक्शन आया है. उन्हें भी ये फिल्म काफी पसंद आई है. उन्होंने भी रणवीर सिंह, आदित्य धर, राकेश बेदी, आर माधवन जैसे स्टार्स की तारीफ की है.

साथ ही उन्होंने इस फिल्म को मिली सफलता के लिए तमाम स्टार्स को बधाई भी दी है. बहरहाल, 'धुरंधर 2' को लोगों की तरफ से इस कदर रिस्पॉन्स मिल रहा है कि सिर्फ 18 दिनों में दुनियाभर से इस फिल्म ने 1600 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है. भारत की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड भी इसी पिक्चर के नाम दर्ज हो गया है. कमाई का सिलसिला अभी भी जारी है.

## भूतों ने स्टाइल किया... ट्रेलर से ज्यादा अक्षय कुमार का लुक चर्चा में, Bhooth Bangla इवेंट में फटी शर्ट पहनने पर हुए ट्रोल




अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं. फिल्म 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली है. हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की लीड कास्ट ने शिरकत की. इसके बाद से फिल्म के ट्रेलर से ज्यादा अक्षय कुमार का लुक लोगों के बीच सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन गया. लेकिन, ये चर्चा किसी अच्छे रिजन की वजह से नहीं बल्कि लुक को ट्रोल करने की वजह से था.

6 अप्रैल को मुंबई में फिल्म 'भूत बंगला' के ट्रेलर लॉन्च हुआ, इवेंट का माहौल जहां हंसी-मजाक और स्टार्स की मौजूदगी से गुलजार था, वहीं इस इवेंट का सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला पहलू फिल्म नहीं, बल्कि अक्षय कुमार का लुक बन गया. जैसे ही अक्षय कुमार स्टेज पर पहुंचे, लोगों की नजरें उनकी एक्टिंग या फिल्म के ट्रेलर पर नहीं, बल्कि उनकी फटी हुई शर्ट पर टिक गई. उन्होंने नीले रंग की शर्ट पहनी थी उसके ऊपर उन्होंने ब्लेजर डाल रखा था और दोनों ही फटी हुई थी.

**लोगों ने कहा 'छपरी जोकर'**

वैसे भी सोशल मीडिया के दौर में छोटी-सी बात भी बड़ी खबर बन जाती है और यहां तो मामला बॉलीवुड के खिलाड़ी का था. बस फिर क्या था, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर यूजर्स ने उन्हें जमकर ट्रोल करना शुरू कर दिया. किसी ने उनके लुक को छपरी जोकर बताया तो किसी ने सवाल किया, क्या मजबूरी थी जो ऐसे कपड़े पहनकर आना पड़ा? वहीं एक और यूजर ने लिखा कि ये करें तो फैशन और हम करें तो गरीब. लोगों ने फैशन सेंस का मजाक बनाते हुए लिखा कि ज्यादा दौलत इंसान को पागल बना देती है. वहीं कई लोगों ने तो इसे भिखारी वाले कपड़े बोल दिया है.

**भूतों ने स्टाइल किया है**

हालांकि, अक्षय ने अपने इस स्टाइल को लेकर कमाल का खुलासा भी किया है. एक्टर का ये लुक फिल्म के प्रमोशन का ही एक हिस्सा था, उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें भूतों ने स्टाइल किया है.

साथ ही उन्होंने कहा, फिल्म प्रोड्यूस करने पर ऐसी ही हालत हो जाती है. अक्षय का ये लुक सुपरनेचुरल पावर की ओर इशारा करता है, जो कि इस फिल्म का मेन बेस है. इवेंट में चर्चा में आने का ये कमाल तरीका है.

ईरान की आज जो भी स्थिति है, वह अमेरिका के संयम की वजह से है। उन्होंने कहा कि आज जिंदा रहने का एकमात्र कारण यह है कि वे मेज पर बैठकर समझौता करें। दरअसल, ईरान ने हाल ही में एक 10-सूत्रीय शांति प्रस्ताव रखा है। इसमें एक शर्त यह भी शामिल है कि होर्मुज के रास्ते गुजरने वाले जहाजों को फीस देनी होगी। -डोनाल्ड ट्रंप




# विचार एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 12 अप्रैल, 2026






**देश को मिलेगी एक और नई वंदे भारत स्लीपर...**

हाल ही में बैंगलोर सेंट्रल से भाजपा सांसद पी.सी. मोहन ने बेंगलुरु और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए रेल मंत्री को पत्र लिखा था। इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए रेल मंत्री ने न सिर्फ प्रस्ताव पर विचार किया, बल्कि इसे मंजूरी भी दे दी। यह ट्रेन दक्षिण... पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# तीन राज्यों में बंपर वोटिंग ने क्या संदेश दिया?

**यहां की साठ सीटों पर तीनों प्रमुख राजनीतिक धाराओं की नजर है। पिछले चुनाव में इस क्षेत्र में सत्तारुढ़ दल को बड़ी सफलता मिली थी, लेकिन इस बार विपक्ष यहां बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। कई सीटों पर कड़ा मुकाबला और अस्सी प्रतिशत से अधिक मतदान इस क्षेत्र को और भी महत्वपूर्ण बना देता है। अब पुडुचेरी की बात करें तो यहां सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो लगभग नब्बे प्रतिशत के करीब रहा। यह पिछले सभी रिकॉर्ड को पार करता हुआ दिखाई देता है। यहां मुकाबला मुख्य रूप से दो गठबंधनों के बीच है।**

*असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में इस बार जबरदस्त मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 80 प्रतिशत के औसत मतदान ने यह संकेत दिया है कि जनता न केवल राजनीतिक रूप से जागरूक है, बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इतना ही नहीं, इस भारी मतदान ने राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज कर दी हैं, क्योंकि हर दल इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देख रहा है। हालांकि इस बंपर मतदान के वास्तविक मायने क्या हैं, यह समझने के लिए तीनों राज्यों का अलग अलग विश्लेषण जरूरी है। सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। खास बात यह रही कि सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान नब्बे प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। दलगांव में तो मतदान लगभग 95 प्रतिशत के करीब रहा, जो राज्य में सबसे अधिक है। असम में चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से दो ध्रुवों के बीच रहा। एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारुढ़ गठबंधन है जो लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष गठबंधन सत्ता में वापसी के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रीय दल भी कुछ सीटों पर प्रभाव डालने की स्थिति में हैं। यहां मतदान का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय असमानता के रूप में सामने आया। निचले असम के क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां मतदान प्रतिशत अत्यधिक रहा। बरपेटा, बोंगाईगांव और धुबरी जैसे जिलों में मतदान नब्बे प्रतिशत से ऊपर दर्ज किया गया। इसके विपरीत ऊपरी असम के क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि चुनावी उत्साह उन क्षेत्रों में अधिक था जहां मुकाबला अधिक तीखा है। हालांकि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं भी सामने आई, लेकिन कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। भारी मतदान को लेकर सत्तारुढ़ नेतृत्व ने इसे ऐतिहासिक बताया और इसे जनता के विश्वास का प्रतीक माना। अब केरल की बात करें तो यहां का चुनाव परंपरागत रूप से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे के बीच रहा, जबकि तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रहा भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है। केरल में लगभग 77 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले चुनाव से अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक कोझिकोड जिले में सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। केरल में इस बार चुनाव का मुख्य सवाल यह रहा कि क्या सत्तारुढ़ गठबंधन लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेगा या फिर विपक्ष वापसी करेगा? उच्च मतदान को लेकर अलग अलग राजनीतिक दलों ने अलग अलग दावे किए हैं। सत्तारुढ़ पक्ष इसे अपनी नीतियों के समर्थन के रूप में देख रहा है, जबकि विपक्ष इसे बदलाव की इच्छा का संकेत बता रहा है। हम आपको बता दें कि उत्तर केरल यानी मलाबार क्षेत्र इस बार भी चुनावी परिणामों की कुंजी माना जा रहा है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यह राज्य 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में लगातार शीर्ष पर रहा है, जिससे निवेश आकर्षित हुआ है। केरल में स्वास्थ्य और शिक्षा का बुनियादी ढांचा मजबूत है, लेकिन भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक सुविधाओं में अपेक्षाकृत कमी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आर्थिक विकास के लिए भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर अत्यंत आवश्यक है, जिसमें गुजरात आगे है। आज गुजरात में राजस्व अधिशेष और नियंत्रित ऋण स्तर देखने को मिलता है। इसके विपरीत, केरल उच्च राजस्व घाटे और बढ़ते ऋण से जूझ रहा है। विशेष रूप से यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि अधिक जनसंख्या और संसाधन दबाव के बावजूद गुजरात ने बेरोजगारी, अपराध और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया है।**

# खरगे प्रसंग : तब ऐसी अशिक्षा क्या बुरी है!



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**यहां के लोग अधिकांश राज्य से बाहर जाकर धन अर्जित करते हैं, जबकि गुजराती अपने लिए तो धनार्जन करते ही हैं,वह दूसरों को भी बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराते हैं। यही कारण है जो आज गुजरात भारत के कुल निर्यात का लगभग 25-27 प्रतिशत योगदान देता है। इस प्रकार, आर्थिक विस्तार और उत्पादन क्षमता के मामले में गुजरात स्पष्ट रूप से केरल से बहुत आगे है। एक और महत्वपूर्ण पहलू अपराध दर है।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गुजरात के लोगों को लेकर कहा है कि वहां के लोग 'अशिक्षित' हैं, इसलिए वहां के लोगों को पीएम मोदी आसानी से गुमराह कर सकते हैं, लेकिन केरल के लोग ज्यादा समझदार और शिक्षित हैं, इसलिए उन्हें कोई भ्रमित नहीं कर सकता। निश्चित ही यह कहकर खरगे ने न सिर्फ गुजरात के लोगों का, बल्कि उन सभी राज्यों में निवासरत भारतवासियों का अपमान किया है, जहां भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। देश में वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का भारतीय राजनीति में व्यापक विस्तार है। भाजपा सीधे तौर पर या गठबंधन के माध्यम से देश के 21 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सत्ता में है। एक तरह से देखें तो उत्तर भारत (हिंदी हृदयस्थल), पश्चिम भारत और उत्तर-पूर्व भारत के अधिकांश हिस्से में भाजपा का सीधा प्रभाव है, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार, महाराष्ट्र, पूर्वोत्तर के महत्वपूर्ण राज्यों में यह बड़े क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है। यह भी एक तथ्य है कि भाजपा और उसके सहयोगियों वाले राज्य भारत की लगभग 60 फीसद से अधिक जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 58 से 62 प्रतिशत से अधिक हिस्सा उन राज्यों में आता है जहाँ कि आज भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं। अब इस दिए गए खरगे के बयान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी द्वारा गुजरात के लोगों के संदर्भ में दिए गए बयान अत्यंत आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस प्रकार की टिप्पणी न केवल 6 करोड़ गुजरातवासियों का अपमान है, बल्कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की पावन धरती की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। गुजरात ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, विकास और एकता में अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे बयान कांग्रेस की संकीर्ण सोच को दर्शाते हैं। यह टिप्पणी स्पष्ट करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की विकास की राजनीति और उसे मिल रहे व्यापक जनसमर्थन से कांग्रेस कितना असहज और असुरक्षित महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की तरह ही अन्य विरोध के स्वर भी सामने आए हैं, जिन्होंने सीधे तौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को सिरे से नकारते हुए इसे अनुचित एवं देश के आमनागरिकों का अपमान बताया है। कभी-कभी लगता है कि पिछले 11 सालों से अधिक समय से केंद्रीय सत्ता से दूर रहने के बाद भी शायद कांग्रेस समझना नहीं चाहती! यदि वास्तव में देश की जनता के मर्म को समझती तो इस तरह के संकुचित और स्वयं से भड़ास केंद्रित बयान कम



**देश में लम्बे समय तक शासन में रही पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष गुजरात की सफलता को नकारता है, वहां के लोगों को अशिक्षित कहता है!निश्चित तौर पर यह कांग्रेस की छोटी सोच को दर्शाने वाला बयान है, जिसकी जितनी भी आलोचना होगी वह कम ही है।**

से कम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तो नहीं देते। फिर इस बयान के संदर्भ में एक दूसरा दृष्टिकोण भी है, वह यह कि यदि गुजरात के लोग अशिक्षित भी हैं तो क्या बुरा है? वे जीवन का सत्य तो गहराई से पहचानते हैं! यदि खरगे केरल से गुजरात की तुलना कर भी रहे हैं तो देखें कि दोनों ही राज्य आज कहां खड़े हुए हैं। वस्तुतः भारत के विकास परिदृश्य में केरल और गुजरात दो ऐसे राज्य हैं, जो भिन्न विकास मॉडलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। केरल को जहाँ सामाजिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव विकास सूचकांक के लिए जाना जाता है, वहीं गुजरात आर्थिक वृद्धि, औद्योगिकीकरण और निवेश के क्षेत्र में अग्रणी है। तुलनात्मक अध्ययन से ध्यान में आता है कि कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गुजरात आगे है। अध्ययन जनसंख्या से आरंभ करते हैं; गुजरात की जनसंख्या लगभग 7.3 से 7.5 करोड़ है, जो केरल की लगभग 3.5 करोड़ जनसंख्या से दोगुनी से अधिक है। सामान्यतः यह अपेक्षा की जाती है कि अधिक जनसंख्या वाले राज्य में संसाधनों पर दबाव अधिक होगा, बेरोजगारी और अपराध जैसी समस्याएँ अधिक होंगी, किंतु वास्तविकता इसके विपरीत दिखाई देती है। गुजरात, अपनी बड़ी जनसंख्या के बावजूद, रोजगार सृजन, औद्योगिक विस्तार और आर्थिक अवसरों के माध्यम से इन चुनौतियों को नियंत्रित करने में सफल रहा है। इसके विपरीत, केरल में कम जनसंख्या होने के बावजूद बेरोजगारी दर अधिक है। यहां बेरोजगारी दर 2025-26 में लगभग 7-8 फीसद के आसपास है। इसके विपरीत, गुजरात में बेरोजगारी दर मात्र 2-3 प्रतिशत है, जोकि देश में सबसे कम में से एक है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि केवल शिक्षा दर उच्च होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आर्थिक संरचना और रोजगार सृजन की क्षमता अधिक महत्वपूर्ण है, जिसमें कि गुजरात आगे है। केरल की साक्षरता दर लगभग 96 फीसद है, जबकि गुजरात की 80-85 फीसद के बीच है, किन्तु इस उपलब्धि के बावजूद, यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि क्या शिक्षा की ये उपलब्धि आर्थिक अवसरों में परिवर्तित हो रही हैं? उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी इस बात का संकेत देती है कि केरल की सामाजिक प्रगति आर्थिक संरचना से पूरी तरह जुड़ नहीं पाई है।इसके विपरीत, गुजरात ने शिक्षा में अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन के बावजूद आर्थिक अवसरों का विस्तार कर संतुलन स्थापित किया है। आर्थिक दृष्टि से गुजरात का प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली रहा है। 2025-26 में गुजरात का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) लगभग 29-30 लाख करोड़ के आसपास पहुँच चुका है, जबकि केरल का जीएसडीपी लगभग 14-15 लाख करोड़ है। विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में भी गुजरात लगातार शीर्ष राज्यों में बना हुआ है। 2025 तक यह राज्य अरबों डॉलर का निवेश आकर्षित कर चुका है। गुजरात की सबसे बड़ी ताकत उसका औद्योगिक आधार है। पेट्रोकेमिकल, फार्मा, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और बंदरगाह आधारित उद्योगों ने इसे भारत का औद्योगिक केंद्र बना दिया है। कहना होगा कि किसी भी राज्य में उसकी समग्र सफलता के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए औद्योगिक आधार अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र में गुजरात की बढ़त निर्णायक है। प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर दोनों राज्य लगभग समान दिखाई देते हैं, किंतु वृद्धि दर और औद्योगिक योगदान के मामले में गुजरात आगे है। गुजरात की अर्थव्यवस्था में उद्योगों का योगदान 50 फीसद से अधिक है, जबकि केरल में सेवा क्षेत्र प्रमुख है। यहां के लोग अधिकांश राज्य से बाहर जाकर धन अर्जित करते हैं, जबकि गुजराती अपने लिए तो धनार्जन करते ही हैं,वह दूसरों को भी बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराते हैं। यही कारण है जो आज गुजरात भारत के कुल निर्यात का लगभग 25-27 प्रतिशत योगदान देता है। इस प्रकार, आर्थिक विस्तार और उत्पादन क्षमता के मामले में गुजरात स्पष्ट रूप से केरल से बहुत आगे है। एक और महत्वपूर्ण पहलू अपराध दर है। केरल में प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर अधिक दर्ज की गई है, जबकि गुजरात में यह अपेक्षाकृत कम है। गुजरात में अपेक्षाकृत कम अपराध दर आज यह दर्शाती है कि आर्थिक अवसर और रोजगार सामाजिक स्थिरता में योगदान देते हैं। वहीं, गुजरात ने सड़क, बिजली, बंदरगाह और औद्योगिक कॉरिडोर के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 13:17 तक |
| नक्षत्रः | श्रवण 15:14 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | साध्य, 06:16 |
| सूर्योदयः | 06:12 |
| सूर्यास्तः | 18:40 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 05:09-06:45 |
| विक्रमी संवत्ः | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 12:08-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### हुआ पाक जलील !

*रुक रही ना बेइज्जती ।*
*हुआ पाक जलील ।।*
*सीजफायर में भूमिका थी ।*
*करवाया था डील ।।*
*लेकिन लेबनान पर ।*
*हैं हमलें अभी जारी ।?।*
*निकली पाकिस्तान की ।*
*हेकड़ी अब सारी ।।*
*कॉपी-पेस्ट वालों का ।*
*हुआ अजब है हाल ।।*
*इजरायल ना मान रहा।*
*खड़े हुए सवाल ।।*
*अमरीका-इजरायल ने ।*
*कर दिया ऐलान ।।*
*सीजफायर से बाहर है ।*
*ये जो लेबनान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# पीसीओएस में वजन घटाने के लिए बेस्ट डाइट

**पीसीओएस** में बहुत सी महिलाएं वजन बढ़ने की समस्या से परेशान रहती हैं और वजन कम करने की कोशिश में लगी रहती हैं, लेकिन वजन कम नहीं हो पाता है। पीसीओएस में वजन कम करने के लिए लाइफस्टाइल में सुधार करने के साथ-साथ खानपान पर खास ध्यान देना भी जरूरी हो जाता है। डॉ. गायत्री कार्तिक नागेश के अनुसार, पीसीओएस में वजन कम करना जरूरी होता है। ऐसा करने से शरीर में हार्मोन्स को बैलेंस करने, मेटाबॉलिक सिंड्रोम से बचाव कर मेटाबॉलिज्म को ठीक करने, इंसुलिन में सुधार करने, डायबिटीज के खतरे को कम करने, ओव्यूलेशन के स्वास्थ्य में सुधार करने और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।' ज्यादा वजन वाली महिलाओं में पीसीओएस के लक्षणों और इससे होने वाली लॉन्ग टर्म स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने के खतरे को वजन कम करके काफी हद तक कम किया जा सकता है। पीसीओएस में सिर्फ 5% तक वजन कम करना भी आपकी सेहत में बड़ा सुधार ला सकता है। आप अपने वजन और लंबाई के आधार पर पीसीओएस यानी बॉडी मास इंडेक्स



कैलकुलेट करके पता लगा सकते हैं कि आपका वजन सही है या नहीं। एक नॉर्मल और हेल्दी पीसीओएस 18.5 से 24.9 के बीच होता है। ऑनलाइन बीएमआई कैलकुलेट की मदद से वजन की हेल्दी रेंज को चेक किया जा सकता है। वजन कम करने के लिए आप रेगुलर एक्सरसाइज, हेल्दी और बैलेंस डाइट ले सकते हैं। इसके लिए आप अपनी डाइट में ताजे फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, लीन मीट और चिकन को डाइट में शामिल करें। डॉ. गायत्री आगे कहती हैं, पीसीओएस में महिलाओं के लिए वजन कम करने का सबसे अच्छा तरीका है बैलेंस डाइट और लो ग्लाइसेमिक वाली डाइट लेना, जिससे इंसुलिन के स्तर को बैलेंस रखने और वजन को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।' डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, 'पीसीओएस को कंट्रोल करने और वजन कम करने के लिए अपनी डाइट में भरपूर पोषण और बैलेंस डाइट शामिल करें। इसके लिए कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले साबुत अनाज और हरी सब्जियों जैसे फूड्स को खाएं। ये शरीर में ब्लड शुगर और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित रखता है, जिससे वजन कम करने और हार्मोन्स को बैलेंस रखने में सहायक हो सकता है।'

**लो-ग्लाइसेमिक फूड्स क्या होते हैं?:** डॉ. गायत्री कार्तिक नागेश बताती हैं, 'लो-ग्लाइसेमिक डाइट का मतलब है, ऐसे फूड्स खाना जो ब्लड शुगर को धीरे-धीरे बढ़ाते हैं, जिससे शरीर में इंसुलिन के स्तर को बैलेंस रखने में मदद मिलती है। बता दूं, इंसुलिन एक ऐसा हार्मोन है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है। पीसीओएस में महिलाओं को इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या हो जाती है। इसका मतलब यह है कि शरीर इंसुलिन का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता है, जिससे वजन बढ़ने और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# रिकॉर्ड मतदान, बदलता भारत-लोकतंत्र अब जनता की मुट्ठी में



प्रो. आरके जैन

**इन चुनावों में अगर किसी ने पूरे देश को सबसे ज्यादा चौंकाया, तो वह पुडुचेरी था। केवल 9.5 लाख मतदाताओं वाले इस छोटे केंद्र शासित प्रदेश में 86.92 प्रतिशत मतदान ने लोकतंत्र की नई मिसाल कायम कर दी।**

**बड़ी संख्या में महिलाएं और पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदान के लिए पहुंचे। युवाओं ने बेरोजगारी, तकनीकी शिक्षा और बेहतर अवसरों के सवाल उठाए, जबकि महिलाओं ने स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता दी। केरल के मतदाता ने साफ कर दिया कि अब राजनीति केवल विचारधारा तक सीमित नहीं रहेगी। जनता का विश्वास उसी दल को मिलेगा, जो उसकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा।**

**कभी**-कभी इतिहास शोर से नहीं, कतारों में खड़ी खामोश भीड़ के संकल्प से लिखा जाता है। 9 अप्रैल 2026 ऐसा ही दिन था। असम, केरल और पुडुचेरी में भोर से पहले ही मतदान केंद्रों के बाहर जनसैलाब उमड़ पड़ा। कहीं भीगे हाथों में छाते थे, कहीं तपती सुबह से पहले ही चेहरों पर जिद चमक रही थी। कोई कांपते कदमों और झुकी कमर के साथ पहुंचा था, तो कोई पहली बार वोट देने का उत्साह आंखों में लिए खड़ा था। चेहरे अलग थे, भाषाएं अलग थीं, परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन सबको एक ही विश्वास जोड़ रहा था-लोकतंत्र को और मजबूत करने का विश्वास। शाम तक आंकड़ों ने बता दिया कि जनता ने केवल मतदान नहीं किया, बल्कि लोकतंत्र के पक्ष में अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया। चुनाव आयोग के अनुसार मतदान समाप्ति से एक घंटे पहले (शाम 5 बजे तक) के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नई ताकत का ऐलान करने वाले हैं-असम में 84.42 प्रतिशत, केरल में 75.01 प्रतिशत और पुडुचेरी में 86.92 प्रतिशत मतदान। ये केवल संख्या नहीं, बल्कि उस जागते भारत की तस्वीर हैं, जो अब राजनीति को दूर से देखना नहीं, उसे अपनी मुट्ठी में लेना चाहता है। लगभग 5.3 करोड़ मतदाताओं की इस भागीदारी ने साफ कर दिया कि जनता अब भाषणों और नारों के पीछे चलने वाली भीड़ नहीं रही। वह सवाल करती है, जवाब मांगती है और अपने वोट से बता रही है कि सत्ता का असली मालिक नागरिक है। यही वजह है कि ये चुनाव केवल तीन राज्यों की घटना नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा बन गए हैं। असम में इस बार का चुनाव कई अर्थों में ऐतिहासिक रहा। 126 सीटों वाले राज्य में 84.42 प्रतिशत मतदान ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 2023 के परिसीमन के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच यह पहला चुनाव था, इसलिए लोगों की भागीदारी भी बढ़ी। भाजपा-एनडीए, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में सत्ता बचाने में जुटा है, जबकि कांग्रेस और अन्य दल वापसी की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि मतदाता दलों से अधिक अपने मुद्दों पर केंद्रित दिखा। भूमि अधिकार, सांस्कृतिक पहचान, सीमा सुरक्षा, बेरोजगारी और विकास जैसे सवाल लोगों को बूथ तक ले आए। डलगांव जैसे क्षेत्रों में 94 प्रतिशत से अधिक मतदान ने बता दिया कि असम अब केवल सरकार नहीं, अपना भविष्य चुन रहा है। असम की जनता ने इस बार केवल वोट नहीं डाला, बल्कि अपनी राजनीतिक चेतना भी दिखा दी। पहचान, घुसपैठ, सीमाई तनाव और अवसरों की कमी से लंबे समय तक जूझते रहे इस राज्य ने साफ कर दिया कि अब उसे केवल वादे नहीं, ठोस जवाब चाहिए। गांवों, पहाड़ी इलाकों और सीमा से लगे क्षेत्रों में जिस तरह महिलाएं, बुजुर्ग और युवा मतदान के लिए निकले, उसने साबित कर दिया कि लोकतंत्र की ताकत शहरों तक सीमित नहीं है। असम ने यह भी दिखाया कि पूर्वोत्तर अब राष्ट्रीय राजनीति का किनारा नहीं, बल्कि उसकी दिशा तय करने वाली मजबूत आवाज बन चुका है। वहां की जनता ने बता दिया कि लोकतंत्र सबसे मजबूत तब होता है, जब सबसे दूर बैठा नागरिक भी अपने वोट की कीमत समझने लगे। केरल में तस्वीर अलग थी, लेकिन संदेश उतना ही मजबूत। 140 सीटों पर हुए चुनाव में 75.01 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। यह आंकड़ा असम और पुडुचेरी से कम जरूर है, लेकिन राजनीतिक रूप से बेहद जागरूक केरल में यह भागीदारी अपने आप में असाधारण है। एलडीएफ, यूडीएफ और भाजपा गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबले ने चुनाव को और दिलचस्प बना दिया। पलक्कड़, कोझीकोड और कई जिलों में 80 प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ। स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, पर्यावरण और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता ने खुलकर अपनी राय दी। यहां मतदाता केवल दल नहीं देखता, बल्कि उनके काम, नीतियों और भविष्य की दिशा को भी परखता है। केरल की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वहां लोकतंत्र केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक संस्कृति बन चुका है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक-मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# ग्राम विकास अधिकारी संघ की नई जिला कार्यकारिणी निर्विरोध घोषित, राम किशोर बने जिलाध्यक्ष

**होटल ग्रैंड शारदा में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ चुनाव सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने गए, संगठन की एकजुटता का दिखा मजबूत संदेश**





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ, जनपद शाखा की नई जिला कार्यकारिणी का चुनाव नगर स्थित होटल ग्रैंड शारदा में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित इस चुनाव प्रक्रिया में सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध एवं सर्वसम्मति से किया गया, जो संगठन की एकजुटता, पारदर्शिता और आपसी समन्वय का परिचायक है। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी संजय तोमर (प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ग्राम विकास मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश) तथा सह-चुनाव अधिकारी अवनीश कुमार (जिला अध्यक्ष, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ) की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष इल्मुद्दीन खां की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता पर बल दिया। चुनाव के दौरान उपस्थित सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा ग्राम विकास अधिकारियों की समस्याओं के समाधान हेतु सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत नई जिला कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की गई, जिसमें राम किशोर को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया।

इसके अतिरिक्त आर्मेन्द्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौरभ गंगवार को जिला मंत्री, रूपेश कुमार को उपाध्यक्ष, राहुल कनौजिया को कोषाध्यक्ष, मेवालाल को ऑडिटर, नागेन्द्र कुमार को संगठन मंत्री, ललित मोहन गंगवार को संयुक्त मंत्री तथा सुधीर कुमार को प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वीरेन्द्र कुमार, महेश पाल एवं प्रवीण मौर्य को नामित किया गया। इस पूरे चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पवन पटेल की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही, जिसकी उपस्थित सदस्यों ने खुले दिल से प्रशंसा की।

चुनाव उपरांत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इसके बाद उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक एकता के भाव से ओत-प्रोत रहा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राम किशोर ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के हितों की रक्षा, कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

उन्होंने सभी साथियों से सहयोग और सहभागिता की अपेक्षा भी जताई। कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक मजबूती, आपसी भाईचारे और भविष्य में और अधिक प्रभावी कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम विकास अधिकारियों ने भाग लेकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

# जंगल की राहों पर जब 'शेर-ए-जंगल' आया, बाघ को देख हर चेहरा रोमांच से जगमगाया

**वीकेंड पर उमड़ी भीड़, लालपुल-चूका मार्ग पर बाघ की हलचल से रोमांच चरम पर? कई स्थानों पर दिखी वन्यजीवों की सक्रियता**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

वीकेंड के अवसर पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व एक बार फिर सैलानियों की पसंदीदा मंजिल बन गया। शनिवार को सुबह से ही यहां पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जंगल सफारी को लेकर लोगों में इतना उत्साह रहा कि सुबह और शाम दोनों शिफ्ट के अधिकांश वाहन पहले ही आरक्षित हो चुके थे। दूर-दराज से आए पर्यटक परिवार और मित्रों के साथ जंगल की प्राकृतिक खूबसूरती का आनंद लेने पहुंचे। सफारी के दौरान कई सैलानियों के लिए यह दिन बेहद खास और रोमांचकारी बन गया। लालपुल से चूका मार्ग पर जैसे ही पर्यटकों के वाहन आगे बढ़े, अचानक एक बाघ के नजर आने से पूरे क्षेत्र में उत्साह और हलचल बढ़ गई। बाघ कुछ देर तक सड़क पर ही टहलता रहा, मानो वह पर्यटकों की मौजूदगी से बेखौफ हो। इसके बाद वह बेहद शांत अंदाज में वाहनों के सामने से गुजरते हुए घने जंगल में ओझल हो गया। इस अद्भुत दृश्य को देखकर पर्यटक रोमांच से भर उठे और इस पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करने लगे। इस दौरान वन विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया। सफारी मार्गों पर तैनात कर्मचारियों ने पर्यटकों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। सैलानियों को वाहनों से बाहर न निकलने, शोर न करने और वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए लगातार जागरूक किया गया। अधिकारियों की निगरानी में पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती रही, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। टाइगर रिजर्व के अन्य क्षेत्रों से भी वन्यजीवों की सक्रियता की खबरें सामने आईं। कई पर्यटकों ने एक साथ दो बाघों के दर्शन होने की जानकारी दी, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ गया। इसके अलावा हिरणों के झुंड, नीलगाय की चहल-पहल और विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों की मौजूदगी ने जंगल के माहौल को और अधिक जीवंत बना दिया। हर ओर प्राकृतिक सुंदरता और वन्य जीवन की हलचल ने सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि इन दिनों मौसम अनुकूल होने और जंगल में जल स्रोतों की उपलब्धता के कारण वन्यजीवों की गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे उनके दिखने की संभावना भी अधिक हो जाती है। यही कारण है कि वर्तमान समय में टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पर्यटकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बाघ को इतने करीब से देखना उनके जीवन का एक अविस्मरणीय पल रहा।

कई लोगों ने कहा कि उन्होंने केवल फिल्मों या टीवी में ही इस तरह के दृश्य देखे थे, लेकिन वास्तविकता में इसे देखना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा रहा। वन विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की संभावना है। इसके मद्देनजर सभी व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत किया जा रहा है, ताकि हर सैलानी को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और यादगार अनुभव मिल सके।

# अप्रैल में सही प्रबंधन से गन्ना बनेगा 'सोना', खेत-खेत पहुंचकर किसानों को जागरूक कर रहे जिला गन्ना अधिकारी

**शरदकालीन गन्ने की बढ़वार का अहम समय, वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने पर जोर**



जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** अप्रैल का महीना शरदकालीन गन्ने की फसल के लिए निर्णायक माना जाता है। इस समय यदि किसान वैज्ञानिक पद्धतियों के अनुसार फसल की देखभाल करें, तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। खेतों में बढ़ती गर्मी के बीच गन्ने की फसल को उचित पोषण, सिंचाई और संरक्षण की आवश्यकता होती है, जिससे मजबूत पौध, अधिक टिलरिंग और मोटा गन्ना प्राप्त किया जा सके। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय खेतों को खरपतवार मुक्त रखना बेहद जरूरी है। निराई-गुड़ाई करने से पौधों को पर्याप्त पोषण मिलता है और उनकी वृद्धि बेहतर होती है। साथ ही तापमान बढ़ने के कारण 10 से 12 दिन के अंतराल पर हल्की सिंचाई करना आवश्यक है, ताकि फसल सूखे के प्रभाव से बची रहे। इस दौरान गन्ने में नाइट्रोजन युक्त खाद, विशेषकर यूरिया की पहली या दूसरी किस्त देना भी फसल की बढ़वार के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके अलावा पौधों की जड़ों को मजबूती देने और गिरने से बचाने के लिए मिट्टी चढ़ाने का कार्य (अर्थिंग अप) करना जरूरी होता है। गन्ने की फसल में इस समय पायरीला, दीमक और अन्य कीटों का प्रकोप बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में नियमित निगरानी और समय पर नियंत्रण उपाय अपनाना बेहद जरूरी है, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। जिन किसानों ने गन्ने के साथ अंतरवर्ती फसलें ली हैं, उन्हें संतुलन बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जा रही है।

### खेतों तक पहुंच रहा विभाग, किसानों में भारी उत्साह

जनपद में जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव की सक्रियता इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। वे स्वयं खेतों में जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रहे हैं और उन्हें गन्ने की आधुनिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। उनकी यह पहल किसानों के बीच विश्वास और उत्साह पैदा कर रही है। किसानों का कहना है कि अक्सर अधिकारी दफ्तरों तक सीमित रहते हैं, लेकिन खुशीराम भार्गव लगातार गांव-गांव पहुंचकर खेतों में समय दे रहे हैं। इससे किसानों को न केवल सही मार्गदर्शन मिल रहा है, बल्कि वे अपनी समस्याएं भी सीधे साझा कर पा रहे हैं। गन्ना जैसी नगदी फसल में समय पर और वैज्ञानिक तरीके से किया गया प्रबंधन ही लाभ का आधार बनता है। यदि प्रशासनिक स्तर पर इस तरह की सक्रियता बनी रहे और किसान जागरूक होकर नई तकनीकों को अपनाएं, तो निश्चित रूप से गन्ना उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में भी सुधार आएगा। आज जरूरत इस बात की है कि 'समय पर देखभाल और सही जानकारी' को खेती का हिस्सा बनाया जाए। यदि अप्रैल में गन्ने की फसल पर विशेष ध्यान दिया गया, तो यह मेहनत आने वाले समय में बेहतर उत्पादन और अधिक लाभ के रूप में सामने आएगी।

# नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर भाजपा की रणनीति तैयार

## आज से 20 अप्रैल तक चलेगा जनपदव्यापी कार्यक्रम

- महिला सम्मेलन, पदयात्रा और रैलियों के जरिए होगा जागरूकता अभियान, महिला मोर्चा को सौंपी गई जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



शनिवार को जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि (आज) 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक पूरे जनपद में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए विधानसभा स्तर तक संयोजकों की नियुक्ति कर दी गई है, ताकि कार्यक्रमों का संचालन सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से हो सके। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें महिला सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा, बाइक एवं स्कूटी रैली, महिला दौड़ और सांस्कृतिक आयोजन शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों और सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान के माध्यम से इस अधिनियम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी।

बैठक में यह भी तय किया गया कि अभियान के सफल संचालन की जिम्मेदारी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा को जिला संयोजक के रूप में सौंपी गई है। इस दौरान जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, रेखा सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा, ऋचा सिंह पटेल, पंकजा तिवारी, रेनू राज, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, अभिमन्यु गंगवार, राम चरण राठौर, विजय सरकार और दीपक सूर्यवंशी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पूरनपुर में लूटकांड का खुलासा

## पुलिस-एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपी दबोचे

**तमंचा, कारतूस व लूट की नगदी बरामद; दो अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश जारी**



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद की तहसील पूरनपुर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस की थाना पूरनपुर पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा और उनके पास से लूटी गई नगदी के साथ अवैध हथियार भी बरामद किए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पूरनपुर के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह सफलता मिली।

पुलिस के अनुसार, थाना पूरनपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 141/2026, धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित मामले में प्रकाश में आए आरोपी दयाराम पुत्र जमुना प्रसाद (25 वर्ष) निवासी ग्राम सराय नवदिया थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर तथा आजाद पुत्र जगदीश (23 वर्ष) निवासी ग्राम धनसिंहपुर पोस्ट प्रसादपुर थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को ग्राम जेठापुर नहर पुलिया के पास से तड़के लगभग 4:05 बजे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक अवैध .312 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा लूट के 5,000 रुपये बरामद किए गए।

पुलिस के मुताबिक, 6 अप्रैल 2026 की शाम करीब 8:30 बजे अमित वर्मा पुत्र रामदास निवासी ग्राम सबलपुर खास थाना पूरनपुर अपने नए मकान से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं लादकर गांव लौट रहे थे।

जब वह राकेश के ट्यूबवेल के पास पहुंचे, तभी चार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।

बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनकी जेब में रखे 10,000 रुपये नगद और ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर 7 अप्रैल 2026 को थाना पूरनपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान चार आरोपियों की पहचान हुई, जिनमें से दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही पूरे गिरोह को पकड़ लिया जाएगा। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय, एसओजी प्रभारी अजय पाल सिंह, उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव, हेड कांस्टेबल रोशन लाल, कांस्टेबल मनीष यादव एवं कांस्टेबल अमित पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# थाना समाधान दिवस: डीएम व एसपी ने सुनगढ़ी थाने में सुनीं फरियादें, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने थाना सुनगढ़ी पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों और प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से आपसी विवाद एवं राजस्व संबंधी मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर निष्पक्ष समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।? पुलिस अधीक्षक ने भी कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, लेखपाल सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय में श्रद्धा के साथ मनाई गई महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती

**नेताओं ने बताया फुले के विचार आज भी सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई में मार्गदर्शक**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

समाजवादी पार्टी द्वारा शनिवार को नकटादाना स्थित केजीएन-2 कैंप कार्यालय पर प्रख्यात समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले ने समाज में व्याप्त जातिवाद, छुआछूत और असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए महिलाओं और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने में प्रेरणादायक हैं। सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सतेंद्र मौर्य ने कहा कि फुले का जीवन हमें समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा उनके आदर्शों पर चलते हुए पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन नगराध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल ने किया।

इस अवसर पर अर्जुन, जमाल खान, रोहित मिश्रा, राजकुमार, नसीम खान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पति ने की दरिंदगी: पत्नी के हाथ-पैर बांधकर गुप्तांग में डाला डंडा, तीन तलाक देकर घर से निकाला

बरेली। बरेली के बिथरी चैनपुर इलाके की निवासी महिला के साथ उसके पति ने दरिंदगी की हद पार कर दी। पति ने हाथ-पैर बांधकर उसके गुप्तांग में डंडा डाल दिया। जब महिला ने ससुराल वालों से इसकी शिकायत की तो उन्होंने पीटकर उसकी पसली तोड़ दी। पीड़ित महिला ने बिथरी चैनपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित महिला ने थाना प्रभारी राजेश बाबू को बताया कि उसकी ससुराल हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में है। ससुराल वाले उसे मायके से बुलाकर ले गए और उत्पीड़न करने लगे। पति ने हाथ-पैर बांधकर उसको कमरे में बंद कर दिया। पति ने गुप्तांग में डंडा डालकर उसे प्रताड़ित किया। जब उन्होंने इस बारे में ससुराल वालों को बताया तो उन्होंने पीटकर उसकी पसली तोड़ दी। पिटाई में रीढ़ की हड्डी, हाथ-पैर में चोट लगी है। इतना सब होने के बाद भी पति व ससुराल वालों का मन नहीं भरा।

# शिक्षा या व्यापार? निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन की सख्ती से जगी उम्मीद

**जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह का सख्त संदेश: मनमानी फीस पर लगेगी लगाम, नियम तोड़ने पर मान्यता तक हो सकती है रद्द**




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शिक्षा किसी भी समाज की आधारशिला होती है, लेकिन जब यही शिक्षा व्यवसाय का रूप लेने लगे और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ का पहाड़ टूटने लगे, तब हस्तक्षेप जरूरी हो जाता है। पीलीभीत में जिलाधिकारी द्वारा निजी विद्यालयों पर लगाई गई सख्ती इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण और समयानुकूल कदम है। पिछले कुछ वर्षों में यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है कि निजी विद्यालय मनमाने ढंग से शुल्क बढ़ाते रहे हैं। अभिभावकों के पास विकल्प सीमित होने के कारण वे मजबूरी में इन शर्तों को स्वीकार करते हैं। कभी किताबों के नाम पर अतिरिक्त खर्च, तो कभी ड्रेस बदलने के बहाने आर्थिक दबाव—यह एक ऐसा चक्र बन गया था, जिसमें आम परिवार पिसता चला जा रहा था। ऐसे में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में लिया गया यह निर्णय कि अब बिना अनुमति के कोई भी स्कूल फीस नहीं बढ़ा सकेगा, निस्संदेह एक सख्त लेकिन आवश्यक कदम है। यह केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में संतुलन स्थापित करने का प्रयास है। सबसे सराहनीय पहल यह है कि विद्यालयों से पिछले तीन वर्षों की फीस का पूरा विवरण मांगा गया है। यह पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि किन-किन मदों में अभिभावकों से कितना शुल्क लिया गया और क्या वह वाजिब था या नहीं। यदि इस प्रक्रिया को गंभीरता से लागू किया गया, तो यह निजी स्कूलों की जवाबदेही तय करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। वहीं, एक ही दुकान से किताबें और ड्रेस खरीदने की बाध्यता पर रोक लगाने का निर्णय भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा मुद्दा है, जो वर्षों से अभिभावकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। कई बार स्कूल और दुकानों के बीच सांठगांठ के आरोप भी सामने आते रहे हैं। ऐसे में प्रशासन का यह स्पष्ट संदेश कि इस तरह की प्रथा बर्दाश्त नहीं की जाएगी, व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगाता है। हालांकि, केवल नियम बना देना पर्याप्त नहीं होता। असली चुनौती इनके प्रभावी क्रियान्वयन की होती है। यदि शिकायतों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो यह सख्ती भी कागजों तक सीमित रह सकती है। इसलिए जरूरी है कि जिला प्रशासन एक मजबूत निगरानी तंत्र विकसित करे, जहां अभिभावक बिना डर के अपनी बात रख सकें और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी आत्ममंथन की आवश्यकता है। शिक्षा को केवल लाभ कमाने का साधन मानना न तो सामाजिक दृष्टि से उचित है और न ही नैतिक रूप से स्वीकार्य। यदि विद्यालय वास्तव में समाज निर्माण में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं, तो उन्हें पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। पीलीभीत में उठाया गया यह कदम केवल एक जिले तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक उदाहरण बन सकता है। यदि इसी तरह अन्य जिलों में भी शिक्षा व्यवस्था को नियंत्रित और संतुलित करने के प्रयास किए जाएं, तो वह दिन दूर नहीं जब शिक्षा वास्तव में सेवा का माध्यम बनेगी, न कि शोषण का।

# मंदिर के पास शराब दुकान खोलने पर भड़का ग्रामीणों का गुस्सा, महिलाओं का उग्र प्रदर्शन

**धार्मिक स्थल व स्कूलों के समीप ठेका खोलने की तैयारी पर विरोध तेज, प्रशासन से स्थानांतरण की मांग**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

थाना गजरौला कला क्षेत्र के कंजा हरैया माला स्टेशन मार्ग पर स्थित शनि देव मंदिर के पास प्रस्तावित देसी शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। जैसे ही लोगों को दुकान खुलने की सूचना मिली, गांव में हलचल मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। सुबह के समय ही क्षेत्र में विरोध का माहौल बन गया। महिलाएं हाथों में दुपट्टा और लाठी लेकर विरोध में आगे रहीं और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि यह स्थान न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि आसपास स्कूल भी संचालित हैं, ऐसे में यहां शराब की दुकान खोले जाने का निर्णय पूरी तरह गलत और समाज विरोधी है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि यहां शराब की बिक्री शुरू होती है तो इसका सीधा असर बच्चों और युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा। साथ ही क्षेत्र में अपराध और असामाजिक गतिविधियों के बढ़ने की भी आशंका जताई गई। महिलाओं ने विशेष रूप से इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि गांव के वातावरण को खराब करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मंदिर और स्कूल के पास ठेका खोलने का विरोध तेज

ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि धार्मिक स्थल के आसपास शराब की दुकान खोलना आस्था के साथ खिलवाड़ है। लोगों का मानना है कि मंदिर के पास शराब बिक्री होने से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होंगी और क्षेत्र की धार्मिक गरिमा को ठेस पहुंचेगी। इसके साथ ही पास में स्थित विद्यालयों के कारण बच्चों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही गई।

### महिलाओं ने दी चेतावनी- किसी भी कीमत पर नहीं खुलने देंगे दुकान

विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की और प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया कि यदि प्रस्तावित स्थान पर शराब की दुकान खोली गई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि गांव की शांति और सामाजिक मर्यादा बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करेंगी। सूचना मिलते ही गजरौला कला पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभालने का प्रयास किया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और उनकी मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित शराब दुकान को तुरंत अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति और सामाजिक संतुलन बना रह सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख, लाखो का नुकसान

## अग्निशमन के पहुंचने से पूर्व कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों में पाया आग पर काबू, दो गांवो की लगभग तीन सौ बीघा फसल जलकर हुई राख

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई।हरपालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों के चलते आग लग जाने से दो गांवो की लगभग 3 सौ बीघा फसल जलकर राख हो गयी।ग्रामीणों द्वारा अग्निशमन व पुलिस को सूचना देने के बाद जब तक अग्निशमन घटना स्थल पर पहुंची तब तक निजी संसाधनों से ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।लगभग तीन घण्टे तक चले आग के तांडव ने खेतो में खड़ी व पड़ी गैंहू की फसल को राख में तब्दील कर दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर हरपालपुर थाना क्षेत्र के ककरा गांव के खेतों में अचानक आग लग गयी।हालांकि कुछ ग्रामीणों का कहना है कि खेतो में भूसा बनाते समय रैपर मशीन से निकली चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया।दोपहर में हवा के वेग ने इस आग को और अधिक परवान चढ़ा दिया जिससे आग की लपटें बेकाबू हो गयी और समीपवर्ती इकनौरा गांव के खेतों को भी अपने आगोश में ले लिया।ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस व अग्निशमन को फोन पर सूचना दी लेकिन जब तक अग्निशमन व पुलिस पहुंची तब तक ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।लगभग तीन घण्टे तक चले आग के तांडव से लगभग तीन सौ बीघा से अधिक खेतो को आग ने अपने आगोश में ले लिया।हालांकि इनमें कुछ खेतो में गैंहू की फसले कट चुकी थी उनकी पराली ही राख हो गयी।आग की विकराल लपटों से ककरा व इकनौरा सहित दोनों गांवो के ग्रामीण आग बुझाने में जुटे रहे।किसानों ने आग जलती आग को बुझाने के लिए आसपास के खेतों में ट्रैक्टर से जुताई करके वमुश्किल आग को नियंत्रण कर पाया।

### तेज रफ्तार डंपर ने कार में मारी टक्कर, एयर बैग ने बचाई चालक की जान

**उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र में बेड़ियां बाबा मंदिर के समीप तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। इस दौरान कार में लगे एयर बैग खुलने से चालक को मामूली चोटे आई है। शहर निवासी आकाश गुप्ता 40 वर्ष शुक्रवार रात अपनी कार से राठ की ओर से वापस लौट रहे थे। वह जैसे ही बेड़ियां बाबा मंदिर के समीप पहुंचे। तभी सामने से तेज रफ्तार में एक डंपर गलत दिशा से आता दिखाई दिया। इस दौरान आकाश ने कार को बचाने का भरपूर प्रयास किया और उसे किनारे की तरफ दबाया। लेकिन डंपर की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वह सीधे कार में जा घुसा। ?टक्कर लगते ही कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। लेकिन कार के एयरबैग्स ने सुरक्षा कवच का काम किया। आकाश के हाथ और सीने में मामूली चोटें आई हैं। ?घटना की सूचना मिलते ही डकोर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घायल आकाश गुप्ता को इलाज के लिए उरई मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्तूरबा स्कूल की छात्राओं को किया गया जागरूक




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत लोगो को सुरक्षा,स्वावलंबन, व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण में शनिवार को हरपालपुर थाने की मिशन शक्ति टीम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खसौरा की छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा सम्बन्धी तमाम जानकारियां दी गई। हरपालपुर थाने की मिशन शक्ति टीम में शामिल महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान ने मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय खसौरा में शनिवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को गुड़ टच व बैड टच के अलावा साइबर ठगी,सोशल मीडिया पर फेंक एकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फ्राड, और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।टीम में शामिल महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान व आरक्षी राजाबाबू ने आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,181,108,102, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# ग्रामीणों ने लेखपाल पर गलत पैमाईश करने का लगाया आरोप, एसडीएम से शिकायत

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

खलिहान की भूमि पर लग रहे सरकारी आरओ प्लांट की जमीन की पैमाइश को लेकर ग्रामीणों ने लेखपाल पर सही पैमाइश न करने और किसानों के खेत को खलिहान की भूमि के रूप में दर्शाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पुनः पैमाइश कराने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी गोविंद सिंह, कामता प्रसाद, केशवकांत, मुन्नालाल हरगोविंद, कुनाल, राजेश आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर बताया कि मौजा प्रतापपुरा में स्थित उनके खेतों की गाटा संख्या 116, 118 व 119 है। गाटा संख्या 115 खलिहान की भूमि की रूप में दर्ज है। ग्रामीणों ने बताया कि खलिहान की भूमि पर सरकारी आरओ प्लांट लगाया जा रहा है। प्लांट लगाने के लिए शुक्रवार को क्षेत्रीय लेखपाल सुधा अग्रवाल मौके पर पहुंची। उन्होंने खलिहान की भूमि की जो पैमाइश की है, वह सही नहीं है। खलिहान के आसपास के खेतों की कुछ भूमि पर उन्होंने खलिहान की भूमि के रूप में ही दर्शा दिया है। जिससे किसानों के खेत का रकबा कम हो गया है। आरोप लगाया कि लेखपाल ने पैमाइश एक ओर से ही कर दी साथ ही पैमाइश के दौरान उन्होंने आसपास के खेत के स्वामियों को नहीं बुलाया। आरोप है कि लगभग दस दिन पूर्व भी लेखपाल ने ग्राम पंचायत में मिलन केंद्र की ज़मीन की भी गलत पैमाइश की थी। जिसकी शिकायत मानसिंह पाल, शैलेंद्र पाल, दामोदर आदि ने की थी। ग्रामीणों ने पैमाइश सही न किए जाने का विरोध दर्ज कराते हुए किसानों की उपस्थिति में पुनः पैमाइश कराने की मांग एसडीएम से की है।उन्होंने खलिहान की भूमि की जो पैमाइश की है, वह सही नहीं है। खलिहान के आसपास के खेतों की कुछ भूमि पर उन्होंने खलिहान की भूमि के रूप में ही दर्शा दिया है। जिससे किसानों के खेत का रकबा कम हो गया है। आरोप लगाया कि लेखपाल ने पैमाइश एक ओर से ही कर दी साथ ही पैमाइश के दौरान उन्होंने आसपास के खेत के स्वामियों को नहीं बुलाया। आरोप है कि लगभग दस दिन पूर्व भी लेखपाल ने ग्राम पंचायत में मिलन केंद्र की ज़मीन की भी गलत पैमाइश की थी। जिसकी शिकायत मानसिंह पाल, शैलेंद्र पाल, दामोदर आदि ने की थी। ग्रामीणों ने पैमाइश सही न किए जाने का विरोध दर्ज कराते हुए किसानों की उपस्थिति में पुनः पैमाइश कराने की मांग एसडीएम से की है।

### थाना समाधान दिवस में फरियादियों की एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**जालौन।** कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है। एसडीएम हेमंत पटेल और सीओ शैलेंद्र बाजपेई की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम नाहिली निवासी कमलेश कुमारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने गांव में ही एक प्लॉट खरीदा था। प्लॉट खरीदने के बाद उन्होंने प्लॉट में जितनी जगह खरीदी थी अब प्लॉट विक्रेता उन्हें उतनी जमीन नहीं दे रहा है। इससे पूर्व भी वह समाधान दिवस में शिकायत दर्ज करा चुकी हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा अतिक्रमण और राजस्व से संबंधित भी शिकायतें दर्ज की गईं। लेकिन मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका है। एसडीएम ने शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं। इस मौके पर कोतवाल हरिशंकर चंद, एसएसआई संजय यति, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी समेत लेखपाल मौजूद रहे।

# गंगा नदी पर चियासर में मिली पुल की स्वीकृति, विधायक ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर जताया आभार

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



हरपालपुर विकास खंड के जीवनपुरवा (मजरा देहलिया) और कन्नौज जनपद के छिबरामऊ विकास खंड के चियासर के मध्य गंगा नदी पर पुल निर्माण को कैबिनेट की स्वीकृति मिल गई है। इस उपलब्धि के बाद विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह श्रानूश् ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास (5 कालिदास मार्ग) पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और क्षेत्र की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।

?विधायक रानू ने मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान कहा कि चियासर घाट पर पुल की मांग वर्षों पुरानी थी, जिसे वर्तमान सरकार ने प्राथमिकता देते हुए पूरा किया है। उन्होंने इस निर्णय को सवायजपुर के विकास के लिए श्गेम चेंजरश् बताया। विधायक ने कहा कि इस पुल के बनने से न केवल आवागमन सुलभ होगा, बल्कि हजारों ग्रामीणों को नाव के जोखिम भरे सफर और मीलों लंबे चक्कर से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।इस पुल के निर्माण से क्षेत्र के सब्जी उत्पादकों की पहुंच शहरों की मंडियों तक बढ़ेगी, जिसका सीधा लाभ किसानों और स्थानीय व्यापारियों को मिलेगा। कैबिनेट के इस फैसले के बाद पूरे सवायजपुर विधानसभा सहित कटियारी क्षेत्र में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने इसे विधायक के प्रयासों और सरकार की विकासकारी नीतियों की जीत बताया है।

# आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मारपीट का आरोप,दम्पति सहित 3 लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई।बीती गुरुवार की रात हरपालपुर थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव में खेत की जुताई कर रहे एक दंपति समेत तीन लोगों पर हमला करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।इस घटना में सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया है।घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र साधूसिंह ने थाने पर दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती गुरुवार की देर शाम लगभग 7 बजे वह अपने भाई बलवेंद्र सिंह और पत्नी कुलदीप कौर के साथ खेत की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र के बरसोहिया गांव निवासी आधा दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडो से लैस होकर खेत पर पहुंच गए और उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से हमला कर दिया जिसमें राजेंद्र सिंह, बलवेंद्र सिंह और कुलदीप कौर सहित तीन लोग घायल हो गए।हालांकि सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया।इसके बाद उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।पीड़ित राजेंद्र सिंह ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने पर घटना की तहरीर दी है।प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### मवेशी से टकराई बाइक हादसे में पति की मौत, पत्नी व पुत्री घायल

**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र में पत्नी व बच्चे के साथ बाइक से अपनी ससुराल जा रहे दम्पति की बाइक प्रेम वाटिका के पास अचानक सामने आए मवेशी से टक्कर हो गई। हादसे में सभी लोगों को चोटे आई। जिन्हें जिस एंबुलेंस द्वारा कुठौद पीएससी ले जाया गया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डॉक्टर ने पति को मृत घोषित कर दिया। जबकि पत्नी व बच्ची को मामूली चौटे आई है।

बता दें कि मुन्नेश पुत्र स्वर्गीय मलखान उम्र 43 वर्ष निवासी सिमहरा काशिमपुर शुक्रवार की रात 9 बजे अपने घर से बाइक में अपनी पत्नी रीना पुत्र बिट्टू के साथ अपनी ससुराल बसतेपुर भतीजे की छठी में शामिल होने जा रहे थे। चचेरे भाई दिनेश ने बताया की प्रेम वाटिका सिरसा कलार के पास बाइक के सामने अचानक जानवर आ जाने से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में सभी लोगों को गम्भीर चोटे आई। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरों ने 112 नंबर व और एंबुलेंस को फोन किया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा सभी को कुठौंद पीएचसी ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया कि हादसे में पत्नी रीना और बिट्टू के हल्की चोट आई। मृतक के पांच बच्चे हैं जिसमें निशा 13 वर्ष, बिट्टू 10 वर्ष, नित्य 8, राजा 6, रोहन 2 वर्ष के हैं। अपनी इकलौते बेटे की मौत पर माता सुखदेवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ट्राली चोरी में संलिप्त तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रामपुरा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर की ट्राली को चोरी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।जिससे पूछताछ के बाद कार्यवाही की जायेगी।

रामपुरा थाना क्षेत्र में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि थाना क्षेत्र के ग्राम जाजेपुरा निवासी राधेश्याम राठौर पुत्र प्रभू राठौर ने थाने में शुक्रवार को उनके घर के बाहर से ट्रैक्टर की ट्राली चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर शनिवार को थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम सिलऊआ के पास तीन अज्ञात चोर ट्रैक्टर की सहायता से चोरी की ट्रॉली लेकिन मध्यप्रदेश की तरफ जा रहे हैं। जिस पर पुलिस ने घेराबन्दी कर चोरी की ट्राली लेकर जा रहे तीन लोग रंजीत गौतम उर्फ कल्लू पुत्र कमलेश चौधरी निवासी ग्राम पचोखरा, नसीब खान उर्फ नसीबे पुत्र असरफ खान निवासी रामपुरा व गौरव यादव पुत्र अनूप उर्फ गुड्डू यादव निवासी रामपुरा को चोरी की ट्राली के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की गई ट्रॉली को भी बारामत कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने बताया कि उक्त तीनों चोरों की पुलिस को जानकारी मिली थी कि शनिवार की रात तीन लोग एक ट्रैक्टर की सहायता से चोरी की ट्रॉली मध्यप्रदेश की तरफ भागने की फिराक में हैं। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर ट्राली भी बरामत की हैं तथा तीनो मुल्जिमों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।पुलिस ने चोरी की गई ट्रॉली को भी बारामत कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने बताया कि उक्त तीनों चोरों की पुलिस को जानकारी मिली थी कि शनिवार की रात तीन लोग एक ट्रैक्टर की सहायता से चोरी की ट्रॉली मध्यप्रदेश की तरफ भागने की फिराक में हैं। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर ट्राली भी बरामत की हैं तथा तीनो मुल्जिमों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा हैं।

# बाइक और साइकिल की टक्कर, छात्र सहित तीन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के सुभौआपुर गांव के पास शनिवार सुबह गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवकों समेत एक स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र की नाजुक हालत को देखते हुए उसे हरदोई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार,हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के ललुआमऊ गांव निवासी सिद्धार्थ (19) अपने जीजा रंजेश (22) के साथ बाइक से भरखनी ब्लॉक जा रहे थे। इसी दौरान ज्यूरी चंद्रमपुर गांव निवासी कक्षा छह का छात्र ऋषि (11) साइकिल से स्कूल जा रहा था। सुभौआपुर गांव के पास दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी हरपालपुर भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने छात्र ऋषि की हालत गंभीर देख उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया हैं।

### पुत्री के साथ मायके में रह रही महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के बरदौली गांव में अपनी पुत्री के साथ मायके में रह रही महिला ने किन्ही कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के बरदौली गांव निवासी श्रीकिशन साहू की। पुत्री प्रकाशिनी साहू 29 वर्ष ने शनिवार की सुबह करीब घर के बरामदे में दुपट्टा से फांसी लगा ली। इस दौरान वहां मौजूद उसकी पांच वर्षीय पुत्री परी जब जोर जोर से रोने लगी तब पडोसियों ने देखा और घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया है कि प्रकाशिनी घर पर अकेली थी जबकि उसकी मां शंकुतला खेत पर गई थी और पिता पुखंरायां में थे। वही उसके भाई रामकिशोर दुबई में और छोटा भाई रामकेश अहमदाबाद में था। बीते एक वर्ष से प्रकाशिनी अपने मायके में रही थी। उसकी शादी उरई निवासी विकास के साथ हुई थी लेकिन ससुराल पक्ष से विवाद होने के बाद वह मायके अपनी पुत्री के साथ रहने लगी थी। बल्कि उसका मुकदमा भी उरई में चल रहा था। वही पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर पहुच कर साक्ष्य संकलित किये और शव को उतारकर पोस्टमार्ट के लिये भेजा गया है वही घटना की। वहीं सीओ अवधेश सिंह कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी भी लोगों से पूछताछ कर घटना के पीछे का? कारण पता लगाने में जुटे रहे।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओ व बालिकाओं को मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत लोगो को सुरक्षा,स्वावलंबन, व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण में शनिवार को अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा श्रीमऊ में चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा सम्बन्धी तमाम जानकारियां दी गई। अरवल थाने की महिला आरक्षी मधुबाला ने शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र के श्री मऊ में महिलाओ व किशोरियों को गुड़ टच व बैड टच के अलावा साइबर ठगी,सोशल मीडिया पर फेंक एकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फ्राड, और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला ने आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,181,108,102, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# नेपाल में विदेशी गाड़ियों पर सख्त नियम, जब्ती की चेतावनी

## सीमा पार आने वाले बाइक, कार और जीप चालकों के लिए नया सख्त निर्देश, तय शुल्क, सीमित अवधि और दस्तावेज अनिवार्य

- 30 दिन की अनुमति पर 365 दिन के शुल्क जैसे आरोपों से सीमा क्षेत्र में नाराजगी
- नेपाल में विदेशी नंबर के वाहनों पर सख्ती के खिलाफ सोशल मीडिया पर उभरा विरोध

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



भारत का पड़ोशी राष्ट्र नेपाल में विदेशी नंबर प्लेट वाले वाहनों के प्रवेश और संचालन को लेकर प्रशासन ने नियमों को और कड़ा कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत भारत सहित अन्य देशों से आने वाले सभी निजी वाहनों के लिए भंसार (कस्टम) अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना अनुमति वाहन चलाते पाए जाने पर आर्थिक दंड के साथ जब्ती की कार्रवाई तक की चेतावनी दी गई है।

जारी निर्देशों के अनुसार, मोटरसाइकिल और स्कूटर पर 200 नेपाली रुपये प्रतिदिन, तीन पहिया वाहनों पर 400 रुपये, जबकि कार, जीप और वैन पर 500 रुपये प्रतिदिन शुल्क निर्धारित किया गया है। यह अनुमति एक आर्थिक वर्ष में अधिकतम 30 दिनों तक ही वैध रहेगी, जिसे जरूरत के अनुसार नवीनीकृत कराया जा सकता है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद वाहन नेपाल में पाए जाने पर अतिरिक्त शुल्क वसूला जाएगा। वहीं, सात दिन से अधिक समय तक बिना नवीनीकरण वाहन रुकने पर जब्ती की कार्रवाई की जा सकती है। नेपाल यातायात व्यवस्था अधिनियम के तहत बिना अनुमति विदेशी नंबर प्लेट वाहन चलाने पर ट्रैफिक पुलिस 5,000 नेपाली रुपये तक का जुर्माना भी लगा सकती है।

यह आदेश खास तौर पर सोनौली-भैरहवा और ठूठीबारी मार्ग से आने-जाने वाले यात्रियों और व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में लोगों को नेपाल प्रवेश से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज और भंसार रसीद बनवानी पड़ेगी, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। नेपाल की इस सख्ती के खिलाफ सोशल मीडिया पर विरोध के स्वर भी उभरने लगे हैं। पश्चिम नवलपरासी के महेशपुर सीमा क्षेत्र से जुड़े पोस्ट और बैनर वायरल हो रहे हैं, जिनमें 30 दिन की सुविधा के नाम पर 365 दिन के बराबर शुल्क वसूले जाने का आरोप लगाया गया है। सुविधा अनुसार बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले विरोध प्रदर्शन की तैयारी की चर्चा भी सामने आई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इसके बावजूद, सीमा क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर लोगों के बीच असंतोष और बहस का माहौल साफ दिखाई दे रहा है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कुंडा/प्रतापगढ़।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के तख्त का पुरवा, हीरागंज में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा स्थल तख्त का पुरवा से कथावाचक स्वामी आनंद आश्रम जी महाराज के नेतृत्व में यात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर पंचायत क्षेत्र व हीरागंज बाजार चौराहे का भ्रमण करते हुए माँ नायर देवी धाम पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ आगे-आगे चल रही थीं, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह 'पप्पन', मुख्य यजमान साजन लाल केशरवानी, रमेश केसरवानी, शिवचंद केसरवानी, मनोज केसरवानी, रामकुमार केसरवानी, अमित केसरवानी आशीष, गुड्डू केसरवानी, केशचंद्र केसरवानी, मलिक ,सचिन केसरवानी, शिवम, नीरज केसरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि कथा का आयोजन सात दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# मुठभेड़ में 25 हजारी बदमाश के पैर में लगी गोली, दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले के अंतू थाना इलाके में बीते दिनों हुए चर्चित पंकज कुमार शुक्ला हत्याकांड के दो मुख्य आरोपियों को एसटीएफ प्रयागराज ने गिरफ्तार कर अंतू पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ के बाद हत्या में प्रयुक्त तमंचे की बरामदगी के दौरान अभियुक्तों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में मुख्य आरोपी विवेक पांडेय के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया, जिसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। ?एसपी दीपक भूकर के निर्देशन व एएसपी (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को एसटीएफ की टीम ने हत्याकांड के वांछित अभियुक्तों विवेक पाण्डेय उर्फ ऋषिक पाण्डेय और विपिन तिवारी को गिरफ्तार कर थाना अन्तू पुलिस के सुपुर्द किया था। पूछताछ के दौरान विवेक पाण्डेय ने हत्या में प्रयुक्त असलहा बरामद कराने की बात कही। जिसके बाद ?प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार सिरोही के नेतृत्व में पुलिस टीम अभियुक्त को लेकर बैजलपुर पुल के पास पहुंची, तो विवेक ने पुलिस टीम को चकमा देकर छिपाए गए तमंचे से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में विवेक के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा, वहीं उसके साथी विपिन तिवारी को भी सकुशल हिरासत में ले लिया गया। बता दें कि बीते 4 अप्रैल को थाना अन्तू थाना इलाके के डुहिया गांव में महदहापुर निवासी पंकज कुमार शुक्ला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से ही क्षेत्र में तनाव का माहौल था और पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी। ?पुलिस के अनुसार, घायल अभियुक्त विवेक पाण्डेय शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर थाना अन्तू और लालगंज में हत्या के प्रयास, चोरी और आर्म्स एक्ट जैसे 7 गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सह-अभियुक्त विपिन तिवारी पर भी पूर्व में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस व तीन खोखा कारतूस बरामद किया है।

# उप मुख्यमंत्री प्रसाद मौर्य का आजमगढ़ आगमन, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस | आजमगढ़**



मा0 उप मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन केशव प्रसाद मौर्य के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आजमगढ़ एयरपोर्ट पहुंचने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, विनोद राजभर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा उनका शिष्टाचार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

आगमन उपरांत जिलाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री को जनपद में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बड़सरा खालसा में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है, जिसे जून 2026 तक पूर्ण कर जनसामान्य को समर्पित कर दिया जाएगा।

इसके पश्चात मा0 उप मुख्यमंत्री ग्राम बड़सरा खालसा पहुंचकर मा0 सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राहुल विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एन0आर0 वर्मा, उप जिलाधिकारी संत रंजन सहित अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने दी जान, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़।** जिले की देहात कोतवाली पुलिस ने एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी देवर को गिरफ्तार किया है। मामला दहेज उत्पीड़न और संतान सुख न मिलने पर दी जाने वाली प्रताड़ना से जुड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी की बहन का निकाह 16 जुलाई 2018 को बहलोलपुर निवासी मो. बासिर पुत्र मो. सब्बीर के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे कम दहेज लाने और संतान न होने की बात को लेकर ताने देने लगे। आरोप है कि प्रताड़ना का सिलसिला इतना बढ़ गया कि बीते 1 अप्रैल को महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस मामले में मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर के सख्त निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई थी।

# अस्त नहीं होगा डा. हैनीमन के यश और कीर्ति का सूर्य: डॉ. भक्तवत्सल

**जन एक्सप्रेस | आजमगढ़**



होमियोपैथी के अन्वेष्क (जनक) डा. क्रिश्चयन फैड्रिक सैम्युल हैनिमन की 271वीं जयंती शुक्रवार की देर शाम शहर के बदरका स्थित प्रतिभा निकेतन इंटर कालेज में विश्व होमियोपैथी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान डा. हैनिमन के कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला चिकित्सकों एवं बच्चों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान होमियोपैथी को विश्व के लिए वरदान करार दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय श्री दुर्गा जी होमियोपैथिक मेडिकल कालेज आजमगढ़ के प्राचार्य डा. एसके पांडेय, जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डा. योगेंद्र कुमार यादव, क्रेंद्रीय होमियोपैथी परिषद के पूर्व सदस्य एवं नेशनल इंस्टीट्यूट आफ होमियोपैथी कोलकाता के सदस्य डा. भक्तवत्सल, ईशान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक श्रीवास्तव, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, हमाई अध्यक्ष डा. राजकुमार राय, सचिव सीजी मौर्य ने डा. हैनिमन की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान होमियोपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले चिकित्सकों को अंगवस्त्रम व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

राजकीय श्री दुर्गा जी होमियोपैथिक मेडिकल कालेज आजमगढ़ के प्राचार्य डा. एसके पांडेय ने कहा कि प्रेरणात्मक व्यक्तित्व की उपलब्धियों और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान, दर्शन तथा सिद्धातों के प्रति जन चेतना के लिए अनेक विश्वदिवसों का आयोजन किया जा रहा है। होमियोपैथी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आवश्यक है कि वर्ष का एक दिन डा. हैनीमन के जन्मदिवस दस अप्रैल से अच्छा कोई दिवस नहीं हो सकता। अतः इस दिन को विश्व होमियोपैथी दिवस के रूप में मनाया जाना प्रासंगिक है।

जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डा. योगेंद्र कुमार यादव ने कहा कि मन को स्वस्थ्य रखकर ही काया को स्वस्थ रखा जा सकता है। हैनीमन के सिद्धातों पर चलकर सतत अभ्यास द्वारा अनेक असाध्य रोंगो का उपचार इस पैथी द्वारा सहजता से किया जा सकता है। हमाई अध्यक्ष डा. राजकुमार राय ने कहा कि होमियोपैथी को जन जन तक पहुंचाना ही संगठन का उद्देश्य है। इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। डा. भक्तवत्सल ने कहा कि डा. हैनीमन ने पीड़ित मानवता के लिए होमियोपैथी के रूप में एक अमोदघ अस्त्र प्रदान किया है जिससे असाध्य रोगों का उपचार कम खर्च में सभंव है। उन्होनें कहा कि पूरे देश में 300000 से ज्यादा होम्योपैथिक चिकित्सक, 85000 सरकारी डिस्पेंसरी और लगभग 200 से ज्यादा होम्योपैथिक मेडिकल कालेज चल रहे हैं। केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान के 35 शोध संस्थान चल रहें हैं और लगभग दस करोड़ से ज्यादा लोग इस विधा का प्रयोग कर रहे हैं। सरकार द्वारा इसके उन्नयन के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार को सेना और रेलवे में होम्योपैथी के चिकित्सकों की नियुक्ति करनी चाहिए और रोज गार के अवसर देना चाहिए। विकसित और स्वस्थ भारत की परिकल्पना बिना होम्योपैथी के अधूरी है।

### पुलिस ने 25 हजार के इनामिया गैंगस्टर को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना फतनपुर और रानीगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने शनिवार को फतनपुर थाना इलाके के भुजैनी फाटक के पास कहला नहर की पटरी से 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी राजू यादव को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त पर लूट, गैंगस्टर, धोखाधड़ी और एनडीपीएस जैसे सात गंभीर मामले दर्ज हैं। ?पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेंद्र लाल व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के नेतृत्व में टीमें गठित की गई थीं। थाना प्रभारी फतनपुर मनीष कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी अपराधी राजू यादव किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में कहला नहर के पास मौजूद है।

# जनता दर्शन की लाइव मॉनिटरिंग से प्रशासन हुआ सशक्त

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है, जिसके तहत प्रतिदिन आयोजित होने वाले जनता दर्शन की लाइव मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य जनता दर्शन को नियमित, व्यवस्थित और अधिक प्रभावी बनाना है। जिलाधिकारी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एक निर्धारित लिंक के माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी (एसडीएम) एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित करते हैं। इस दौरान अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों पर की गई कार्रवाई की अद्यतन जानकारी दी जाती है, जिस पर जिलाधिकारी मौके पर ही समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हैं। इससे समस्याओं के शीघ्र एवं संतोषजनक समाधान में तेजी आई है। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) के जनता दर्शन की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, वहीं अपर जिलाधिकारी नगर निकायों में अधिशासी अधिकारियों के कार्यों की प्रतिदिन निगरानी कर रहे हैं। यह समन्वित मॉनिटरिंग प्रणाली प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता को मजबूत कर रही है। साथ ही, आमजन का प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता दर्शन को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। यह पहल प्रदेश सरकार की सुशासन की अवधारणा को सशक्त बनाने तथा आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु एक प्रभावी मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस ?प्रतापगढ़।** जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है।

?प्राप्त ?जानकारी के अनुसार बीते 8 अप्रैल को एक पीड़ित ने निर्मल तिराहा स्थित अपनी दुकान के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह बाहर आया तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब कुछ पता नहीं चला, तो पीड़ित ने कोतवाली नगर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी प्रशांत राज के कुशल पर्वेक्षण में नगर कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त उत्तम सिंह पुत्र नागेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ ननकऊ को चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ थाना इलाके के सैया बांध रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया।

# एसपी ने जन सुनवाई के बाद किया थाने का निरीक्षण, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले में शनिवार को कुण्डा थाने में आयोजित %थाना समाधान दिवस% के अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनता की समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि समय पर होता हुआ दिखना भी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान आए भूमि संबंधी विवादों, अवैध कब्जों और पैमाइश की शिकायतों के लिए एसपी ने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे और दोनों पक्षों की उपस्थिति में निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करे। विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों की शिकायतों पर संवेदनशीलता बरतने और भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के बाद पुलिस अधीक्षक ने अचानक थाना कार्यालय, परिसर और बैरकों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों और अभिलेखों के रख-रखाव को देखा और उन्हें निरंतर अद्यतन रखने को कहा। बैरकों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और परिसर में बेहतर स्वच्छता व अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। ?इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारीगण, थाना प्रभारी कुण्डा और अन्य संबंधित पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसपी ने भारी पुलिस बल के साथ कुण्डा कस्बे के मुख्य बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने व्यापारियों एवं आमजन से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग हेतु निर्देशित किया। बाजार क्षेत्र में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने हेतु महोदय द्वारा यातायात पुलिस एवं संबंधित प्रभारी को कड़े निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर होने वाले अवैध अतिक्रमण और अनियंत्रित पार्किंग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए, जिससे आम जनता को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके।

# विश्व होम्योपैथी दिवस: हनुमानगढ़ी मंदिर में भव्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | आजमगढ़**



विश्व होम्योपैथी दिवस और होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमेन की जयंती के पावन अवसर पर हमाई की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को अनंतपुरा स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के प्रांगण में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर हैनीमेन के चित्र पर महंत शंकर सुवन उपाध्याय, सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी डॉ भक्तवत्सल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेश दूबे, डॉ नेहा दूबे, डॉ नवीन दूबे, डॉ रणधीर सिंह, डॉ बी पांडेय ने माल्यार्पण कर चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ हैनेमन के अतुलनीय योगदान को याद किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेश दूबे ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। डॉ नेहा दूबे ने कहा होमोयोपैथी सहज, सरल एवं सुरक्षित उपचार है, इसे अपनाने की जरूरत है। डॉ नवीन दूबे ने कहा आज के परिवेश में होमोयोपैथी से करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे हैं। डॉ रणधीर सिंह ने डॉ हैनेमन के चिकित्सा के छेत्र में उल्लेखनीय योगदान के बारे में बताया। शिविर में 600 लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। इस अवसर पर डॉ गिरीश सिंह, डॉ प्रभात यादव, डॉ अनिल पांडेय, डॉ राजकुमार राय, डॉ राजीव पांडेय, डॉ एस सी सैनी, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ नीरज दूबे, डॉ ब्रिजेश सिंह, डॉ सिद्धांत श्रीवास्तव, डॉ एच पी त्यागी, डॉ शादाब, डॉ मोहम्मद अफजल, डॉ सी जी मौर्य, पवन उपाध्याय आदि ने अपनी सेवाएं दी।

### शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं बाबा साहब की जयंती: सीओ

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्राधिकारी सदर करिश्मा गुप्ता की अध्यक्षता में जेठवारा थाने पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। ?बैठक में उपस्थित आयोजकों एवं डी.जे. संचालकों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए और जुलूस के लिए केवल निर्धारित मार्गों का ही उपयोग हो। उन्होंने डी.जे. संचालकों को चेतावनी दी कि न्यायालय द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करें और किसी भी प्रकार के भड़काऊ या आपत्तिजनक गीत न बजाएं। इसके साथ ही ?आयोजकों से स्वयंसेवकों की सूची थाने में उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि भीड़ प्रबंधन में पुलिस का सहयोग किया जा सके।

# गोसदन में अव्यवस्था देख डीएम सख्त, सुधार के आदेश

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी एवं मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह के साथ गोसदन मधवलिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशु शेड, वर्मी कंपोस्ट, गोबर गैस प्लांट एवं हरे चारे की व्यवस्था का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान गोबर गैस प्लांट की मरम्मत लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में जर्जर भवन को ध्वस्त कराने और अप्रयुक्त शेड की मरम्मत कर उनमें गोवंश रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने गोसदन को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने पर जोर दिया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि गोसदन में कुल 739 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें 559 नंदी और 180 गाय शामिल हैं। पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर, पशु आहार और साइलेज उपलब्ध है। गोसदन की भूमि पर बड़े पैमाने पर हरे चारे का उत्पादन भी किया जा रहा है, जिससे पशुओं को गुणवत्तापूर्ण आहार मिल सके।

जिलाधिकारी ने एक बीमार गोवंश की चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोसदन में फलदार वृक्ष लगाने की भी बात कही, जिससे अतिरिक्त आय के स्रोत विकसित हो सकें।

वर्मी कंपोस्ट उत्पादन के संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ निचलौल ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं खाद का उत्पादन एवं बिक्री कर रही हैं। इसके अलावा गोबर से गोकाष्ठ भी तैयार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने वर्मी कंपोस्ट के लिए बेहतर मार्केट लिंकेज उपलब्ध कराने तथा गोकाष्ठ की बिक्री हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गोसदन को आत्मनिर्भर बनाकर एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर अमल में लाना आवश्यक है।

निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने गोवंशों को गुड़, केला और चना खिलाया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसएसपी कुंवर अनुपम सिंह व एएसपी आयुष श्रीवास्तव की अगुवाई में बड़ी कार्रवाई

## जौनपुर में जहरखुरानी गैंग का भंडाफोड़, 3 शातिर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना शाहगंज व खेतासराय की संयुक्त टीम ने जहरखुरानी गैंग के तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

चेकिंग के दौरान चिरैया मोड़ (बिलारमऊ रोड) से पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 0.315 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस, 198 ग्राम नशीला पाउडर व नशीली गोलियां बरामद हुईं। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक अल्टो कार और अवैध कमाई से खरीदी गई एक स्विफ्ट कार भी पुलिस ने जब्त की है।

### वारदात का तरीका बेहद शातिर

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ट्रेन और बस से उतरने वाले यात्रियों या सड़क किनारे खड़े लोगों को निशाना बनाते थे।

लिफ्ट देने के बहाने उन्हें गाड़ी में बैठाकर खाने-पीने की चीजों में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर देते और उनका सामान लूटकर फरार हो जाते थे।

### कई जिलों में फैला नेटवर्क

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास बेहद लंबा है। जौनपुर समेत आजमगढ़, अंबेडकरनगर, गोरखपुर, भदोही आदि जनपदों में इनके खिलाफ हत्या, लूट, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

### आगे की कार्रवाई जारी

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शाहगंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

# सावित्रीबाई फुले की मनाई गई जयंती

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर खुटहन तिघरा बाजार स्थित क्ष्ल्तङ्क पब्लिक स्कूल में महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के जिलामहासचिव विनोद कुमार प्रजापति रहे। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के शिक्षा एवं समाज सुधार में योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। आगे कहा कि उनका दिखाया मार्ग आज भी समाज को दिशा देता है। वहीं प्रधानाचार्य प्रेम चंद यादव ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए इसे परिवर्तन का माध्यम बताया। प्रबंधक रणजीत प्रजापति ने आगतो का स्वागत किया।

# बसपा ने जयन्ती पर ज्योतिबा फूले को किया नम: योगदान पर विमर्श

जन एक्सप्रेस। बस्ती



शनिवार को बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम के संयोजन में पालिटेक्निक चौराहे के निकट एक निजी हाल में 19 वीं सदी के प्रमुख भारतीय समाज सुधारक, विचारक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता महात्मा ज्योतिबा फुले को जयन्ती पर याद किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य मण्डल प्रभारी धर्मदेव प्रियदर्शी ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने जाति व्यवस्था, छुआछूत, महिला उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई लड़ी और शिक्षा के प्रसार में ऐतिहासिक योगदान दिया। 1873 में उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य वंचित वर्गों को समानता और न्याय दिलाना था। इसी कड़ी में मुख्य मण्डल प्रभारी कल्पनाथ बाबूजी, उदयभान, के.के. गौतम, लवकुश पटेल ने कहा कि ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया और बाल विवाह तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। बसपा जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती द्वारा एक्स पर किये गये पोस्ट की जानकारी देते हुये कहा कि बहन जी ने समाजवादी पार्टी और उसकी पीडीए की रणनीति पर तीखा हमला बोला है। उन्होने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के सहारे समाजवादी पार्टी के चरित्र को भी उजागर किया है। उन्होने एक्स पर पोस्ट कर ज्योतिबा फुले को नमन किया और सपा पर जातिगत द्वेष के चलते महापुरुषों के नाम पर बनाए गए जिलों के नाम बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यही सपा के पीडीए का चरित्र है। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि देश में सामाजिक परिवर्तन के पितामह के रूप में प्रसिद्ध 'बहुजन समाज' में अति-पिछड़े वर्ग में जन्मे महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर मेरे व बीएसपी की ओर से भी शत-शत् नमन व अपार श्रद्धा सुमन अर्पित। खासकर शिक्षा के माध्यम से स्त्री/नारी शक्ति के प्रणेता के रूप में महात्मा ज्योतिबा फुले व उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का नाम इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने फुले के प्रसिद्ध कथन 'विद्या बिना मति गई' का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के अभाव ने ही शोषित समाज को पीछे रखा और इसीलिए आगे चलकर डा. बीआर आंबेडकर ने भी इसी विचारधारा से प्रेरणा लेकर शिक्षा को सामाजिक मुक्ति का आधार बनाया। सुश्री मायावती ने कहा कि ऐसे अति-पिछड़े व पिछड़े समाज के महापुरुष की स्मृति व उनके सम्मान में हमारी बसपा सरकार ने बहुत काम किया था। अमरोहा को ज्योतिबा फुले नगर के नाम से नया जिला बनाया था, परंतु सपा सरकार ने अपनी संकीर्ण राजनीति व जातिवादी द्वेष कारण इसका नाम बदल दिया था। कहा कि बहन जी से सपा का वास्तविक चरित्र उजागर कर दिया है। महात्मा ज्योतिबा फुले को जयन्ती पर नमन् करने वालों में संजय धूसिया, राजेन्द्र प्रसाद, राम सरोज, सीताराम शास्त्री, राना अम्बेडकर, आशुतोष सिंह, अलीम अहमद, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, के.सी. मौर्य, के.पी. राठौर, अनूप कुमार, राजेश प्रताप सिंह, रामानुज भाष्कर एडवोकेट, महेन्द्र कुमार, यशवन्त निगम, दीपलाल भारती आदि शामिल रहे।

# समाजवादियों ने जयन्ती पर ज्योतिबा फुले को किया नमन: योगदान पर चर्चा



जन एक्सप्रेस। बस्ती

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं दार्शनिक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले को उनकी जयन्ती पर याद किया गया। सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने ज्योतिबा फुले को नमन् करते हुये कहा कि उन्होने दलितों और वंचितों को न्याय दिलाने के लिए सत्य शोधक समाज की स्थापना की थी। इसका प्रमुख उद्देश्य शूद्रों-अतिशूद्रों को न्याय दिलाना, उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना, उन्हें उत्पीड़न से मुक्ति दिलाना, वंचित वर्ग के युवाओं के लिए प्रशासनिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना आदि शामिल था।

सपा विधायक नेता समीर चौधरी, आर.डी. निषाद, हरीश नेता, अभिषेक यादव, मो. सलीम, विशाल सोनकर, जावेद पिण्डारी, रजवन्त यादव ने कहा कि उस समय महाराष्ट्र में जाति-प्रथा बड़े ही वीभत्स रूप में फैली हुई थी। स्त्रियों की शिक्षा को लेकर लोग उदासीन थे, ऐसे में ज्योतिबा फुले ने समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाए। उन्होंने महाराष्ट्र में सर्वप्रथम महिला शिक्षा तथा अछूतोद्धार का कार्य आरंभ किया था। पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला विद्यालय खोला। ऐसे महान लोगों को सदैव याद करना चाहिए।

सपा नेता रविकान्त निषाद, विश्वम्भर चौधरी, संदीप राजभर, श्याम यादव, रामप्रीत यादव, सनातन चौधरी, सुशील यादव, बजेश चौधरी, रामवृक्ष यादव, सुनील चौधरी, ज्ञानदास मौर्य, युनूस आलम आदि ने ज्योतिबा फुले के योगदन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उनकी समाज सेवा से प्रभावित होकर 1888 में मुंबई की एक सभा में उन्हे महात्मा की उपाधि से नवाजा गया।

महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले को नमन करने वालों में सुबराती, पंकज निषाद, रामभवन यादव, अभिमन्यु शुक्ल, दिवाकर त्रिपाठी, लालमन यादव, नित्यराम चौधरी, इन्द्रजीत यादव, जितेन्द्र यादव, राम बहाल चौधरी, प्रशान्त कुमार, नरेन्द्र प्रसाद चौधरी, अवधेश सोनकर, जहीर अहमद, जोखू यादव, अली अहमद आदि शामिल रहे।

## नाबालिग की पिटाई के आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज




जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन उदयीपुर डीपी गांव में गेहूं की फसल को हुए नुकसान की शिकायत को लेकर 15 वर्षीय बालक की पिटाई के मामले में पुलिस ने महिला सहित तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल बालक की माता किरण पाण्डेय ने थाने में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गत 8 अप्रैल को उनका 15 वर्षीय पुत्र गोविंद खेत में बोई गई गेहू की फसल देखने गया था, जहां फसल को नुकसान पहुंचा हुआ था। इसी बात को लेकर पड़ोसी काश्तकार नंदलाल यादव, अर्पित यादव तथा बाबिता से शिकायत किया तो वे नोंकझोंक और गाली-गलौज करते हुए उसे लात-घूंसों और डंडे से पीटकर घायल कर दिए।

# शंभूगंज बाजार में फर्जी अस्पताल का खेल! बिना डिग्री 'डॉक्टर' बन मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

**मांग:**

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इस पूरे मामले की तत्काल जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी मासूम की जान न जाए।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर जिले के शंभूगंज बाजार में स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है, जहां अवैध रूप से एक अस्पताल धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यहां इलाज करने वाला व्यक्ति खुद को 'डॉक्टर समरजीत सिद्धार्थ बताता है, जबकि उसके पास न तो किसी मान्यता प्राप्त डिग्री का प्रमाण है और न ही चिकित्सा क्षेत्र का कोई अनुभव।

### बिना बोर्ड, बिना पहचान—फिर भी चल रहा अस्पताल

इस कथित अस्पताल की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि न तो बाहर कोई नाम-पट्ट (बोर्ड) लगा है और न ही इसे देखकर कोई अस्पताल होने का अंदाजा लगा सकता है। बावजूद इसके, अंदर हर तरह की चिकित्सकीय गतिविधियां खुलेआम की जा रही हैं।

### हर दूसरा व्यक्ति बना डॉक्टर

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। कोई भी व्यक्ति बिना योग्यता के मरीजों का इलाज करने लग रहा है, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले से अनजान कैसे हैं?

क्या यह उनकी लापरवाही है या फिर मिलीभगत? आमतौर पर ऐसे मामलों में कार्रवाई तब होती है,

जब किसी मरीज की जान चली जाती है—और फिर थोड़ी बहुत कार्रवाई कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

### डॉक्टर' के साथ बना पत्रकार भी!

सूत्रों के अनुसार, यह व्यक्ति खुद को पत्रकार भी बताता है और किसी मीडिया संस्थान का कार्ड दिखाकर अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक रहा है। इस दोहरी पहचान के सहारे वह लंबे समय से इस अवैध धंधे को चला रहा है।

### बड़ा सवाल—कब जागेगा प्रशासन?

आखिर कब तक ऐसे फर्जी डॉक्टर यूं ही लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते रहेंगे? क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है?

# डा.वी.के.वर्मा ने खो-खो के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर बढाया हौसला



जन एक्सप्रेस। बस्ती

शनिवार को पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड आयुष पैरा मेडिकल कालेज गोटवा के प्रबंधक वरिष्ठ चिकित्सक, समाजसेवी डा. वी.के. वर्मा ने खोखो इण्डिया खेल प्रतियोगिता में जूनियर नेशनल खिलाड़ी की विजेता खुशी वर्मा, रजत पदक विजेता अर्तिका मिश्रा और भार्गवी सिंह को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और नकद सहयोग राशि देकर खिलाड़ियों का हौसला बढाया।

विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुये डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि इस बार खो-खो को इतनी बड़ी पहचान मिली है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों का मनोबल काफी बढ़ा है। यह जीत पारंपरिक खेलों के लिए एक नया सवेरा है।

### इस अवसर पर खोखो एसोसिएशन के सचिव राम सिंह

ग्रामीण प्रतिभाओं को सशक्त मंच मिली है। मिट्टी के मैदानों से निकलकर चमकने वाले खिलाड़ियों का संघर्ष सराहनीय है।

यह जीत भारतीय खो-खो खिलाड़ियों के लिए न केवल सामाजिक बल्कि पेशेवर रूप से भी एक बड़ा प्रोत्साहन है। इस अवसर पर खोखो एसोसिएशन के सचिव राम सिंह, रणजी खिलाड़ी वीरेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# अखिलेश श्रीवास्तव का बड़ा दिल: पत्रकार टीम को दिया क्रिकेट किट का तोहफा



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खेल सिर्फ मैदान में नहीं, दिलों में भी जीता जाता है और यही मिसाल पेश की पत्रकार अखिलेश श्रीवास्तव ने। उन्होंने जर्नलिस्ट क्रिकेट टीम जौनपुर के खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भेंट कर न सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि टीम के प्रति अपने स्नेह और सहयोग का भी परिचय दिया।

कोच मोहम्मद अब्बास को किट सौंपते हुए अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों की टीम जिस जोश और जुनून से खेल रही है, वह काबिले-तारीफ है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि वह भी अपने समय में क्रिकेट खेलते थे, लेकिन अब उम्र और जिम्मेदारियों के कारण मैदान से दूरी बन गई है। फिर भी साथियों का उत्साह देखकर उन्होंने इस छोटे से तोहफे के जरिए टीम का हौसला बढ़ाने का प्रयास किया।

कोच मोहम्मद अब्बास ने भी अखिलेश श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे साथी ही टीम की असली ताकत होते हैं, जो समय-समय पर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछ लोग टीम को कमजोर करने की कोशिश करते हैं, वहीं अखिलेश जैसे लोग टीम को मजबूती देने का काम करते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना, जावेद अहमद, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, टीम के कप्तान राजन मिश्रा, उप कप्तान देवेंद्र खरे, सुशील तिवारी, शिवम उपाध्याय, मसूद अहमद, आलोक सिंह, मनीष सिंह, इमरान, चंद्रेश यादव, मुकेश यादव, अंकित जायसवाल, रोहित चौबे, अबीश इमाम और अधिवक्ता टीम के कप्तान सत्यवीर सिंह अपनी पूरी अधिवक्ता टीम के साथ मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में ईरिक्शा चालक की मौत

सीतापुर



मिश्रिख-सीतापुर मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।जानकारी के अनुसार रामकोट थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी दीपक पुत्र सुरेश ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शनिवार को वह सीतापुर से मिश्रिख की ओर अपने ई-रिक्शा में कुछ सामान लादकर आ रहा था।बताया जा रहा है कि जैसे ही वह मिश्रिख-सीतापुर रोड पर करमसेपुर गांव के पास पहुंचा, तभी अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक दीपक उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है।

# पोषण पखवाड़ा के तहत निकली जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन बाल विकास परियोजना के अंतर्गत चल रहे पोषण पखवाड़ा के तहत शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र इमामपुर से जागरूकता रैली निकाली गई। यह अभियान 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें लोगों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

सीडीपीओ के निर्देशन में आयोजित इस रैली में मुख्य सेविका, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां व सहायिकाएं, प्राथमिक पाठशाला के बच्चे तथा अध्यापक शामिल रहे। रैली गांव में भ्रमण करते हुए लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती रही।इस दौरान बच्चों को साफ-सफाई रखने, पौष्टिक भोजन करने और बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ और पोषित बच्चे ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान शिवप्रसाद चौधरी, ग्राम प्रधान संतलाल सोनी, अनिल चौधरी सुपरवाइजर सुशीला वर्मा, नीलम सोनी, निशा,ल ल्ली, रीता, मुन्नी सोनी, प्रमिला समेत अन्य कार्यकत्रिया व शिक्षक मौजूद रहे।

# चकपटैला में 'स्कूल चलो अभियान' रैली: ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक, बच्चों के नामांकन पर जोर

## स्कूल चलो अभियान' के तहत चकपटैला में निकली जागरूकता रैली।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जनपद के विकास खंड बक्शा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चकपटैला में शनिवार को 'स्कूल चलो अभियान' के तहत भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया।

प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष विजय प्रकाश यादव की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस रैली में छात्र छात्रों ने भाग लिया। रैली के दौरान छात्र छात्रों ने गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया बच्चों ने नारे लगाते हुए अभिभावकों से अपील किया की वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें इस अभियान से ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। रैली के विद्यालय स्तर पर सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालें बच्चों को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय प्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है उन्होंने यह भी कहा कि लक्ष्य का नियंत्रण प्रयास करने से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विजय प्रकाश यादव प्रधानाध्यापक, वेद प्रकाश सिंह अध्यापक, सत्येंद्र कुमार यादव अध्यापक, आकांक्षा यादव, सुमन यादव श्यामलाल मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक उपस्थित रहे।

# जौनपुर में धूमधाम से मनी महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती, सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ सपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा जिला कार्यालय सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महात्मा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में उनके जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने जीवनभर जाति-आधारित भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया और 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना कर सामाजिक क्रांति की नींव रखी। उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें 'महात्मा' की उपाधि दी गई।

विचार गोष्ठी को पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, लालबहादुर यादव, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह सहित कई नेताओं ने संबोधित किया और महात्मा फुले के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन पर बूथ स्तर पर गहन समीक्षा कराने की बात कही। साथ ही आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टरवार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

## शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल राख, किसान को हुआ भारी नुकसान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मड़ियाहूं। स्थानीय तहसील क्षेत्र के कोलवारी स्थित भवानीगंज गांव में शनिवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के चलते गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार खेत के ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे निकली चिंगारी नीचे खड़ी और कटी हुई गेहूं की फसल पर गिर गई और आग भड़क उठी। आग लगते ही आस-पास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर अन्य ग्रामीणों को बुलाया और समर्सिबल सहित अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक करीब 7 से 8 बिस्सा जमीन में खड़ी व कटी हुई गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल शिवम सिंह और नेवढ़िया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। खेत मालिक जमालपुर निवासी किसान ओम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुटे। उन्होंने बताया कि चार भाइयों की संयुक्त जमीन में यह फसल लगी थी जिसमें बड़ा नुकसान हुआ है। इस बाबत पूछे जाने पर लेखपाल शिवम सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लगभग 4 से 5 कुंतल गेहूं की फसल का नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है, ताकि प्रभावित किसान को सरकारी मुआवजा दिलाया जा सके।

# शासन का कल्याण भी तभी है जब वह जनता का कल्याण करे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## मियां पुर गांव का नाम बदला, अब नए नाम रविंद्रनगर'से होगी पहचान





जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पलियाकलां के चंदनचौकी पहुंचे। यहां उन्होंने न केवल विकास की बयार बहाई, बल्कि दशकों से अपने हक का इंतजार कर रहे थारू जनजाति के परिवारों को जमीन का पूर्ण स्वामित्व (मालिकाना हक) सौंपा। सीएम योगी ने पलिया तहसील के 34 गांवों के 4356 थारू परिवारों को 538 हेक्टेयर जमीन के स्वामित्व संबंधी अधिकार पत्र दिए। 1976 से ये परिवार सिर्फ जमीन का उपयोग कर रहे थे, अब वे इसके मालिक बन गए हैं। इसके अलावा विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने श्लोक सुनाया। कहा कि प्रजा सुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्... यानि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी रहे। राज्य की जनता का कल्याण हो। शासन की खुशी का आधार उसकी जनता की खुशी है। यह कार्य तभी होता है जब शासन सत्ता में संवेदना होती है। बिना भेदभाव के काम हो। आज जो काम हो रहा है ये उसी संवेदना का काम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में संवेदनाओं का अभाव था। अपने परिवारवाद से ऊपर उठ पाते तो इन थारू परिवारों के बारे में सोच पाते, लेकिन जिनको समाज को बांटने से फुसरत न हो, सदैव बांटने का काम किया हो। जिन्होंने आपके संसाधन और हकों पर डकैती डालने का काम किया होगा। उनसे यह उम्मीद करना है कि वे आपको आपका अधिकार दिलाएंगे, कभी नहीं दिलाते।मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी पहचान को खत्म करने पर उतारू थे। याद करिए आपको अधिकार तो नहीं मिल पाया, आपके नौजवानों के सामने पहचान का संकट जरूर खड़ा कर दिया था। कहीं माफिया का संकट तो कहीं गुंडों का संकट, कहीं कर्फ्यू का संकट, लेकिन जिस जमीन पर आपने सपने बोए थे। आज उस सपने को डबल इंजन की सरकार ने आकार दिया है। आपको जमीन का भौमिक अधिकार दिया है।

आज वर्षों का इंतजार खत्म हुआ है। जनपद खीरी दौरे के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए जिले के मियांपुर गांव का नाम बदलकर 'रविंद्रनगर' करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुदेव के सम्मान में अब इस गांव को नए नाम से जाना जाएगा। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहचान छिपाने के लिए इस गांव का नाम मियांपुर रखा गया था, जबकि वहां एक भी 'मियां' नहीं रहता था।

### असम चुनाव 2026

सारे अपडेट्स वनइंडिया पर सीएम योगी ने जिले के विकास के लिए 213 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। चंदन चौकी में आयोजित कार्यक्रम में थारू समाज के 4356 परिवारों और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए 2350 परिवारों को कुल हजारों हेक्टेयर जमीन के भौमिक अधिकार पत्र सौंपे गए।

### गोला गोकर्णनाथ कॉरिडोर

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोला गोकर्णनाथ में भगवान महादेव का भव्य कॉरिडोर बनाया जाएगा, जिससे यह एक बड़े तीर्थ स्थल के रूप में उभरेगा। सपा सरकार के दौरान थारू जनजाति के लोगों पर दर्ज किए गए मुकदमों को वापस लेने का आश्वासन भी मुख्यमंत्री ने दिया।

# देशभक्ति, देवभक्ति एवं प्रेरणादायी अभिनय गीतों से स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

## मां शारदे विद्या मंदिर की सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की लघुनाटिका को श्रोताओं ने जमकर सराहा



12 अप्रैल 2026 को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर कपिल बाबरा झांकी ग्रुप सायं सात बजे से।

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर सायं छह बजे से स्कूली बच्चों का कार्यक्रम हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। उसके बार स्थानीय संगीत सम्मेलन में कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को देर रात तक रोके रखा। छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती 2026 के तेरहवें दिन सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों एवं स्थानीय संगीत के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं भाजपा जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान प्रधानाचार्या शशिबाला राबड़ा, विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राम मोहन सोनी, प्रधानाचार्य गुरुदेव रविन्द्रनाथ रविन्द्र भूषण सिंह, पूर्व सभासद एवं जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अरुण अवस्थी, नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल पारस प्रसाद मिश्र, समाजसेवी अजय वर्मा, समाजसेवी प्रवीण गुप्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विजय झा,भाजपा रत्न अयोध्या प्रसाद वर्मा, समाजसेवी विद्या राम गुप्ता, शायर फिरोज खान बेदिल भारती, जिला अध्यक्ष दिव्यांग यूनियन विकास कुमार, नगर महामंत्री व्यापार मंडल मुनेन्द्र पाल सिंह, जिला संगठन मंत्री व्यापार मंडल शिव कुमार सोनी, पत्रकार सतीश त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा सक्सेना एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने द्वीप प्रज्वलित कर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।इसके बाद अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी भाजपा खीरी वासुदेव मौर्य ने कहा, भाजपा सरकार सभी प्रकार की सांस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रही है। मेला चैती सौ वर्ष से अधिक होने के साथ-साथ शिव मंदिर के कारण पौराणिक महत्व भी रखता है। इसको भव्यता प्रदान करने के लिए मै पालिकाध्यक्ष को बधाई देता हूँ, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा, 'ऐतिहासिक मेला चैती आप सबके सहयोग से प्रगतिशील है। समय निकाल कर प्रतिदिन चैती मेला देखने अवश्य आए, सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ मां शारदे विद्या मंदिर की प्रेरणादायक लघुनाटिका से हुआ मां शारदे विद्या मंदिर की अनुश्री, तनवीर, आयुषी, आराध्या, निशा, जीनत, माही, मंशा, पीयूष, मानस, प्राँशू, दीपांश ने मुझे लेके चलो न और लकी गौतम, अंश, प्राँशू, मानस, अंकित, नव्या, दीपांश, मानवी, जयदेव, वर्षा, आयुषी, युवराज ने सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा का संदेश देकर जागरूक किया। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी की आकृति गुप्ता, उपास्ति डे ने युगल डांस- घर मोरे परदेसिया-आओ पधारों पिया, पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर की अनभी, जानसी तृषा, कशिश, निया, प्रभा, सेजल, शगुन, कनकलता, अनन्नया, कोमल, अवनी ने राधा कृष्ण गीत, प्रकाशदीप शिक्षा निकेतन की गुल्शी वर्मा, चिंकी शर्मा, स्तुति तिवारी, शिवेंद्र बाजपेयी, तनु कश्यप, दिव्यांशी ने वो कृष्णा है, ढोलक पर महेश आजाद और अमित कुमार, कीबोर्ड पर अली अहमद नियाजी आक्टोपैड पर मुन्ना भइया ने साथ दिया।

# सांसद उत्कर्ष वर्मा की पहल रंग लाई, ग्रांट एक्ट भूमि पर मालिकाना हक की प्रक्रिया शुरू

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



क्षेत्रीय सांसद उत्कर्ष वर्मा द्वारा संसद में उठाया गया ग्रांट एक्ट भूमि का मुद्दा अब जमीन पर असर दिखाने लगा है। एक वर्ष पूर्व लोकसभा में उठाई गई इस आवाज के बाद अब केंद्र और राज्य स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है, जिससे वर्षों से इस भूमि पर रह रहे हजारों परिवारों को मालिकाना हक मिलने की उम्मीद जगी है। जानकारी के अनुसार, सांसद उत्कर्ष वर्मा ने 27 मार्च 2025 को लोकसभा के शून्यकाल के दौरान हरिजन कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाली ग्रांट एक्ट भूमि पर निवास कर रहे बंगाली, हरिजन एवं जनजातीय किसानों को स्वामित्व अधिकार दिए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा था कि लंबे समय से इन परिवारों को भूमि पर अधिकार न मिलने के कारण वे मूलभूत सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग एवं संचार मंत्रालय के स्तर से कार्रवाई की गई। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया कि संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार भूमि से जुड़े विषय राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने 24 अप्रैल 2025 को इस मामले को उत्तर प्रदेश सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया। अब राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में प्रक्रिया तेज किए जाने से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है। वर्षों से ग्रांट एक्ट भूमि पर रह रहे परिवारों को उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही वैधानिक रूप से भूमि का मालिकाना हक प्राप्त होगा। मालिकाना अधिकार मिलने से न केवल इन परिवारों को स्थायित्व मिलेगा, बल्कि वे आवास, बिजली, पानी जैसी सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ भी उठा सकेंगे। साथ ही, क्षेत्र में विकास कार्यों को भी गति मिलने की संभावना है।स्थानीय लोगों ने सांसद उत्कर्ष वर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका कहना है कि इस पहल से वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में ठोस प्रगति हुई है।

# 80 मीटर तक घसीट कर ले गए तेंदुए ने नीलगाय को बनाया शिकार



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

जिले के उत्तर निघासन वन रेंज इलाके में एक तेंदुए ने नीलगाय का शिकार किया है। यह घटना मूर्तिहा गांव के पास हुई, जहां तेंदुए ने घूम रही एक नीलगाय को अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह मूर्तिहा निवासी अमरीक सिंह के घर के पास एक नीलगाय घूम रही थी। तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया और उसे करीब 80 मीटर दूर तक घसीट ले गया। तेंदुए ने वहीं नीलगाय को अपना शिकार बनाया। इलाके में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने वन विभाग से तत्काल तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए को पिंजरा लगाकर पकड़ा जाना चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।नीलगाय का शव देखे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महात्मा ज्योतिबा राव फुले का जीवन-दर्शन एवं सामाजिक क्रांति विषय पर संगोष्ठी आयोजित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज दिनांक 11 अप्रैल 2026 को बी.एड. विभाग द्वारा 'महात्मा ज्योतिबा राव फुले का जीवन-दर्शन एवं सामाजिक क्रांति' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को फुले के प्रगतिशील विचारों एवं सामाजिक चेतना से अवगत कराना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में बी एड विभाग के प्रशिक्षुओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से जुड़े पहलुओं पर जानकारी को साझा किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.सुभाष चंद्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महात्मा फुले के सामाजिक न्याय, स्त्री-शिक्षा एवं समतामूलक समाज के निर्माण में किए गए योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं भेदभाव के विरुद्ध सशक्त आंदोलन चलाया तथा सभी वर्गों के लिए समान शिक्षा के अधिकार की वकालत की। उनके विचार आज भी समाज को दिशा प्रदान करते हैं, इसी कारण उन्हें 'क्रांति ज्योति' के रूप में सम्मानपूर्वक स्मरण किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. विभागाध्यक्ष प्रो.विशाल द्विवेदी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। उन्होंने अपने बीज वक्तव्य में विषय की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए फुले के विचारों की समकालीन उपयोगिता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) हेमंत पाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में फुले के आदर्शों को वर्तमान समय के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके विचार सामाजिक समरसता एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने युवाओं को सामयिक समस्याओं के समाधान हेतु फुले के विचारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में प्रो. सत्यनाम,श्री धर्म नारायण एवं छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

# ककवन पुलिस की कार्रवाई: शांति भंग करने वाले दो युवक गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना ककवन पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

यह कार्रवाई अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस आयुक्त के निर्देश और पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम तथा सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के नेतृत्व में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा गठित टीम ने क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ग्राम हीरा निवादा में लड़ाई-झगड़ा कर रहे दो आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों में कन्हैया (25 वर्ष) पुत्र सुरेश और अंकित (22 वर्ष) पुत्र सुरेश, दोनों निवासी ग्राम हीरा निवादा थाना ककवन, शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170/ 126/ 135 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अमित कुमार सहाय, उपनिरीक्षक ओमवीर सिंह और महिला उपनिरीक्षक कीर्ति पाल की अहम भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# ढीले बिजली तारों से भड़की आग, गेहूं की खड़ी फसल खाक; विधायक ने मौके पर पहुंचकर लिया हालात का जायजा





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

## लापरवाही पर सख्त रुख–अधिकारियों को जांच के आदेश, पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन

बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहटा मजरा जोहरनपुरवा में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां खेतों के ऊपर से गुजर रहे ढीले बिजली तारों से निकली चिंगारी ने गेहूं की खड़ी फसल को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और किसानों की मेहनत पल भर में राख हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही बिल्हौर विधायक मोहित सोनकर(राहुल बच्चा सोनकर) बिना देर किए मौके पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित किसानों से सीधे संवाद कर नुकसान का आंकलन किया और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर ही विधायक ने कानूनगो, लेखपाल एवं बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को तलब कर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विधायक ने कहा कि किसानों की मेहनत और फसल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।घटना के बाद क्षेत्र में बिजली विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। किसानों में आक्रोश व्याप्त है और वे जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने के संकेत दिए हैं।

# वारंटी अभियुक्त अभिनव गिरफ्तार, बिल्हौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एनआई एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था आरोपी, सुबह नानामऊ अंडरपास से दबोचा गया



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिल्हौर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना बिल्हौर पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त अभिनव (26 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, कमिश्नरेट कानपुर नगर के पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त पश्चिम के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम के पर्यवेक्षण और सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को नानामऊ अंडरपासन के पास से सुबह के समय गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त अभिनव पुत्र हरीशंकर, निवासी ग्राम नानामऊ, थाना बिल्हौर, एनआई एक्ट की धारा 138 से संबंधित मुकदमा संख्या 13255/25 व 13256/25 में वांछित चल रहा था।पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ थाना बिल्हौर में अन्य आपराधिक मुकदमे भी दर्ज हैं, जिनमें बीएनएस की विभिन्न धाराएं शामिल हैं।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जनमेद सिंह और उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह शामिल रहे।

पुलिस द्वारा अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# विद्या निकेतन में वन्दे मातरम का सामूहिक गान गाया गया

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

शनिवार को स्थानीय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज गोला गोकर्णनाथ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के तत्वावधान में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय में छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिदिन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया जाता है और यह गीत देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और आत?मगौरव की भावना जाग्रत करता है।कार्यक्रम में अभिषेक कुमार - नगर प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, कौशल किशोर मिश्र-सह नगर संचालक, महेन्द्र नाथ पाठक- नगर कार्यवाह गोला नगर, कृष्णा शुक्ल - नगर मंत्री ¬क्ष्क्क हर्ष भारद्वाज - नगर सह संयोजक, अक्षय यादव नगर सह मंत्री, शुभम वर्मा एवं ¬क्ष्क्क के अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची के निरीक्षण में जुटे सपा विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश

## आराइजेशेपुर में 39 नए मतदाता जुड़े, कार्यकर्ताओं से फर्जी नाम हटाने और पात्रों के नाम जुड़वाने की अपील



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

आगामी चुनावों को लेकर बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने ग्राम आराइजेशेपुर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण किया और बूथ स्तर पर सत्यापन कार्य की समीक्षा की। विनय यादव ने गांव के पोलिंग बूथ पर नई प्रकाशित मतदाता सूची का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ (बीएलओ) एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में सामने आया कि इस बार आराइजेशेपुर गांव में 39 नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं, जिसे संगठन की सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रत्येक बूथ पर सूची का गहन मिलान किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे। साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं एवं नवविवाहित महिलाओं के नाम सूची में जुड़वाने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया। विनय यादव ने कहा, 'लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई बूथ है। यदि बूथ स्तर पर मतदाता सूची का सत्यापन सही है, तो जीत की राह आसान हो जाती है। कार्यकर्ता सजग रहकर फर्जी नाम हटवाएं और पात्र लोगों के नाम जुड़वाने का कार्य करें। इस दौरान सपा के कई स्थानीय नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। 39 नए मतदाता जुड़ने से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और इसे आगामी चुनावों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर गोष्ठी, समाज सुधार के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कानपुर ग्रामीण कार्यालय में आज महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुनींद्र शुक्ला ने की, जबकि संचालन हरि कुशवाहा द्वारा किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने साहू जी महाराज के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्हें समाज सुधार का अग्रदूत बताते हुए कहा गया कि उन्होंने शिक्षा के प्रसार, समानता और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।वक्ताओं ने कहा कि महापुरुषों के विचारों को अपनाकर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा समाज में भाईचारा और समानता को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

# बेगूसराय में छापेमारी करने गई एसटीएफ के तीन जवान घायल

## अचानक हुए बम विस्फोट की चपेट में आई पुलिस टीम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेगूसराय

बेगूसराय में दिनदहाड़े बम धमाका हुआ है। इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि स्पेशल टास्क फोर्स की टीम दरभंगा में हुए सोना लूटकांड में छापेमारी करने नावकोठी थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव गई थी। इस दौरान देसी बम में विस्फोट हुआ। इसी चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मी घायल हुए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। फौरन घायल पुलिसकर्मियों को नावकोठी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। यहां से दो पुलिसकर्मियों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



फोटो एआई

### कैसे हुआ हादसा?

दरभंगा पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम नावकोठी थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव में संजीव सिंह के घर के पीछे स्थित बगीचे में जांच कर रही थी। पुलिस को इनपुट मिला था कि लूटे गए जेवरात बगीचे में जमीन के नीचे छिपाए गए हैं। टीम डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर के साथ वहां सर्च ऑपरेशन चला रही थी, तभी अचानक झाड़ियों में छिपाकर रखा गया देसी बम ब्लास्ट हो गया। इस धमाके में एएसआई विपिन कुमार ओझा, महिला एएसआई गुड़िया कुमारी और एसटीएफ जवान मृत्युंजय कुमार समेत दो अन्य कर्मी घायल हुए। आनन-फानन में सभी को नावकोठी पीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल दो जवानों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### दो करोड़ के सोने चांदी के जेवरात लूट ले गए थे अपराधी

इधर, धमाके के बाद बम निरोधक दस्ता और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है। पुलिस ने किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी है। पुलिस का कहना है कि दरभंगा में तीन अप्रैल को प्रेम ज्वेलर्स में दो करोड़ रुपए की लूट हुई थी। ज्वेलरी शॉप के मालिक मनोज ठाकुर ने नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया था कि करीब 700 ग्राम सोना, 25 किलो चांदी और लगभग 25 लाख रुपये नकद लूट लिए गए थे। इसके बाद पुलिस ने इस लूटकांड से जुड़े 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं करीब 44 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए थे। दरभंगा एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि इस मामले में आठ किलो 630 ग्राम चांदी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपये है, और 156.44 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। कुल बरामद गहनों की कीमत करीब 44 लाख रुपये आंकी गई है। यह बरामदगी बेगूसराय जिले के वृन्दावन स्थित संदीप सिंह के घर से की गई, जहां गहनों को मिट्टी खोदकर गड्ढे में छुपाया गया था। इस दौरान संदीप सिंह, उसकी मां उषा देवी और पिता संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया।

---

## लेफ्ट की कार्बन कॉपी बन गई है टीएमसी: मुर्शिदाबाद में बरसे पीएम मोदी, कहा,

# घुसपैठियों की सरकार का अंत तय



■ पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, 'कट मनी' और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था

### बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी। लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है। बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेगा। हम पश्चिम बंगाल में बंगालियों को अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे।

### शरणार्थियों को नागरिकता की गारंटी: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

### सिल्क किसानों की बदहाली पर पीएम ने क्या कहा?

मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध सिल्क उद्योग पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी की अनदेखी के कारण यहां के किसानों का भविष्य बर्बाद हो गया है। टीएमसी बंगाल के मूल निवासियों को अल्पसंख्यक बनाने पर तुली है, जिसे भाजपा कभी सफल नहीं होने देगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी किया गया भाजपा का चुनावी घोषणापत्र, पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 'महाजंगलराज' को खत्म करने का एक रोडमैप है।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कोलकाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब 'भय' से ऊब चुकी है और 'भरोसे' की ओर बढ़ रही है। घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, 'कट मनी' और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

---

## ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती: राष्ट्रपति समेत कई नेताओं ने किया नमन

# पीएम बोले, उनके विचार आज भी मार्गदर्शक



### पीएम मोदी ने बताया, फुले आज भी प्रेरणा स्रोत

पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा फुले केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आज भी भारत के भविष्य के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि फुले ने अपना जीवन समानता, न्याय और शिक्षा के लिए समर्पित किया और महिलाओं व वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष की मजबूत नींव रखी। प्रधानमंत्री ने यह भी जोर दिया कि उनके विचार आज के भारत में 'सबका साथ, सबका विकास' जैसे संकल्पों में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

### पीएम मोदी और राहुल गांधी के बीच हुई बातचीत

संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच संक्षिप्त बातचीत भी हुई। दोनों नेताओं ने इस मौके पर आपसी शिष्टाचार के साथ अभिवादन किया।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर देश के शीर्ष नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी प्रेरणा स्थल पहुंचकर महात्मा फुले को पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महात्मा फुले को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके समाज सुधार के योगदान को याद किया।

### पीएम मोदी ने लिखा लेख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी ने कहा कि ज्योतिराव फुले ने अपना पूरा जीवन समानता, न्याय और शिक्षा के मूल्यों के प्रति समर्पित कर दिया। वे ही थे जिन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष की शुरुआत की।

### कई दिग्गज नेता रहे मौजूद

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित कई नेता मौजूद रहे। सभी ने प्रेरणा स्थल पर एकत्र होकर महात्मा फुले के विचारों और उनके सामाजिक योगदान को स्मरण किया। संसद परिसर स्थित प्रेरणा स्थल पर आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नेताओं ने महात्मा फुले के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

---

# देश को मिलेगी एक और नई वंदे भारत स्लीपर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



हाल ही में बैंगलोर सेंट्रल से भाजपा सांसद पी.सी. मोहन ने बेंगलुरु और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए रेल मंत्री को पत्र लिखा था। इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए रेल मंत्री ने न सिर्फ प्रस्ताव पर विचार किया, बल्कि इसे मंजूरी भी दे दी। यह ट्रेन दक्षिण और पश्चिम भारत के दो बड़े आर्थिक केंद्रों को जोड़ने वाली पहली वंदे भारत स्लीपर सेवा होगी। सांसद पी.सी. मोहन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पत्र को साझा करते हुए इस नई सेवा की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कर्नाटक और बेंगलुरु की जनता की तरफ से मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेल राज्यमंत्री वी. सोमन्ना को बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को मंजूरी देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। इस ट्रेन के शुरू होने से दोनों शहरों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और यात्रियों को बेहतर व सुविधाजनक सफर का लाभ मिलेगा। जानकारी के मुताबिक, यह नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन केएसआर बेंगलुरु और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के बीच संचालित होगी। नारंगी और ग्रे रंग की यह अत्याधुनिक ट्रेन बीईएमएल ने विकसित की है, जिसमें चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री की उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस ट्रेन का संचालन और रखरखाव दक्षिण पश्चिम रेलवे जोन द्वारा किया जाएगा। यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन होगी। इससे पहले जनवरी 2026 में हावड़ा और कामाख्या के बीच पहली वंदे भारत स्लीपर सेवा शुरू की गई थी, जिसने दोनों शहरों के बीच यात्रा समय को करीब छह घंटे तक कम कर दिया है।

### साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था जैसी सुविधाएं मिलेंगी

दरअसल, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को खासतौर पर रात के सफर को आरामदायक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें आधुनिक बर्थ, बेहतर लाइटिंग, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था जैसी सुविधाएं मिलेंगी। यह नई सेवा न केवल यात्रा समय को कम करेगी, बल्कि मुंबई और बेंगलुरु जैसे व्यस्त रूट पर यात्रियों को प्रीमियम और आरामदायक सफर का विकल्प भी देगी। रेलवे विभाग जल्द ही इसके शेड्यूल और टिकट बुकिंग से जुड़ी विस्तृत जानकारी जारी करेगा। वर्तमान में मुंबई और बेंगलुरु के बीच की दूरी तय करने में सामान्य सुपरफास्ट ट्रेनों को 20 से 24 घंटे का समय लगता है। वंदे भारत स्लीपर अपनी 160 किमी/घंटा की टॉप स्पीड के कारण इस सफर को महज 12 से 15 घंटे में पूरा कर देगी।

### इस साल 12 स्लीपर वंदे भारत ट्रेन ट्रैक पर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, इस साल के अंत तक कुल 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें शुरू कर दी जाएंगी। पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के लॉन्च के दौरान उन्होंने बताया था कि अक्टूबर तक 8 ट्रेनें शुरू हो जाएंगी और साल के अंत तक इनकी संख्या बढ़कर 12 हो जाएगी।

---

# चुनाव आयोग ने तमिलनाडु के गृह सचिव का तबादला किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु के गृह सचिव धीरज कुमार का तबादला करने का आदेश दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के मनिवसन को नियुक्त किया गया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि धीरज कुमार को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनाव संबंधी पद पर तैनात नहीं किया जाएगा। मनिवसन को तत्काल कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

### चुनाव आयोग को बदलाव क्यों करना पड़ा?

गृह सचिव बदलने का यह फैसला राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। बता दें कि आयोग धीरज कुमार को हटाने से पहले भी कई महत्वपूर्ण तबादले कर चुका है। तबादलों में राज्य के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। आयोग की तरफ से जारी बयान के मुताबिक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कराए जाने से पहले प्रशासनिक ढांचे में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त का तबादला

धीरज कुमार से पहले, निर्वाचन आयोग ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव एन मुरुगानंदम का भी तबादला किया था। उनकी जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम साई कुमार को नियुक्त किया गया था। इसी तरह, ग्रेटर चेन्नई पुलिस आयुक्त ए अरुण का भी तबादला किया गया था। उनकी जगह 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी अभिन दिनेश को नियुक्त किया गया है। सभी तबादले राज्य में आगामी चुनावों के मद्देनजर किए गए हैं।

### आयोग के सख्त निर्देश

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव संबंधी पदों पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्षता बनाए रखनी होगी। किसी भी प्रकार की शिकायत या अनियमितता पर आयोग सख्त कार्रवाई करेगा। इन तबादलों का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाना है। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निर्देशों का पालन करने को कहा है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों।

---

## बंगाल की जनसभा में अमित शाह की हुंकार: गृह मंत्री ने सीएम ममता को घेरा, कहा, भाजपा मिटाएगी टीएमसी का सिंडिकेट राज



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच भाजपा ने एक बार फिर ममता सरकार पर बड़ा हमला बोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बांकुड़ा के ओंडा में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो टीएमसी का सिंडिकेट राज खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अब बंगाल में बदलाव का समय आ गया है और जनता जल्द फैसला करेगी। अमित शाह ने अपने भाषण में टीएमसी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में हर काम के लिए लोगों को कटमनी देनी पड़ती है और सिंडिकेट के बिना कोई काम नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार आने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और अपराधियों को सजा दी जाएगी।

### क्या बोले अमित शाह?

शाह ने कहा कि बंगाल में सीमेंट, बालू या अन्य सामान खरीदने तक के लिए सिंडिकेट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सिस्टम लोगों को परेशान कर रहा है। शाह ने जनता से अपील की कि भाजपा को वोट देकर इस व्यवस्था को खत्म करें और पारदर्शी शासन लाएं।

### महिलाओं की सुरक्षा पर भी उठाए बड़े सवाल?

उन्होंने ममता सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं और कई मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं को 24 घंटे सुरक्षा दी जाएगी और दोषियों को सख्त सजा मिलेगी।

### निष्पक्ष मतदान पर दिया भरोसा?

उन्होंने दावा किया कि बंगाल में 300 से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है और भाजपा सरकार बनने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। शाह ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है और किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बंगाल विधानसभा की 294 सीटों पर चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। ऐसे में राज्य में सियासी बयानबाजी और तेज हो गई है।

### किसानों और घुसपैठ के मुद्दे पर क्या कहा?

शाह ने आलू किसानों की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी उपज को पूरे देश में भेजा जाएगा ताकि उन्हें बेहतर कीमत मिल सके। साथ ही उन्होंने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि देश कोई 'धर्मशाला' नहीं है और भाजपा सरकार बनने पर घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा।

---

## पुणे में बड़ा विमान हादसा टला: बाल-बाल बचे मंत्री छगन भुजबल, पार्किंग में उतारना पड़ा हेलीकॉप्टर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे

महाराष्ट्र के कद्दावर नेता और कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल एक हवाई हादसे में बाल-बाल बचे हैं। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फुला दिए। दरअससल, पुणे जिले के पुरंदर तहसील में भुजबल को लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में एक बड़ी चूक की खबर सामने आई है। पायलट ने हेलीकॉप्टर को निर्धारित हेलीपैड पर उतारने के बजाय पास ही स्थित गाड़ियों की पार्किंग में उतार दिया।

### बाल-बाल बची जान

पार्किंग जैसे संकरे क्षेत्र में हेलीकॉप्टर उतारना बेहद जोखिम भरा था। हेलीकॉप्टर के घूमते हुए पंखे वहां मौजूद निर्माणों या किसी वाहन से टकरा सकते थे, जो एक बड़े धमाके या हादसे का कारण बन सकता था। गनीमत रही कि पायलट ने बिना किसी टक्कर के लैंडिंग करा ली। हेलीकॉप्टर के रुकते ही सुरक्षाकर्मी तुरंत उस ओर दौड़े। मंत्री भुजबल और अन्य यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### जांच के घेरे में पायलट

इस घटना के बाद छगन भुजबल के कार्यालय ने कड़ा रुख अपनाया है। सुरक्षा एजेंसियों ने मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह केवल पायलट की मानवीय भूल थी या फिर नेविगेशन सिस्टम में कोई तकनीकी खराबी आई थी। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि वीवीआईपी मूवमेंट में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। छगन भुजबल ने खुद मीडिया से बात करते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है, मैं पूरी तरह सुरक्षित हूं और कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं।

### कैसे हुआ यह वाकया?

मंत्री छगन भुजबल नासिक से खानवडी पुरंदर जा रहे थे। वहां वे महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई दिग्गज नेताओं का पहुंचना तय था। वीवीआईपी आगमन को देखते हुए प्रशासन ने वहां एक विशेष हेलीपैड तैयार किया था। हालांकि, लैंडिंग के वक्त पायलट को भ्रम हो गया। बताया जा रहा है कि पार्किंग क्षेत्र खाली होने के कारण पायलट उसे ही लैंडिंग साइट समझ बैठा और वहीं हेलीकॉप्टर उतार दिया।

---

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच विदेश सचिव का पेरिस-बर्लिन दौरा, ऊर्जा-रक्षा पर अहम चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री तीन दिवसीय यूरोप दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान वे फ्रांस की राजधानी पेरिस और जर्मनी की राजधानी बर्लिन में उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगे।

### ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर फोकस

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरे में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और रक्षा जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। खासतौर पर पश्चिम एशिया संकट का ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ने वाला असर वार्ता का प्रमुख विषय रहेगा।



### फ्रांस में व्यापक रणनीतिक बातचीत

पेरिस में विक्रम मिस्री, फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के महासचिव मार्टिन ब्रिएंस के साथ भारत-फ्रांस विदेश कार्यालय परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे।

### जर्मनी में व्यापार और तकनीक पर जोर

इसके बाद बर्लिन में मिस्री, जर्मन विदेश कार्यालय के राज्य सचिव गेज़ा एंड्रियास वॉन गेयर के साथ भारत-जर्मनी वार्ता का नेतृत्व करेंगे। यहां व्यापार, निवेश, ग्रीन एनर्जी, तकनीक, शिक्षा और विकास सहयोग जैसे मुद्दों पर फोकस रहेगा।

### अमेरिका दौरे के बाद अहम कूटनीतिक पहल

यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब हाल ही में विक्रम मिस्री अमेरिका यात्रा से लौटे हैं, जहां उन्होंने कई वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा भारत के वैश्विक कूटनीतिक संतुलन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

## 'भारत के लिए शांति जरूरी': शशि थरूर बोले, ईरान-अमेरिका शांति वार्ता में पाकिस्तान की भूमिका अलग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ईरान-अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से भारत सरकार पर उठते सवालों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि किसी तरह की कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हैं, क्योंकि इसमें (मध्यस्थता) में भारत और पाकिस्तान के लिए परिस्थितियां अलग-अलग हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'पाकिस्तान ईरान का पड़ोसी देश है। उसकी सीमा 900 किलोमीटर लंबी है और लगभग चार करोड़ शिया



पाकिस्तानी हैं। इसलिए उसका इस मध्यस्थता में शामिल होना, एक अलग विषय है। अगर फिर से ईरान में हमले हुए तो शरणार्थी भी पाकिस्तान ही जाएंगे।' पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान बातचीत पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह पाकिस्तान ही कर सकता है, क्योंकि वह अमेरिका के इशारे पर ऐसा कर रहा है।

### पाकिस्तान ही निभा सकता है ऐसी भूमिका : शशि थरूर

थरूर ने कहा, 'पाकिस्तान के वॉशिंगटन के साथ जिस तरह के रिश्ते हैं, वे ऐसे हैं कि वॉशिंगटन ने उनसे ऐसा (मध्यस्थता) करने को कहा है। कुछ आरोप ऐसे भी हैं कि वॉशिंगटन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को उनका मैसेज (एक्स पोस्ट) भी लिखकर दिया, क्योंकि उसकी हेडिंग थी 'ड्राफ्टः एक्स पर पाकिस्तान के पीएम का मैसेज'। पोस्ट के लिए जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हुआ, वह भी वॉशिंगटन वाली भाषा थी।' उन्होंने कहा, 'कुछ शब्द ऐसे थे, जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस्तेमाल किया था। इसलिए इस मामले में पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ जिस तरह की भूमिका निभाई है, वह सिर्फ पाकिस्तान ही कर सकता है।